RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 11 अंक 342
नई दिल्ली, शुक्रवार, 20 अक्टूबर, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

3 राजधानी — नमो भारत के नाम से जानी जाएगी नई रैपिडएक्स
6 अभिमत — श्रीलंका में आर्थिक पुनर्जीवन का मार्ग
10 विदेश — जयशंकर ने सिंगापुर के रक्षामंत्री से मुलाकात की
12 स्पोर्ट्स — सिंधू डेनमार्क ओपन के क्वार्टर फाइनल में

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



पांच हजार शिशु गृह आरंभ करेगी सरकार

राष्ट्रीय-11

# भारत ने बांग्लादेश को रौंदा

● कोहली का शतक, टीम इंडिया ने विरोधी टीम को सात विकेट से हराया

**भाषा।** पुणे




**विराट** कोहली ने विजई छक्का जड़कर अपने वनडे करियर का 48वां शतक पूरा किया जिससे भारत ने गुरुवार को यहां बांग्लादेश को 51 गेंद शेष रहते हुए सात विकेट से हराकर एकदिवसीय विश्व कप में अपना विजय अभियान जारी रखा। रोहित शर्मा (40 गेंद पर 48 रन) और शुभमन गिल (55 गेंद पर 53 रन) में पहले विकेट के लिए 88 रन जोड़कर भारत को अच्छी शुरुआत दिलाई।

इसके बाद कोहली का बल्ला चला और उन्होंने 97 गेंद पर नाबाद 103 रन बनाए जिसमें छह चौके और चार छक्के शामिल हैं। उन्होंने केएल राहुल (नाबाद 34) के साथ चौथे विकेट के लिए 83 रन जोड़कर भारत का स्कोर 41.3 ओवर में तीन विकेट पर 261 रन तक पहुंचाया। बांग्लादेश पहले बल्लेबाजी करते हुए अच्छी शुरुआत के बावजूद आठ विकेट पर 256 रन ही बना पाया। उसकी तरफ से लिटन दास ने 66, उनके सलामी जोड़ीदार तंजीद हसन ने 51 और महमुदुल्लाह ने 46 रन का योगदान दिया। भारत की तरफ से जसप्रीत बुमराह, रविंद्र जडेजा और मोहम्मद सिराज ने दो-दो विकेट लिए। भारत की लगातार यह चौथी जीत है जिससे उसने सेमीफाइनल में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को पंख लगाए। भारत ने चार मैच में चार जीत से न्यूजीलैंड की बराबरी कर ली है लेकिन कीवी टीम बेहतर रन रेट के आधार पर शीर्ष पर बनी हुई है। मैच के अंतिम क्षणों में सभी की निगाहें इस पर टिकी थी कि कोहली शतक पूरा कर पाएंगे या नहीं। राहुल ने अपने बल्ले पर अंकुश लगाया जबकि कोहली ने अपने पास स्ट्राइक रखी। उन्होंने हसन महमूद और नासुम अहमद पर छक्के जड़कर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे कम पारियों में 26000 रन पूरे किए।

कोहली ने नासुम पर विजई छक्का लगाया और सचिन तेंदुलकर के 49 शतकों के रिकॉर्ड की तरफ कदम बढ़ाए। भारतीय पारी के शुरू में रोहित आक्रामक मूड में थे। उन्होंने शोरिफुल इस्लाम के पारी के पहले ओवर में दो चौके और इसी गेंदबाज के अगले ओवर में अपने पसंदीदा पुल शॉट से छक्का जड़ा। वह हालांकि बड़ी पारी नहीं खेल पाए। हसन महमूद पर गगनदाई छक्का लगाने के बाद अगली शॉर्ट पिच गेंद पर वह सीमा रेखा पर कैच दे बैठे। रोहित ने सात चौके और दो छक्के लगाए। इस बीच सहयोगी की भूमिका निभा रहे गिल ने बाएं हाथ के स्पिनर नासुम अहमद पर दो छक्के लगाकर आत्मविश्वास जगाया और फिर मुस्तफिजुर रहमान के ओवर में तीन चौके लगाए। रोहित की जगह उतरे कोहली ने हसन महमूद की फ्री हिट वाली गेंद को छह रन के लिए भेजकर 13वें ओवर (शेष पेज 9)

# फलस्तीन को मदद जारी रहेगी: पीएम मोदी

● प्रधानमंत्री मोदी ने फलस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बास से बात की, अस्पताल पर हुए हमले में लोगों की मौत पर संवेदना व्यक्त की

● भारत ने दोनों पक्षों से मानवीय कानून का कड़ाई से पालन करने का आह्वान किया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने गाजा के एक अस्पताल में हुए हमले में 500 से अधिक लोगों की मौत पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि इस कृत्य में शामिल लोगों को जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए। उन्होंने बृहस्पतिवार को फलस्तीनी प्राधिकरण के राष्ट्रपति से मौतों पर संवेदना व्यक्त की। मोदी ने यह भी कहा कि भारत फलस्तीन के लोगों के लिए मानवीय सहायता भेजना जारी रखेगा।

मोदी ने सोशल मीडिया पर एक संदेश में कहा कि फलस्तीनी प्राधिकरण के राष्ट्रपति एच.ई. से फोन पर बात की। महमूद अब्बास. गाजा के अल अहली अस्पताल में नागरिकों की मौत पर अपनी संवेदना व्यक्त की। हम फ़लस्तीनी लोगों के लिए मानवीय सहायता भेजना जारी रखेंगे। क्षेत्र में आतंकवाद, हिंसा और बिगड़ती सुरक्षा स्थिति पर अपनी गहरी चिंता साझा की। उन्होंने इजराइल-फलस्तीन मुद्दे पर भारत की लंबे समय से चली आ रही सैद्धांतिक स्थिति को दोहराया। मोदी ने कहा, हम फलस्तीन के लोगों के लिए मानवीय सहायता भेजना जारी रखेंगे। क्षेत्र में आतंकवाद, हिंसा और बिगड़ती सुरक्षा स्थिति पर अपनी गहरी चिंता साझा की। मंगलवार को गाजा के अल-अहली अरब अस्पताल में हुए विस्फोट में लगभग 500 लोगों के मारे जाने की खबर है। फलस्तीनी अधिकारियों ने विस्फोट के लिए इजराइल के हवाई हमले को जिम्मेदार ठहराया, लेकिन इजराइल ने कहा कि वह इसमें शामिल नहीं है और विस्फोट असफल रहे एक फलस्तीनी रॉकेट के कारण हुआ। फलस्तीनी समाचार एजेंसी वाफा की खबर के अनुसार अब्बास को प्रधानमंत्री मोदी ने फोन किया और इस दौरान दोनों नेताओं ने फलस्तीन में ताजा घटनाक्रम और गाजा पर इजराइली हमले को तत्काल समाप्त करने के महत्व पर चर्चा की।

खबर के अनुसार अब्बास ने गाजा में फलस्तीनी लोगों को मानवीय सहायता, चिकित्सा आपूर्ति, भोजन और पानी तथा बिजली की पहुंच सुनिश्चित करने के महत्व पर जोर दिया। खबर के अनुसार मोदी ने अंतरराष्ट्रीय कानून के आधार पर शांति के लिए भारत के मजबूत समर्थन की पुष्टि की और इन कठिन समय के दौरान फलस्तीनी लोगों के साथ अपनी एकजुटता व्यक्त की। मोदी ने क्षेत्र में स्थाई शांति हासिल करने के लिए बातचीत और संवाद करने के महत्व पर जोर दिया। गाजा में एक अस्पताल पर हमले में बड़ी संख्या में लोगों के मारे जाने पर दुख व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने बुधवार को कहा था कि जारी संघर्ष में नागरिकों का हताहत होना गंभीर चिंता का विषय है। मोदी ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में कहा था, गाजा के अल अहली अस्पताल में लोगों की दुखद मौत से गहरा सदमा लगा है। पीड़ित परिवारों के प्रति हमारी हार्दिक संवेदनाएं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना।

प्रधानमंत्री ने कहा था, जारी संघर्ष में आम नागरिकों का हताहत होना गंभीर और निरंतर चिंता का विषय है। इसमें शामिल लोगों को जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए। गाजा के एक अस्पताल में विस्फोट में लगभग 500 लोगों की मौत के कुछ दिनों बाद, भारत ने बृहस्पतिवार को अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून का सख्ती से पालन करने का आह्वान किया और इजराइल-हमास संघर्ष में नागरिकों के हताहत होने पर चिंता व्यक्त की। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने सात अक्टूबर को इजराइल के शहरों पर हमास के हमले का जिक्र करते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय को सभी तरह के आतंकवाद से निपटने के लिए एक साथ खड़ा होना चाहिए। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन अजय के तहत तेल अवीव से (शेष पेज 9)

## षष्ठं कात्यायनी



**चंद्रहासोज्वलकरा शार्दूलवरवाहना।**
**कात्यायनी शुभं दद्यादेवी दानवघातिनी॥**

**नवरात्र** में छठे दिन मां कात्यायनी की पूजा की जाती है। इनकी उपासना और आराधना से भक्तों को बड़ी आसानी से अर्थ, धर्म, काम और मोक्ष चारों फलों की प्राप्ति होती है। उसके रोग, शोक, संताप और भय नष्ट हो जाते हैं। जन्मों के समस्त पाप भी नष्ट हो जाते हैं। इन देवी को नवरात्र में छठे दिन पूजा जाता है। कात्य गोत्र में विश्वप्रसिद्ध महर्षि कात्यायन ने भगवती पराम्बा की उपासना की। कठिन तपस्या की। उनकी इच्छा थी कि उन्हें पुत्री प्राप्त हो। मां भगवती ने उनके घर पुत्री के रूप में जन्म लिया। इसलिए यह देवी कात्यायनी कहलाईं। इनका गुण शोधकार्य है। इसीलिए इस वैज्ञानिक युग में कात्यायनी का महत्व सर्वाधिक हो जाता है। इनकी कृपा से ही सारे कार्य पूरे जो जाते हैं। यह वैद्यनाथ नामक स्थान पर प्रकट होकर पूजी गईं।

# बदली तस्वीर, पश्चिम एशिया को मिल रहा समर्थन

● अस्पताल पर हमले के बाद फलस्तीन को मानवीय मदद देने की मांग हुई प्रबल, साथ ही जंग को खत्म करने लिए राष्ट्र प्रमुखों के प्रयास हुए तेज

**एजेंसी।** खान यूनिस



गाजा पट्टी में इजराइली हवाई हमले के बाद उठता धुआं।

**गाजा** में एक दिन पहले अस्पताल हुए हमले में सैकड़ों लोगों के जान गंवाने के बाद तस्वीर बदल रही है। इजराइल के साथ खड़े नजर आए कई देशों ने फलस्तीन में मानवीय मदद और राहत पहुंचाने की वकालत की है। इस दिशा में प्रयास भी किए जा रहे हैं।

इस संबंध में अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा कि मिस्र के राष्ट्रपति गाजा पट्टी के लोगों तक मानवीय सहायता पहुंचाने के वास्ते 20 ट्रकों को अनुमति देने के लिए गाजा में अपनी सीमा को खोलने पर सहमत हो गए हैं। बाइडन ने कहा कि उन्होंने इजराइल की अपनी यात्रा के बाद मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सिसी से बात की, जहां देश के नेता मानवीय सहायता की अनुमति देने पर सहमत हुए। व्हाइट हाउस के अधिकारियों ने कहा कि आगामी दिनों में लोगों तक मानवीय सहायता पहुंच पाएगी।

बाइडन ने अपनी इजराइल यात्रा के बाद कहा कि इजराइल बेहद पीड़ित रहा है लेकिन उसे गाजा में उन लोगों के कष्टों को दूर करने का अवसर तलाशना चाहिए। बाइडन ने बुधवार को इजराइल से वापस जाते समय संवाददाताओं से कहा, इजराइल बेहद पीड़ित रहा है। लेकिन सच्चाई ये है कि अगर उसे उन लोगों के कष्टों को दूर करने का अवसर मिले तो उसे उनकी मदद जरूर करनी चाहिए। अगर इजराइल (शेष पेज 9)

# आसान नहीं इंडिया गठबंधन की राह

● मप्र में सीट बंटवारे पर कांग्रेस व सपा में बातचीत टूटने के बाद चार माह पुराने विपक्षी गठबंधन के घटक दलों में दिख रहा तनाव

**दीपक कुमार झा।** नई दिल्ली

**आगामी** माह में होने वाले विधानसभा चुनावों के चलते मध्य प्रदेश में कांग्रेस-समाजवादी पार्टी की सीटों के बंटवारे पर बातचीत टूटने के बाद इंडिया गठबंधन के बैनर तले विपक्षी दलों के चार महीने पुराने गठबंधन के प्रमुख घटकों के बीच स्पष्ट रूप से तनावपूर्ण संबंध दिखाई दे रहे हैं। जहां कांग्रेस उत्तर प्रदेश में सीट-बंटवारे की बातचीत में सपा द्वारा 'बड़े भाई' की भूमिका निभाने से नाखुश है, वहीं अखिलेश यादव के नेतृत्व वाली सपा मध्य प्रदेश विधानसभा चुनावों में कांग्रेस पर ऐसा ही आरोप लगा रही है, जिसमें 230 विधानसभा सीटें हैं।

दिलचस्प बात यह है कि इंडिया गठबंधन में एक और प्रमुख घटक आम आदमी पार्टी (आप) भी चुनाव वाले राज्यों मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और अब मिजोरम में अपने उम्मीदवारों की घोषणा करने के लिए तैयार है। कांग्रेस, सपा और आप के सूत्रों ने कहा कि गठबंधन वार्ता के स्पष्ट रूप से टूटने से 2024 के लोकसभा चुनावों में उत्तर प्रदेश में इंडिया गठबंधन की योजनाओं पर असर पड़ सकता है, जिसके लिए गठबंधन को भाजपा की पूरी ताकत से मुकाबला करने के लिए तैयार किया गया है।

कांग्रेस महत्वपूर्ण मध्य प्रदेश में अपने उम्मीदवारों की घोषणा करने में आगे बढ़ गई है, जहां वह 2018 में पिछले चुनावों में विजेता बनकर उभरी थी, वहीं सपा ने भी राज्य में नौ उम्मीदवारों की घोषणा की है। सूत्रों ने कहा कि वह अंतत: लगभग 40 उम्मीदवारों को मैदान में उतार सकती है। 2018 के विधानसभा चुनाव में सपा को एमपी में सिर्फ एक सीट पर जीत मिली थी। सूत्रों ने कहा कि सपा छत्तीसगढ़ में भी उम्मीदवार उतारने की योजना बना रही है। इससे कांग्रेस के साथ उसके रिश्ते और तनावपूर्ण हो सकते हैं। उत्तर प्रदेश में सपा कांग्रेस के लिए 2-3 से ज्यादा लोकसभा सीटें छोड़ने को तैयार नहीं है। उत्तर प्रदेश लोकसभा चुनावों में एक महत्वपूर्ण राज्य है क्योंकि यह सबसे अधिक 80 सांसद चुनता है और भाजपा 2014 और 2019 दोनों आम चुनावों में राज्य में बड़ी जीत हासिल कर रही है।

अखिलेश यादव ने इस संबंध में मीडिया के एक सवाल के जवाब में कहा कि कांग्रेस को स्पष्ट करना चाहिए कि क्या इंडिया गठबंधन राष्ट्रीय स्तर पर है या राज्य स्तर पर है। यदि यह राज्य स्तर पर नहीं है तो भविष्य में अन्य राज्यों के स्तर पर भी नहीं होगा। मैं 2024 में यूपी के लिए सीट बंटवारे के समझौते की फर्जी मीडिया रिपोर्टें सुनता रहता हूं। मैं कहना चाहता हूं कि सपा पूरी जिम्मेदारी के साथ यूपी की सभी 80 सीटों पर भाजपा को हराने की रणनीति तैयार कर रही है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ ने कहा कि इंडिया गठबंधन (शेष पेज 9)



विश्व कप क्रिकेट

● आज: ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान
● बेंगलुरु में दोपहर दो बजे से

## क्विक न्यूज

### कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री शिवकुमार की याचिका खारिज

**बेंगलुरु।** कर्नाटक उच्च न्यायालय ने आय से अधिक संपत्ति के मामले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की प्राथमिकी को चुनौती देने वाली उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार की याचिका बृहस्पतिवार को खारिज कर दी। न्यायमूर्ति के नटराजन ने इस मामले में पहले सुनवाई पूरी करने के बाद फैसला सुरक्षित रखा लिया था और उन्होंने बृहस्पतिवार को फैसला सुनाया। उच्च न्यायालय ने इस मामले में सीबीआई को तीन महीने के भीतर जांच पूरी करने और रिपोर्ट दाखिल करने का भी निर्देश दिया।

# शतायु हुए सबके चहेते वीएस

● जीवन रक्षक प्रणाली पर हैं माकपा के एकमात्र जीवित संस्थापक और केरल के पूर्व मुख्यमंत्री

● वीएस केरल के वही थे जो बंगाल के लिए ज्योति बसु थे

**कुमार चेलप्पन।** कोच्चि



वीएस अच्युतानंद का फाइल चित्र

**वेलिक्ककथु** शंकरन अच्युतानंदन नाम केरल के लोगों को भी अजीब और अपरिचित लग सकता है। लेकिन अगर आप वीएस अच्युतानंदन या सिर्फ वीएस कहें, तो यह निश्चित है कि उनके प्रतिद्वंद्वी भी प्रशंसा के साथ मुस्कुराने लगेंगे।

माकपा के एकमात्र जीवित संस्थापक सदस्य अच्युतानंदन गुरुवार को 100 साल के हो गए। 23 अक्टूबर, 1923 को बोएन के बाद, अच्युतानंदन ने 18 मई 2006 को 83 वर्ष की आयु में केरल के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली, जो उन्हें राज्य के शीर्ष पद पर पहुंचने वाले सबसे उम्रदराज राजनेता बनाता है। दिलचस्प बात यह है कि यह उनका करिश्मा और ईमानदारी ही थी जिसने उन्हें मुख्यमंत्री की कुर्सी तक पहुंचाया।

2006 के विधानसभा चुनाव में उन्हें उम्मीदवार के रूप में खड़ा करने के खिलाफ माकपा में एक मजबूत अच्युतानंदन विरोधी लांबी काम कर रही थी। लेकिन केरल में उनकी उम्मीदवारी की मांग को लेकर माकपा में विद्रोह हुआ और बाकी इतिहास है। हालांकि 2006 से 2011 के दौरान मुख्यमंत्री के रूप में उनका कार्यकाल कमज़ोर रहा, क्योंकि पार्टी के आकाओं ने उन्हें महत्वपूर्ण गृह विभाग देने से इनकार कर दिया था। अच्युतानंदन माकपा के गोपनीय समूह का शिकार थे।

मजबूत नैतिक मूल्यों वाला संगठन होने का दावा करने वाली पार्टी में आंतरिक गुटों और आपसी खींचतान की कोई कमी नहीं थी। नायर बनाम ईझावास, ईझावास बनाम थियास और त्रावणकोर गुट बनाम मालाबार गुट एक दूसरे के खिलाफ लड़ते हैं। 1996 के विधानसभा चुनाव में अच्युतानंदन मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार थे। हालांकि माकपा के नेतृत्व वाले एलडीएफ ने चुनाव जीत लिया, लेकिन अच्युतानंदन को अपने निर्वाचन क्षेत्र में करारी हार का सामना करना पड़ा क्योंकि पार्टी में उनके विरोधी गुट ने मैदान खींच लिया और इसके परिणामस्वरूप ई के नयनार को तीसरी बार मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेनी पड़ी। वीएस उन 32 सदस्यों में से एक (शेष पेज 9)

# मोदी के नेतृत्व में हम देख रहे नया भारत: योगी

● सीएम ने कहा, बेटे और बेटियों में कोई भेदभाव नहीं है और उनकी सरकार ने मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के तहत मिलने वाली धनराशि को 15,000 से बढ़ाकर 25,000 रुपए कर दिया है

**पायनियर समाचार सेवा।** हाथरस/लखनऊ



हाथरस में आयोजित नारी शक्ति वंदन महिला सम्मेलन में उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 177.29 करोड़ लागत की 214 लोक-कल्याणकारी परियोजनाओं की दी।

**उत्तर** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को पिछले साढ़े नौ साल में देश में बदलाव आने और साढ़े छह साल में उत्तर प्रदेश में परिवर्तन आने का दावा करते हुए कहा, आज हम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एक नया भारत देख रहे हैं।

आज के भारत में, जाति, पंथ, धर्म, क्षेत्र, भाषा या लिंग के आधार पर किसी के साथ कोई भेदभाव नहीं है। हाथरस में आयोदित एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि जिस तरह से हाल के एशियाई खेलों में पश्चिमी उत्तर प्रदेश की महिला खिलाड़ियों ने कमाल किया उसी तरह से हाथरस की बेटियों को भी आगे बढ़ना चाहिए। राज्य सरकार के एक प्रवक्ता ने यहां बताया कि आदित्यनाथ 177.29 करोड़ रुपए की 214 विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने एवं विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित करने के लिए हाथरस में थे।

उन्होंने हाथरस में आयोजित नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम को संबोधित करते कहा, डबल इंजन सरकार की सोच विकास की सोच है। इसके तहत सरकार सड़क, पेयजल और स्टेडियम समेत अपने सभी कार्यक्रमों को आगे बढ़ा रही है। हम चाहते हैं कि जिस तरह से पश्चिमी उत्तर प्रदेश की बेटियों ने एशियाई खेलों में कमाल किया, उसी तरह से हाथरस जिले की बेटियां भी आगे बढ़ें। आदित्यनाथ ने कहा, हमारी सरकार ने तय किया है कि एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक लाने वाली बेटियों को हम पुलिस उपाधीक्षक (शेष पेज 9)

# गाजियाबाद में युवक की दिनदहाड़े गोलियां बरसाकर हत्या

● अशोक विहार के पास तीन बदमाशों ने घेराबंदी कर दिया वारदात को अंजाम



पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

गाजियाबाद के लोनी थाना क्षेत्र में गुरुवार को दिनदहाड़े बुलेट मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति की ताबड़तोड़ गोलियां बरसाकर हत्या कर दी गई। हत्यारे अपाचे बाइक पर सवार होकर आए थे। पुलिस को मृतक के पास से एक पिस्टल बरामद हुई है, जिसके अवैध होने की आशंका है। फिलहाल हत्या क्यों हुई, मारने वाले लोग कौन थे, इन सब बिंदुओं पर जांच जारी है। मृतक की पहचान 30 वर्षीय जितेंद्र पुत्र वीरेशपाल के रूप में हुई है। वो ट्रोनिका सिटी थाना क्षेत्र में गांव अगरौला का रहने वाला था। वो गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे गांव से लोनी क्षेत्र में बुलेट बाइक से आ रहा था, तभी अशोक विहार के पास बाइक से आए तीन बदमाशों ने ओवरटेक करके रोका और जितेंद्र पर ताबड़तोड़ गोलियां चला दीं। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद हत्यारोपी आसानी से फरार हो गए। इस पूरी वारदात में जितेंद्र को संभलने तक का मौका नहीं मिला। वो हेलमेट भी नहीं उतार पाया था, इससे पहले हमलावर उसको गोलियों से भून चुके थे। बताया जा रहा है कि मृतक की जेब से पुलिस को एक पिस्टल बरामद हुई है, जो प्राथमिक तौर पर अवैध दिखाई पड़ रही है। ऐसे में पुलिस का मानना है कि मृतक जितेंद्र भी आपराधिक प्रवृत्ति का हो सकता है। फिलहाल थाने में उसका रिकॉर्ड खंगाला जा रहा है। घटनास्थल के आसपास वाले सीसीटीवी कैमरे भी देखे जा रहे हैं, जिससे हत्यारोपियों का बाइक नंबर पता चल सके। गाजियाबाद पुलिस के एसीपी रजनीश उपाध्याय ने बताया शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के परिजनों से इस बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। बेहद जल्द इस केस का पर्दाफाश किया जाएगा।

## घर में घुसकर महिला को चाकू घोपा, दो पड़ोसी गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में दो लोगों ने एक महिला की सिर्फ इसलिए हत्या कर दी, क्योंकि वो घर के पास शराब पीकर खड़ा होने से मना करती थी। दोनों लोगों ने घर में घुसकर चाकू से गला रेतकर उसकी हत्या कर दी। घर से मोबाइल-ज्वैलरी लूटकर भाग निकले। पुलिस ने 24 घंटे से भी कम वक्त में इस वारदात का खुलासा करते हुए गुरुवार को दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। लोनी थाना क्षेत्र की न्यू विकासनगर कॉलोनी निवासी विनोद शर्मा की तलाकशुदा बहन गिरिजा पिछले ढाई साल से अपनी भाई संग रह रही थी। बुधवार सुबह भाई विनोद और भतीजा आदित्य शर्मा काम पर चले गए। दोपहर करीब साढ़े तीन बजे पड़ोसियों ने घर का दरवाजा खुला देखा। अंदर गिरिजा का शव पड़ा हुआ था। सिर से खून बह रहा था। आशंका जताई गई कि सिर पर भारी वस्तु से प्रहार करके हत्या की गई है। आदित्य शर्मा ने अपनी बुआ की हत्या की सूचना पुलिस को दी। जिसके बाद पुलिस जांच में जुट गई। विवेक चंद्र श्रीवास्तव ने बताया, इस हत्याकांड में पंकज कुमार और अंकित कसाना को गुरुवार को गिरफ्तार किया है। दोनों मृतका के घर के पीछे वाली गली में रहते हैं। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि वे आपस में दोस्त हैं और दिल्ली के शाहदरा में अलग-अलग जगहों पर काम करते हैं। वे अक्सर शराब पीते हैं और गिरिजा के मकान के पास कोने पर खड़े हो जाते हैं। गिरिजा इसका विरोध करती थी। इससे उन्हें कई बार अपनी बेइज्जती महसूस हुई। आरोपियों ने इसका बदला लेने के लिए गिरिजा को रास्ते से हटाने की प्लानिंग बनाई। दोनों आरोपियों को पता होता था कि दिन में गिरिजा अकेली रहती है। इसी का फायदा उठाकरदोनों घर में घुस गए।

## संक्षिप्त समाचार




व्यवाइयों के लिए लेजिक्रेजी लांच करने के मौके पर प्रेस वार्ता में पदाधिकारी।

### व्यवसाइयों को व्यापार करने में होगी आसानी

**नोएडा।** नोएडा मीडिया क्लब में एक प्रेससवार्ता के दौरान स्थानीय व्यवसाइयों के लिए कार्य करने वाले प्लेटफार्म लेजिक्रेजी को लांच किया। यह एक ऐसी तकनीक है जहां आप बेच सकते हैं, खरीदारी कर सकते हैं और मनोरंजन पा सकते हैं। लेजिक्रेजी के संस्थापक जाहिद हसन ने कहा हमारा देश इतनी तेजी से विकसित हुआ है, जैसे-जैसे समय बदल रहा है, अर्थव्यवस्था के तरीके भी बदल रहे हैं। लेकिन हम अभी भी देखते हैं कि स्थानीय व्यवसायों के लिए हमारी अर्थव्यवस्था का हिस्सा बनने की गुंजाइश कम है। इसलिए यहां हम बेहतरीन प्लेटफॉर्म लेजिक्रेजी लेकर आए हैं जहां हम स्थानीय व्यवसायों का समर्थन करते हैं, जिसमें किसान, छोटे कारीगर, विक्रेता शामिल हैं। हसन ने ब्रिगेडियर आईएस मान और मनदीप मान का लेजिक्रेजी को स्थापित करने में दिए गए सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। प्रेससवार्ता के दौरान मेजर जनरल पृथ्वीराज, ब्रिगेडियर एन के खरबंदा, कर्नल संजम मान, कर्नल खरबंदा सहित मोहनी प्रबंध निदेशक लेजिक्रेजी मौजूद रहे।

### वोटर चेतना महाअभियान कार्यशाला का आयोजन

**नोएडा।** नोएडा महानगर भाजपा की वोटर चेतना महाअभियान कार्यशाला का आयोजन सेक्टर-116 स्थित जिला कार्यालय में संपन्न हुआ। कार्यशाला में जिले के प्रभारी मंत्री कुंवर बृजेश सिंह, नोएडा प्रभारी बसंत त्यागी मुख्य वक्ता के रूप में रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष मनोज गुप्ता ने करते हुए वोटर चेतना महाअभियान के बारे में विस्तार से सभी को बताया। अभियान लिए एक टीम का गठन किया गया है। उपाध्यक्ष गिरजा सिंह और मंत्री चमन अवाना इसके प्रभारी रहेंगे। इस अभियान में 2024 लोकसभा चुनाव से पहले मतदाता सूची में अंतिम बार संशोधन परिवर्तन का कार्य किया जाएगा साथ ही नए वोटर कार्ड भी बनवाएं जायेंगे। बसंत त्यागी ने कहा इस अभियान में कई सारी टोलियां बनाई गई है, जो प्रदेश स्तर, क्षेत्र स्तर, जिला स्तर, विधानसभा स्तर, मंडल स्तर, शक्ति केंद्र स्तर पर काम करेंगे और इस अभियान को लेकर घर-घर संपर्क अभियान भी चलाएंगे।

### कूड़ा डालने के विरोध में लोगों ने दिया धरना

**गाजियाबाद।** मधुबन-बापूधाम कॉलोनी के पास डाले जा रहे निगम के कूड़े को लेकर विवाद पैदा हो गया। आज स्वर्ण जयंतीपुरम, कर्पूरीपुरम, और गोविंदपुरम आदि कॉलोनी के लोगों ने नगर निगम के कूड़ा लेकर पहुंचे वाहनों को लोगों ने रोक कर वापिस भेज दिया। इसके लिए आसपास के लोगों ने धरना भी शुरू कर दिया है। स्थानीय निवासी यश पाराशर का कहना है कि नगर निगम के कई ऐसे ट्रेक्टर भी यहां कूड़ा लेकर आ रहे है जिन ट्रेक्टरों की दस वर्ष की मियाद पूरी हो चुकी है। जो एनजीटी के आदेश के खिलाफभी है। धरना देने वालों में शालू पांडेय, विनेष वत्स, यश पराशर, संदेश डबास, जय आदित्य आदि मौजूद है।

### निगम दुकानों का किराया बढ़ाए जाने का विरोध

**गाजियाबाद।** महानगर उद्योग व्यापार मंडल के तत्वावधान में आज एक प्रेसवार्ता में व्यापारियों ने नगर निगम की दुकानों का किराया डीएम सर्किल रेट से बढ़ाए जाने का विरोध किया। व्यापारियों ने नगर निगम को चेतावनी दी कि यदि उनकी समस्या का हल नहीं निकला तो जनहित में लोकतांत्रिक तरीके से नगर निगम का पुरजोर विरोध किया जाएगा। प्रेसवार्ता के दौरान अध्यक्ष गोपीचंद और महामंत्री अशोक चावला ने कहा कि निगम की बोर्ड बैठक में इस बारे में प्रस्ताव लाने से पहले व्यापारियों की पीड़ा नहीं सुनी गई। इस मामले में नगरायुक्त को कर्मचरारियों ने गुमराह किया जिसका वे पुरजोर करते है। व्यापारी नेताओं ने कहा कि निगम की आमदनी बढ़नी चाहिए, जिससे विकास हो सके। यदि, किराया सर्किल डीएम सर्किल रेट के हिसाब से बढ़ाया गया तो कारोबारी सडकों पर उतरकर लोकतांत्रित तरीके से इसका विरोध करेंगे। प्रेसवार्ता में प्रांतीय युवा महामंत्री राजदेव त्यागी, रमतेराम व्यापार मंडल के अयक्ष राकेश स्वामी, गोल मार्केट के अध्यक्ष राकेश बवेजा समेत बड़ी संख्या में कारोबारी मौजूद रहे।

# महिला इंस्पेक्टर के कमरे के बल्ब होल्डर में लगा था खुफिया कैमरा

● कपड़े चेंज करते हुए रिकॉर्डिंग की

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद




गाजियाबाद में महिला इंस्पेक्टर के फ्लैट में बल्ब के होल्डर में दो हिडन कैमरे लगे मिले हैं। ये दोनों कैमरे एक मोबाइम सिम से कनेक्ट थे। इन हिडन कैमरों के जरिए इंस्पेक्टर के कपड़े चेंज करते हुए सीन रिकॉर्ड कर लिए गए। अब उन्हें ब्लैकमेल किया जा रहा है। महिला इंस्पेक्टर ने इस मामले में अपने पति और मौसेरे भाई के खिलाफजासूसी करने और रंगदारी मांगने का मुकदमा दर्ज कराया है। दोनों पक्षों के बीच लंबे वक्त से विवाद चला आ रहा है। गाजियाबाद में कविनगर क्षेत्र की एक हाईराइज सोसाइटी में रहने वाली महिला इंस्पेक्टर ने बताया, मैं 13 अक्टूबर से दो दिन की छुट्टी पर अपनी बीमार मां को छोड़ने देहरादून गई थी। मेरा परिवार मेरठ में रहता है। 16 अक्टूबर को जब मैं अपने फ्लैट पर लौटी तो मुझे बल्ब के होल्डर से लाल रंग की रोशनी दिखाई दी।

उन्होंने आगे कहा इसे देखकर मुझे ऐसी आशंका लगी, जैसे होल्डर में कोई हिडन कैमरा लगा हो। मैं दूसरे कमरे में गई तो वहां भी बल्ब के होल्डर से ऐसी ही रोशनी दिख रही थी। मैंने तुरंत अपने कार्यालय में तैनात कांस्टेबल शुभम पुंडीर को फोन करके फ्लैट पर बुलाया। जब चेक किया तो बल्ब के होल्डरों में हिडन कैमरा और मैमोरी कार्ड लगा मिला। इंस्पेक्टर ने बताया, मैंने इस प्रकरण की सूचना तुरंत गोविंदपुरम चौकी प्रभारी प्रमोद शर्मा को दी। वे फ्लैट पर आ गए। उनकी मौजूदगी में बल्ब के होल्डरों की वीडियोग्राफी कराई गई। इस दौरान बाथरूम की सीलिंग के ऊपर दोनों हिडन कैमरों का वाईफाई कनेक्शन लगा मिला, जिसमें जिओ का सिम लगा हुआ था।

महिला इंस्पेक्टर के अनुसार, जब मैंने मैमोरी कार्ड चेक किए तो पता चला कि ये दोनों हिडन कैमरे मेरे पति राहुल राना और मौसेरे भाई नवीन चौहान व एक अन्य व्यक्ति के द्वारा मेरी गैर-मौजूदगी में लगाए गए थे। इस कैमरे में मेरे द्वारा कपड़े बदलते हुए क्लिप रिकॉर्ड भी हुई है, जिससे मेरी प्राइवेसी का उल्लंघन हुआ है। महिला इंस्पेक्टर का कहना है कि इस घटना के बाद मैंने अलमारियां चेक की तो मुझे एक लाख रुपए और सोने की चेन गायब मिली।

पीड़ित इंस्पेक्टर ने बताया, इस घटनाक्रम के बाद मौसेरे भाई की तरफ से मुझे कॉल करके गालियां दी जा रही हैं। मुझे वर्दी में ही जान से मारने की धमकी मिल रही है।

## सड़क हादसों में छात्र समेत दो की मौत, एक घायल




**गाजियाबाद।** मोदीनगर-हापुड मार्ग पर खंजरपुर गेट के सामने बुधवार की देर रात तेज रफ्तार कार ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं सैदपुर चूडियाला मार्ग पर एक छात्रा को पीछे से ट्रक ने टक्कर मार दी, उसकी मौके पर मौत हो गई। कस्बा पतला निवासी अंकुर कुमार अपने दोस्त प्रिंस के साथ मामा के पास बुलन्दशहर के गुलावठी गया थे देर रात घर लौट रहा था। मोदीनगर-हापुड मार्ग पर खंजरपुर गेट के सामने तेज रफ्तार कार ने बाइक में टक्कर मार दी। डॉक्टरों ने अंकुर को मृत घोषित कर दिया। जबकि प्रिंस की हालात गंभीर बनी हुई है। वहीं दूसरी घटना ग्रामीणों ने काजल के परिजन को हादसे की सूचना दी। एसीपी ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।

# अतिरिक्त मुआवजा बांटने के मामले में विधि परामर्शदाता निलंबित

● 73 लोगों को बांटी गई थी 82 करोड़ की राशि

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



प्राधिकरण के अफसरों पर करीब 11 मामलों में 73 लोगों को अतिरिक्त 82 करोड़ रुपए का मुआवजा बांटने के मामले में कार्रवाई शुरू हो गई है। इस मामले में 8 अक्टूबर को थाना फेज-1 में एफआईआर दर्ज होने के बाद शासन ने नोएडा प्राधिकरण के विधि परामर्शदाता दिनेश सिंह को निलंबित कर दिया।

प्राधिकरण को शासन से उनको निलंबित करने का आदेश मिल गया है। इस मामले में एसआईटी भी जांच कर रही है। जिसे अपनी रिपोर्ट जल्द शासन को सौंपेगी। ये मामला गेझा तिलपताबाद गांव के किसानों को अतिरिक्त मुआवजा देने से संबंधित है। इस मामले में नोएडा प्राधिकरण ने फेज.1 कोतवाली में किसानों और प्राधिकरण अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज कराया था।

किसानों के अलावा प्राधिकरण के तत्कालीन सहायक विधि अधिकारी वीरेंद्र सिंह नागर, तत्कालीन विधि अधिकारी दिनेश कुमार सिंह, तत्कालीन विधि सलाहकार राजेश कुमार और तत्कालीन कनिष्ठ सहायक मदनलाल मीना के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई थी। इन अधिकारियों ने बिना जांच किए किसानों को मुआवजा दिए जाने की फाइल को आला अधिकारियों की मंजूरी के लिए आगे बढ़ाया था। इनमें से मदनलाल मीना की मृत्यु हो चुकी है, जबकि राजेश कुमार सेवानिवृत्त हो चुके हैं। गेझा तिलपताबाद गांव से ही जुड़े एक अन्य मुआवजा प्रकरण में करीब ढाई साल से वीरेंद्र नागर निलंबित चल रहे हैं।

अब इस मामले में बचे दिनेश कुमार सिंह पर भी कार्रवाई हो गई है। नोएडा प्राधिकरण के ओएसडी अविनाश त्रिपाठी ने बताया कि दिनेश कुमार सिंह को निलंबित किए जाने की कार्रवाई शासन स्तर से हुई है। नोएडा प्राधिकरण को निलंबित किए जाने से संबंधित आदेश प्राप्त हो गया है। निलंबित कर दिनेश सिंह को यूपीसीडा से अटैच किया गया है।

प्राधिकरण अधिकारियों ने बताया कि नोएडा प्राधिकरण ने 11 में से नौ प्रकरण में संबंधित किसानों से धन लेने के लिए आरसी जारी कर दी है। दो मामलों में कुछ औपचारिकताएं पूरी कर जल्द उनको भी आरसी जारी कर दी जाएगी। वसूली की जाएगी।


## भौतिक कब्ज़े की सूचना

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005.

**जबकि**

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि को प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा भौतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ भौतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रदीप कुमार/नंदिता कर्मकार/ LBGUR00004326056 | फ्लैट नंबर-106, टॉवर-ई, पहली मंज़िल, अराविले सेक्टर-79, गुड़गाँव/ अक्टूबर 16, 2023 | जून 23, 2021 रु. 62,39,126/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 2. | रविकांत शर्मा/सीमा कुमारी/ LBGUR00004037589 | फ्लैट नंबर- 1602, 16वीं मंज़िल, टॉवर-डी, ''अराविले'', सेक्टर-79, गुड़गाँव/ अक्टूबर 16, 2023 | जून 23, 2021 रु. 73,98,500/- | दिल्ली/ एनसीआर |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

**दिनांक : अक्टूबर 20, 2023**
**स्थान : दिल्ली/ एनसीआर**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**आईसीआईसीआई बैंक लि.**



## सार्वजनिक सूचना

जन साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री रमेश चाँद, श्री मुकेश चंद, श्री नरेश चंद और श्री रोहिताश कुमार Land area measuring 6 Biswa, out of Khasra No. 8 Min, Situated at Abadi Indergrahi, in the area of Village Dasna, Pargana Dasna, Tehsil & District Ghaziabad, Uttar Pradesh, के मालिक थे और सब अपना अपना हिस्सा पार्टीशन के द्वारा ले चुके है संपत्ति हीरो हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड द्वारा बंधक प्रस्तावित है और श्री रमेश चंद की मृत्यु हो गयी है श्रीमती मंजू, श्री जसवंत सोलंकी, श्री योगेश सोलंकी और श्रीमती आरती के अलावा कोई विधिक उत्तराधिकारी नहीं है।यदि किसी व्यक्ति (ओं) को इस संपत्ति में कोई आपत्ति या दावा है, तो हमें इस नोटिस की तारीख से 10 दिनों के भीतर निम्नपते पर संपर्क करें। अगर कोई दावा नहीं आया तो यह माना जाएगा की किसी का कोई दावा या हक इस प्रॉपर्टी में नहीं है।

राघव तिवारी, अधिवक्ता
830, पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली 110001
Mob.:+91-8076188328



## PUBLIC NOTICE

Notice is hereby given to the General Public on behalf of our client that M/s.Vasikaran Real Estate Pvt. Ltd is the owner of Residential Plot Bearing Nos. J-11, & J-12, situated in the residential colony known as "Mayfield Garden", situated at Villages-Tigra, Samaspur, Adampur, Bindapur & Wazirabad, Gurgaon, Haryana "the said property", by virtue of separate Sale deeds dated 03.06.2013, registration No.6010 & 6012, has lost/misplaced original Buyers Agreement and Original Allotment Letter & Original Possession Letter, with respect of the above said both the properties. All persons are hereby informed not to deal or carry out any transaction with anyone on the basis of the said missing document. If anyone has already carried out or being carried out kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.

**Kumar & Associates (Advocates & Consultants)**
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 legal@knalegal.com



## IN THE HIGH COURT OF JUDICATURE AT BOMBAY

ORDINARY ORIGINAL CIVIL JURISDICTION
IN ITS COMMERCIAL DIVISION
(Under order XXXVII of the Code of Civil Procedure, 1908)
COMMERCIAL SUMMARY SUIT NO.129. OF 2021.

Plaintiff Presented on 01/02/2021 and filed on 17th day of December, 2021 SUMMONS under order XXXVII, r. 2, of the code of civil Procedure

Apex Techno Polymer Pvt. Ltd. ) Registered Private Limited ) Company having Registered ) office at 14th Floor, Ratan Central, Dr. Babasaheb Ambedkar Road, Parel, Mumbai - 400 012. } **Plaintiff**

Versus

Parakh Kapoor Sole Proprietor of KITAEI. Sector-7, Plot no.33, IMT Manesar, Gurugram, Haryana -122050. } **Defendants**

To,
Parakh Kapoor Sole Proprietor of KITAEI.,
The Defendant above named.

WHEREAS the Plaintiff above named has instituted a suit against you under order XXXVII of the Code of Civil Procedure,1908, as set out in the Plaint therein, whereof the following is a concise statement, viz. :-
(a) That the Defendant be ordered and Decreed to pay to the Plaintiff a Sum Of Rs. 1,34,61,724/- (RUPEES One Crore Thirty Four Lacs Sixty One Thousand Seven Hundred and Twenty Four Only) as per particulars of claim Exhibit 'ID' together with interest at the rate of 21% per annum from the date of filing of this suit i.e., 31/1/2021 till payment or realization.
(b) For costs of the suit.
(c) Any such further other orders in the interest of justice be kindly Passed.
You are hereby summoned to cause an appearance in person or Vakalatnama to be entered for you in this court within ten days from this Service hereof, upon you; in default whereof the Plaintiff will be entitled at any time after the expiration of such ten days to obtain a decree for any sum not exceeding the sum of Rs. 1,34,61,724/- (RUPEES One Crore Thirty Four Lacs Sixty One Thousand Seven Hundred & Twenty Four Only) & Sum of Rs.__ For Cost together with such interest If any as the court may order. If you cause an appearance in person or a Vakalatnama to be entered for you the Plaintiff will thereafter serve upon you a Summons for Judgment at the hearing of which you will be entitled to ask the Court for leave to defend the suit. leave to defend may be obtained if you satisfy the Court any affidavit or otherwise that there is a defense to the suit or the merits or that it is reasonable that you should be allowed to defend the suit.
Witness Shri NITIN M. JAMDAR Acting Chief Justice at Bombay aforesaid, this 20th day of July 2023. Sd/-

Sd./-
Sealer
The day of 20th July, 2023.

FOR REGISTRAR
Sanjeev S. Hariakar, (Advocate for Plaintiff)
ABC Business Centre, Chamber No. 39., 43 - Great Western Building, Opp. Lion Gate, N. M. Street Extn., Fort, Mumbai - 400 023.


## सोलर सिटी योजना से जुड़ेंगे 5 सीवर ट्रीटमेंट प्लांट

**गाजियाबाद।** सोलर सिटी योजना के तहत सिटी के पांच सीवरट्रीटमेंट प्लांट जोड़ने पर विचार चल रहा है। अगर यह सभी प्लांट सोलर सिटी योजना से जोड़ दिए गए तो इससे निगम को प्रति वर्ष कई करोड़ रुपये का फायदा होगा।

निगम के प्रकाश विभाग का कहना है कि सोलर सिटी योजना के तहत शहर में विकास की योजनाओं को नए लुक से डिजाइन किया जा रहा है। इसके तहत ऐसे प्रोजेक्ट जिनमें बिजली खर्च अधिक होता है उनको सोलर पावर से जोडने की योजना है। इसके लिए प्रकाश विभाग कार्य योजना तैयार कर रहा है।

# अस्पताल में छापेमारी के दौरान मरीज की मौत

● ग्रेटर नोएडा में परिजनों ने इलाज में लापरवाही का लगाया आरोप, हंगामा

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



इनकम टैक्स की टीम ने यथार्थ ग्रुप के ग्रेटर नोएडा और बुलंदशहर के अस्पतालों में छापेमारी की। इस बीच नोएडा के अस्पताल में मरीज की मौत हो गई। परिजनों ने डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाकर जमकर हंगामा किया।

विवाद बढ़ने पर पुलिस मौके पर पहुंची। परिजनों का कहना है कि जब तक उन्हें न्याय नहीं मिलेगा, जब तक प्रदर्शन जारी रहेगा। बाद में पुलिस ने समझा-बुझाकर मामला शांत कराया। दरअसल, पिछले कुछ समय से आयकर टीम को टैक्स में हेराफेरी और गलत ट्रांजैक्शन की शिकायत मिल रही थी। इसके बाद से दिल्ली यूनिट की टीम गुरुवार सुबह से नोएडा, ग्रेटर नोएडा और अन्य ठिकानों पर एक साथ सर्च ऑपरेशन चला रही है। नोएडा में सेक्टर-110 के अलावा ग्रेटर नोएडा और ग्रेनो वेस्ट में यथार्थ अस्पताल है। इसके अलावा इनके रीजनल ऑफिस और एडमिन से जुड़े लोगों के यहां भी सर्च की जा रही है। वहां से दस्तावेजों और इनपुट के आधार पर कर्मचारियों से सवाल.जवाब किए जा रहे हैं। हालांकि, अस्पताल की इनडोर और आउटडोर में मरीजों को कोई परेशानी नहीं है। दिल्ली यूनिट की कई टीम इस सर्च को कंडक्ट कर रही है। सर्च लंबी या दो से तीन दिन तक भी चल सकती है।


कार्यालय-उप महाप्रबन्धक (तकनीकी)
## उत्तराखण्ड कृषि उत्पादन विपणन बोर्ड
एग्रो कैम्पस, शीशमबाग, हल्द्वानी (नैनीताल) Email : ddchld@gmail.com

पत्रांक : नि0ख0/निविदा सूचना/2023-841 — दिनांक : 19.10.2023

### निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्यों हेतु दिनांक **06.11.2023** को उत्तराखण्ड कृषि उत्पादन विपणन बोर्ड मे वित्तीय रुप से सुदृढ पंजीकृत ठेकेदारों से अपरान्ह 2:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में मोहरबन्द निविदायें **विधायक निधि** के अन्तर्गत आमंत्रित की जाती हैं, जो उसी दिन अधोहस्ताक्षरी द्वारा अपरान्ह 2:30 बजे उपस्थित निविदादाताओं/प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि | निविदा का मूल्य | समय अवधि | पंजीकरण श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | विकास खण्ड हल्द्वानी के अन्तर्गत ग्राम देवलचौड़ खाम में रामपुर रोड मार्ग से श्री राकेश नेगी के घर की तरफ सार्वजनिक मार्ग का निर्माण कार्य। | 12000.00 | 500.00 +G.S.T. | 03 माह | द |
| 2 | विकास खण्ड हल्द्वानी के अन्तर्गत ग्राम देवलचौड़ खाम में मुख्य मार्ग से महेश चन्द्र सिंह कुँवर के घर की सार्वजनिक मार्ग का निर्माण कार्य। | 14000.00 | 500.00 +G.S.T. | 03 माह | द |
| 3 | विकास खण्ड हल्द्वानी के अन्तर्गत ग्राम हरिपुर लालमणि लिंक मार्ग से गिरीश चौबे के घर तक मार्ग का निमार्ण कार्य। | 23500.00 | 1000.00 +G.S.T. | 03 माह | द |
| 4 | विकास खण्ड हल्द्वानी के अन्तर्गत ग्राम बच्चीनगर नम्बर-1 में कालिका कालोनी में श्री राजेन्द्र सिंह देवका के घर तक मार्ग का निर्माण कार्य। | 40000.00 | 1500.00 +G.S.T. | 03 माह | स |
| 5 | विकास खण्ड हल्द्वानी के अन्तर्गत ग्राम पीपलपोखरा में देवभूमि सैनिक कालोनी की सड़का का निर्माण कार्य। | 63000.00 | 2000.00 +G.S.T. | 03 माह | ब |
| 6 | विकास खण्ड हल्द्वानी के अन्तर्गत ग्राम पूरनपूर नैनवाल में एसेंट पब्लिक स्कूल के सामने मन्दिर वाली सड़क का निर्माण कार्य। | 43000.00 | 1500.00 +G.S.T. | 03 माह | स |
| 7 | विकास खण्ड हल्द्वानी के अन्तर्गत ग्राम बजवालपुर लिंक मार्ग से प्रकाश मिश्रा के घर तक मार्ग का निर्माण कार्य। | 32000.00 | 1500.00 +G.S.T. | 03 माह | स |

**नोटः-**
1. निविदा व विवरण सम्बन्धी सूचना कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।
2. धरोहर धनराशि निविदा क्रय करते समय प्रार्थना-पत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा, जो उप महाप्रबन्धक (तकनीकी), उत्तराखण्ड कृषि उत्पादन विपणन बोर्ड, हल्द्वानी के नाम बंधक होगी।
3. निविदा **04.11.2023** तक कार्यालय समय में बेची जायेगी तथा उत्तराखण्ड कृषि उत्पादन विपणन बोर्ड में पंजीकृत ठेकेदारों को ही श्रेणीवार दी जायेगी।
4. पंजीकृत ठेकदार/फर्म को श्रेणीवार पूर्व में अनुबन्धित कार्य की कुल लागत की गणना के सापेक्ष कार्य की क्षमता के अनुसार ही निविदा दी जायेगी।
5. निविदा बेचे एवं खोले जाने वाली तिथि को किसी प्रकार के अवकाश पड़ने पर अगले कार्यदिवस में उपरोक्तानुसार निविदा बेची एवं खोली जायेगी।

**उप महाप्रबन्धक (तकनीकी)**


# नोएडा में दो बहनों को उम्रकैद की सजा, लगाया जुर्माना

● नंद के तानों से परेशान होकर भांजे को मार डाला था, संदूक में मिला था शव

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



ग्रेटर नोएडा के सूरजपुर जिला न्यायालय ने मासूम बच्चे की हत्या के मामले में दो बहनों को दोषी माना है। कोर्ट ने उम्र कैद की सजा सुनाई है। दोनों बहनों ने नन्द के तानों से परेशान होकर 2020 में अपने 2 वर्ष के भांजे को मौत के घाट उतार दिया था।

दरअसल 29 सितंबर 2020 को सूरजपुर थाने पर सेवाराम नाम के व्यक्ति ने शिकायत देते हुए बताया कि उनकी बेटी सपना का सिरसा में ससुराल है। वह वहां से अपने दोनों बच्चों के साथ अपने मायके खेड़ी भनोता गांव में आई हुई थी। उसका 2 वर्ष का बेटा घर के बाहर खेल रहा था लेकिन अचानक भाव्यांश नाम का बच्चा कहीं गायब हो गया। हम लोगों ने उसकी काफी तलाश की लेकिन वह नहीं मिला। पुलिस ने इस मामले में गुमशुदगी दर्ज की। बच्चे की तलाश करनी शुरू कर दी।

पुलिस ने बच्चे को लेकर जगह-जगह जानकारी जुटाई। लेकिन कहीं पर भी बच्चा नहीं मिला। 30 सितंबर को बच्चे का शव उन्हीं के घर में संदूक में पड़ा हुआ मिल गया। इसके बाद पुलिस ने इस घटना की जांच की। बच्चे की हत्या के मामले में उसकी दोनों मामियों रिंकी और पिंकी को गिरफ्तार कर लिया। इन दोनों ने पुलिस को पूछताछ में बताया कि उनकी नन्द सपना यहां पर आई हुई थी। वह आए दिन हम दोनों को ताने मारा करती थी। उसके ताने मारने से हम लोग परेशान हो चुके थे। इसी बात से परेशान होकर हमने भांजे की एक तकिया से मुंह दबाकर हत्या कर दी। उसके शव को कंबल में लपेटकर संदूक के अंदर रख दिया।

पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। यूपी डीजीपी द्वारा चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत नोएडा पुलिस कमिश्नर के निर्देश पर गहन पैरवी और मजबूत साक्ष्य रखते हुए आरोपियों को सजा दिलवाई गई। इस मामले में पिंकी और रिंकी को उम्र कैद की सजा सुनाई गई है। थाना सूरजपुर पुलिस और अभियोजन इकाई की प्रभावी पैरवी के परिणाम स्वरूप गौतम बुद्ध नगर न्यायालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा यह फैसला सुनाया गया। इन दोनों को उम्र कैद की सजा सुनाई गई है। उसके अलावा 15000 का अर्थ दंड भी लगाया गया है।

## तस्करी करने वाली 5 महिलाओं को पकड़ा

**नोएडा।** सेंट्रल नोएडा की सूरजपुर थाना पुलिस ने 5 महिला गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया है। यह महिला गांजा तस्कर अलग.अलग जगह घूम कर अवैध रूप से गांजे की तस्करी किया करती थीं। यह लोगों को गांजे की पुड़िया बनाकर बेचा करती थीं। पुलिस ने मुखबिर की सूचना के बाद अलग.अलग जगह से इन महिलाओं को गिरफ्तार किया है। पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्ध नगर में नशा माफिया के खिलाफपुलिस लगातार कड़ी कार्रवाई कर रही है। इस दौरान पुलिस गांजा तस्करों, शराब तस्करों के की जमकर धरपकड़ कर रही है। सूरजपुर पुलिस को सूचना मिली कि महिला तस्करों का गिरोह थाना क्षेत्र में सक्रिय है। यह महिलाएं अलग-अलग जगह घूमकर गांजे की तस्करी करती हैं।

# नमो भारत के नाम से जानी जाएगी नई रैपिडएक्स

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज करेंगे साहिबाबाद-दुहाई खंड का उद्घाटन



**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद/नई दिल्ली

बदल गया रैपिडएक्स ट्रेन का नाम। अब रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस) रेलगाड़ियों को नमो भारत के नाम से जाना जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को उत्तर प्रदेश में साहिबाबाद रैपिडएक्स स्टेशन पर दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम कॉरिडोर के प्राथमिकता खंड का उद्घाटन करेंगे।

दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस गलियारे का 17 किलोमीटर लंबा प्राथमिकता वाला खंड इसके उद्घाटन के एक दिन बाद 21 अक्टूबर को यात्रियों के लिए खोल दिया जाएगा। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने बुधवार को बताया था कि मोदी भारत में आरआरटीएस की शुरूआत करते हुए साहिबाबाद और दुहाई डिपो को जोड़ने वाली एक रैपिडएक्स ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। पीएमओ ने बताया था कि दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस गलियारे का 17 किलोमीटर प्राथमिकता खंड गाजियाबाद, गुलधर और दुहाई स्टेशनों के जरिए साहिबाबाद को दुहाई डिपो से जोड़ेगा।

बयान के मुताबिक, प्रधानमंत्री ने आठ मार्च 2019 को दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ गलियारे की नींव रखी थी। नए विश्व स्तरीय परिवहन बुनियादी ढांचे के निर्माण के जरिए देश में क्षेत्रीय संपर्क को बदलने की प्रधानमंत्री की दूरदृष्टि के अनुसार आरआरटीएस परियोजना विकसित की जा रही है। आरआरटीएस 180 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से एक नई रेल आधारित, उच्च गति, उच्च आवृत्ति के साथ क्षेत्रीय यात्रा की सुविधा प्रदान करने वाली प्रणाली है।

यह एक परिवर्तनकारी क्षेत्रीय विकास पहल है, जिसमें अंतर शहरी आवागमन के लिए हर 15 मिनट में उच्च गति वाली ट्रेन उपलब्ध होगी और आवश्यकता के अनुसार यह हर पांच मिनट में भी उपलब्ध हो सकती है। उसने बताया कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में कुल आठ आरआरटीएस गलियारे की पहचान की गई है जिसमें पहले चरण में तीन गलियारों दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ, दिल्ली-गुरुग्राम-एसएनबी-अलवर और दिल्ली-पानीपत के क्रियान्वयन को प्राथमिकता दी गई है। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ गलियारा 30,000 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से विकसित किया जा रहा है।



उद्घाटन के लिए तैयार नई नवेली रैपिडएक्स।

## गाजियाबाद पहुंचे योगी, तैयारियों का लिया जायजा

● प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बेंगलुरु मेट्रो को भी दिखाएंगे झंडी

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 20 अक्टूबर को गाजियाबाद में देश की पहली रीजनल रैपिड रेल के साथ-साथ बेंगलुरु मेट्रो के पूर्व पश्चिम कॉरिडोर के दो फेज राष्ट्र को समर्पित करेंगे। प्रधानमंत्री करीब डेढ़ घंटे तक गाजियाबाद में रहेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री, राज्यपाल सहित अन्य लोग भी मौजूद रहेंगे।

इधर, यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार शाम को अचानक गाजियाबाद में साहिबाबाद रैपिडएक्स स्टेशन पर पहुंच गए। वे हिंडन एयरबेस पर राजकीय वायुयान से उतरे और उन्हें सड़क मार्ग से दिल्ली जाना है। दिल्ली जाने से पहले उनका काफि ला साहिबाबाद रैपिडएक्स स्टेशन पहुंच गया, जहां पीएम नरेंद्र मोदी को उद्घाटन करने आना है। मुख्यमंत्री ने



वसुंधरा सेक्टर-आठ में जनसभा स्थल पर भी पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया है। रात्रि विश्राम मुख्यमंत्री दिल्ली स्थित यूपी सदन में करेंगे और शुक्रवार सुबह ही गाजियाबाद आ जाएंगे। उधर, प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के मद्देनजर सड़कों पर ट्रैफिक ज्यादा रहेगा। इसे देखते हुए डीआईओएस ने निर्देश दिया है कि गाजियाबाद के स्कूल शुक्रवार को ऑफ लाइन की बजाय ऑनलाइन पढ़ाई कराएं, ताकि बच्चों की पढ़ाई प्रभावित न हो। प्रधानमंत्री 20 अक्टूबर की दोपहर 12 बजे के आसपास दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ रैपिड रेल कॉरिडोर के पहले चरण का उदघाटन करेंगे। इसके बाद वह साहिबाबाद स्टेशन के ठीक सामने वसुंधरा सेक्टर-8 के मैदान में जनसभा को संबोधित करेंगे। इस प्रोजेक्ट की आधारशिला पीएम मोदी ने 8 मार्च 2019 को रखी थी। देश में ये पहली ऐसी ट्रेन होगी जो व्हीलचेयर संग स्ट्रेचर पर लेटे मरीज को भी यात्री के रूप में लेकर जाएगी। इस ट्रेन के प्रत्येक कोच में व्हीलचेयर और स्ट्रेचर रखने की स्पेशल सुविधा है।

# स्टेशनों पर एआई तकनीक से होगी सामानों की जांच

● प्रतिबंधित या निषिद्ध सामान की पहचान होने पर सुरक्षा कर्मी हो जाएंगे चौकन्ना

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर के स्टेशनों पर यात्रियों के सामानों की जांच के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) आधारित प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल किया जाएगा जिससे प्रतिबंधित या निषिद्ध सामान की पहचान होने पर सुरक्षा कर्मियों को चौकन्ना किया जा सकेगा।

एनसीआरटीसी के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। एनसीआरटीसी के अधिकारियों के अनुसार, इस मार्ग पर यात्री सेवाएं शनिवार सुबह छह बजे से शुरू हो जाएंगी। उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य में आरआरटीएस के सभी स्टेशनों की सुरक्षा की जिम्मेदारी उत्तर प्रदेश विशेष सुरक्षा बल (यूपीएसएसएफ) को सौंपी है।

प्राथमिकता वाले खंड के स्टेशनों पर सुरक्षा बल की तैनाती कर दी गई है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) के अनुसार स्टेशनों पर जांच करने और अपराधों को रोकने के लिए उत्तर प्रदेश पुलिस एक त्वरित प्रतिक्रिया दल, बम निरोधक दस्ता और श्वान दस्ता तैनात करेगी। आरआरटीएस कॉरिडोर का निर्माण एनसीआरटीएस द्वारा रैपिडएक्स सेवा के लिए किया जा रहा है। यह केंद्र सरकार का दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और राजस्थान की सरकारों के साथ संयुक्त उपक्रम है।

एनसीआरटीसी को दिल्ली से मेरठ के बीच देश के पहले आरआरटीएस के निर्माण की निगरानी का काम सौंपा गया है। एनसीआरटीसी चाहता है कि आधुनिक तकनीक और एआई का इस्तेमाल कर सुरक्षा जांच के समय को यथासंभव कम से कम किया जाए। उन्होंने कहा कि साहिबाबाद से दुहाई डिपो तक इस कॉरिडोर पर सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए गाजियाबाद कमिश्नरेट तथा मेरठ जिले के एक-एक थाने को राज्य सरकार ने रैपिडएक्स नेटवर्क में शामिल किया है और प्रत्येक स्टेशन पर कानून व्यवस्था के लिए एक पुलिस चौकी बनाने का भी प्रावधान है।

इसी दिशा में स्टेशनों पर सामान जांच प्रणाली एआई-संचालित प्रौद्योगिकी से युक्त होगी। इस प्रणाली में अंतरराष्ट्रीय यात्रा में स्वीकार्य आकार के सामान की भी आसानी से जांच की जा सकेगी। रैपिडएक्स ट्रेन में सीसीटीवी कैमरों, आपातकालीन दरवाजों और ट्रेन ऑपरेटर के साथ संवाद करने के लिए एक बटन जैसी सुरक्षा सुविधाओं से लैस होंगी। इस ट्रेन में सफर करनेवाले यात्रियों के लिए इसके कोचों में एरोप्लेन जैसी बैठने की व्यवस्था की मिलेगी, जिसमें आरामदायक, पीछे खिसकने वाली सीटें शामिल हैं।

बता दें कि यात्रियों के लिए पहली ट्रेन शनिवार को चलेगी और शुरुआत में इसकी फ्रीक्वेंसी 15 मिनट की होगी। वहीं ये हर स्टेशन पर ट्रेनें 30 सेकंड के लिए रुकेंगी। ट्रेन के हर कोच में लगभग छह सीसीटीवी कैमरे हैं और इस कॉरिडोर पर यात्रियों की सुरक्षा एक प्राथमिकता है। डिब्बों में अन्य सुविधाओं में एक इमरजेंसी गेट या अन्य प्रकार की आपात स्थिति के मामले में ट्रेन ऑपरेटर से बात करने के लिए एक बटन और आग बुझाने वाले यंत्र शामिल हैं।



## सुंदर भित्तिचित्र और कलाकृतियों से सजाया

**नई दिल्ली।** रैपिडएक्स के एक नवनिर्मित स्टेशन पर हाथ से बने रंग-बिरंगे भित्तिचित्र के साथ चित्र परिचय में लिखा है, यात्रा में कम समय, परिवार के साथ अधिक समय। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीएस) के अनुसार इस कॉरिडोर के पांच स्टेशनों को सजाने के लिए भित्तिचित्र तैयार किए जा रहे हैं। स्टेशनों की अंदर की दीवारों पर सुंदर पेंटिंग लगाई गई हैं। इन पेंटिंग में यह संदेश देने का प्रयास किया गया है कि इस सेवा का इस्तेमाल करने वाले लोग किस तरह यात्रा में कम और अपने परिवारों के साथ ज्यादा समय बिता सकेंगे।

# एलजी ने मेट्रो लाइनों के लिए भूमि अधिग्रहण को मंजूरी दी

● एयरोसिटी से तुगलकाबाद, जनकपुरी पश्चिम से आरके आश्रम, राहतगंज-रोशनारा रोड-पुलबंगश कॉरिडोर की बाधाएं दूर हुई



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना के हस्तक्षेप और लगातार दबाव के कारण लंबे समय से लंबित और महत्वपूर्ण मेट्रो लाइनों के विस्तार की बाधाएं दूर हो गई हैं। जिनमें एयरोसिटी से तुगलकाबाद, जनकपुरी पश्चिम से आरके आश्रम और राहतगंज-रोशनारा रोड-पुलबंगश कॉरिडोर शामिल हैं। एलजी ने आरएफसीटीएलएलआर अधिनियम, 2013 की धारा 8 के तहत मेट्रो फेज चार की इन मेट्रो लाइनों के लिए भूमि अधिग्रहण को मंजूरी दे दी है।

दिल्ली मेट्रो रेल निगम ने इन अधिग्रहणों के लिए दिल्ली सरकार से क्रमशः जून 2020 और जुलाई 2020 में अनुरोध किया था और यह 3 वर्षों से अधिक समय से लंबित था। उपराज्यपाल कार्यालय के एक अधिकारी ने बताया कि एयरोसिटी से तुगलकाबाद कॉरिडोर पर डीएमआरसी लाइन के विस्तार के लिए दक्षिण जिले के गांव खानपुर में 1688 वर्ग मीटर भूमि के अधिग्रहण की मंजूरी दे दी गई है। इससे आईजीआई हवाई अड्डे और दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के घनी आबादी वाले क्षेत्रों, जिनमें खानपुर, तुगलकाबाद, देवली, पुष्प विहार और डॉ. अंबेडकर नगर आदि शामिल हैं, के बीच लंबे समय से लंबित मेट्रो की कनेक्टिविटी सुनिश्चित होगी।

व्यस्त जनकपुरी पश्चिम से आरके आश्रम मेट्रो कॉरिडोर पर अधिग्रहण के लिए जयपुरिया मिल्स, कोहलापुर रोड पर दिल्ली पट्टी गांव में 170 वर्ग मीटर की भूमि के अधिग्रहण को मंजूरी दे दी गई है।

पुलबंगश कॉरिडोर के लिए राहतगंज,आरामगंज की 62 वर्ग मीटर भूमि को अधिग्रहण के लिए मंजूरी दे दी गई है।

# दिल्ली में केवल इलेक्ट्रिक बाइक टैक्सी चलेंगी

● चालकों ने अपने वाहनों को ईवी में बदलने की समय सीमा बढ़ाने को लेकर उपराज्यपाल को पत्र लिखा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

राजधानी दिल्ली में सिर्फ इलेक्ट्रिक बाइक टैक्सियां चलेंगी। दिल्ली में नए नियमों और प्रावधानों के चलते बाइक-टैक्सी पर बैन है। इसको लेकर 1,500 से ज्यादा ड्राइवर्स ने उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना को पत्र लिखकर मांग की है कि कूरियर, फूड डिलीवरी सेवाओं की तरह उन्हें भी मोहलत दी जाए, ताकि वे अपनी बाइक को इलेक्ट्रिक व्हीकल में परिवर्तित करने लिए समान समय सीमा दी जाए।

राष्ट्रीय राजधानी में यात्री परिवहन सेवाएं और डिलीवरी सेवाएं मुहैया कराने वाले एग्रीगेटर के विनियमन और लाइसेंस के लिए बनाई गई एक योजना को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की स्वीकृति के एक दिन बाद उपराज्यपाल को यह पत्र लिखा गया है। यह योजना बाइक टैक्सियों के लिए



भी मार्ग प्रशस्त करती है और यह अनिवार्य करती है कि एग्रीगेटर को यात्री सेवाओं के लिए इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों को शामिल करना चाहिए।

दिल्ली मोटर वाहन एग्रीगेटर और डिलीवरी सेवा प्रदाता योजना 2023 से संबंधित फाइल अब उपराज्यपाल कार्यालय को भेजी गई है।

बाइक टैक्सी चालकों द्वारा लिखे गए पत्र के अनुसार, योजना में अनिवार्य रूप से कहा गया है कि दिल्ली में केवल इलेक्ट्रिक बाइक टैक्सियों को चलाने की अनुमति दी जाएगी और अन्य ईंधन प्रकार की बाइक टैक्सियों का संचालन प्रतिबंधित होगा। इस योजना को अधिसूचित करने से सरकार आय के एकमात्र स्त्रोत पर रोक लगा देगी जिससे न सिर्फ हमारा बल्कि हमारे पूरे परिवार का भरण-पोषण होता है। उपराज्यपाल के अलावा सांसद गौतम गंभीर और रिवहन मंत्री कैलाश गहलोत को भी पत्र भेजा गया है। योजना में समान आपूर्ति सेवा प्रदाताओं को दोपहिया और तिपहिया वाहनों के बेड़े में छह महीने में 10 प्रतिशत वाहनों को इलेक्ट्रिक वाहनों से बदलना होगा।

## नरेला रामलीला मैदान में बड़ा हादसा टला

**नई दिल्ली।** नरेला स्थित रामलीला मैदान में तकनीकी खराबी के कारण बड़ा झूला चलते चलते बीच में ही रुक गया। झूले में सवार 20 लोगों को सुरक्षित उतारा गया।

इस हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। सोशल मीडिया में वायरल हो रहे घटना के वीडियो में कई लोग बड़े झूले में फंसे हुए नजर आ रहे हैं, जिन्हें बचाने के लिए अन्य लोग झूले पर चढ़ने की कोशिश करते दिख रहे हैं। दमकल विभाग के एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को बताया कि बुधवार रात करीब सवा 11 बजे सुभाष रामलीला मैदान से 20 से अधिक लोगों के बड़े झूले पर फंसे होने की जानकारी मिली थी।

# यमुना की सफाई परियोजाएं समय से पीछे

● दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण कमेटी की हालिया रिपोर्ट से सामने आई

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

यमुना नदी की सफाई के उद्देश्य से कई प्रमुख परियोजनाएं तय समय से पीछे हैं। यह बात दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण कमेटी की हालिया रिपोर्ट से सामने आई है। राष्ट्रीय हरित अधिकरण को सौंपी गई रिपोर्ट, नदी में प्रदूषण को कम करने के लिए दिल्ली जल बोर्ड और दिल्ली विकास प्राधिकरण द्वारा शुरू की गई परियोजनाओं में विलंब पर प्रकाश डालती है।

परियोजनाओं में नए मलजल शोधन संयंत्र का निर्माण, मौजूदा संयंत्रों की मरम्मत, अनधिकृत कॉलोनियों में सीवर लाइन बिछाना, सीवर से गाद निकालना और शोधित अपशिष्ट जल का उपयोग शामिल है। ए पहल यमुना निर्मलीकरण कार्ययोजना का हिस्सा है। डीपीसीसी की रिपोर्ट के अनुसार, कई खंडों में विभाजित यमुना के डूब क्षेत्रों को पूर्व की स्थिति में लाने संबंधी डीडीए के कार्य में छह से 12 महीने की देरी हुई है। रिपोर्ट से पता चलता है कि ओखला में 12.4 करोड़ गैलन प्रतिदिन की क्षमता के नए एसटीपी के निर्माण में नौ महीने की देरी हो चुकी है और अब इसके अगले साल मार्च तक पूरा होने की उम्मीद है। इसके अनुसार, सोनिया विहार में सात एमजीडी क्षमता वाले एसटीपी के निर्माण में चार महीने की देरी हो गई है, जिसे 2023 के अंत तक पूरा करने का नया लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

वजीराबाद और ओखला के बीच यमुना का 22 किलोमीटर का विस्तार नदी की कुल लंबाई का दो प्रतिशत से भी कम है, लेकिन यह नदी के लगभग 75 प्रतिशत प्रदूषण के लिए जिम्मेदार है। नदी में प्रदूषण के उच्च स्तर का कारण अनधिकृत कॉलोनियों और झुग्गी-झोपड़ियों से बिना शोधित अपशिष्ट जल के साथ-साथ एसटीपी और सामान्य अपशिष्ट उपचार संयंत्रों से निकलने वाले शोधित अपशिष्ट जल की खराब गुणवत्ता है।

## संक्षिप्त समाचार



अनीशा कौल के काव्य संग्रह का विमोचन करती प्राचार्य रमा व अन्य।

### काव्य संग्रह का 'दे हैव ए नेम फॉर इट' का विमोचन

**नई दिल्ली।** कश्मीरी हिन्दुओं के विस्थापन पर केंद्रित काव्य संग्रह 'दे हैव ए नेम फॉर इट' का विमोचन हंसराज कॉलेज में संपन्न हुआ। इस काव्य संग्रह की लेखिका जम्मू की रहने वाली अनीशा कौल हैं। यह काव्य संग्रह कश्मीरी हिन्दुओं के साथ होने वाली दिल दहला देने वाली एक यात्रा को बयान करता है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि और दिल्ली भाजपा महामंत्री हर्ष मल्होत्रा ने रहे। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता प्रसिद्द लेखक आदित्यराज कौल, विशिष्ट अतिथि डूटा कार्यकारिणी सदस्य डॉ. अदिति पासवान, प्रोफेसर राज वेदम, हंसराज कॉलेज की प्राचार्य प्रो. रमा, कार्यक्रम संयोजक डॉ. प्रभांशु ओझा, संचालक मानवी सिंह, डिप्टी प्रॉक्टर डॉ. सौरभ उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम लिटरेरी सोसायटी हंसराज कॉलेज द्वारा आयोजित किया गया।

### बुजुर्ग महिला ने दी कैंसर को मात



**नई दिल्ली।** एक दुर्लभ मामले में डॉक्टरों ने 89 वर्षीय जसबीर कौर को अकेले रेडिएशन थेरेपी का उपयोग करके कैंसर को हराने में मदद की। पंजाबी बाग इलाके की जसबीर कौर को पिछले साल मलाशय के एडवांस एडेनोकार्सिनोमा (एक तरह का कैंसर) का पता चला था। इलाज से पहले उसे मल त्यागने में बहुत परेशानी हो रही थी। उनके मामले में डॉक्टरों की टीम ने उनकी उम्र और अन्य बीमारियों को देखते हुए विस्तृत योजना बनाई और 25 सत्रों के लिए टोमोथेरेपी का उपयोग करके (आईजीआरटी) देने का फैसला किया। 3 महीने के बाद उसका मूल्यांकन किया गया और डॉक्टरों को आश्चर्य हुआ कि उसकी रिपोर्ट में पूरी तरह से सुधार दिखा। उनके लक्षण भी पूरी तरह से दूर हो गए। कैंसर पर जीत हासिल करने के बाद उन्होंने पिछले महीने परिवार के साथ अपना 89वां जन्मदिन मनाया। उनकी सबसे बड़ी प्रेरणा अपने पोते-पोतियों की शादी देखना है। जसबीर कौर का इलाज करने वाले मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. विनीत नाकरा ने कहा, रेडिएशन थेरेपी एक अत्यंत टार्गेटेड उपचार है जो शरीर में कहीं भी कैंसर हो, उस पर सटीक रूप से काम करता है।

### एमएसपी बढ़ने पर भारतीय किसान संघ ने किया स्वागत

**नई दिल्ली।** केन्द्र सरकार द्वारा अनाजों के समर्थन मूल्य में वृद्धि किए जाने के ऐलान का भारतीय किसान संघ ने समर्थन और स्वागत किया है। संघ का कहना है कि लागत के आधार पर लाभकारी मूल्य की दिशा में समर्थन मूल्य में बढ़त किसानों की आर्थिक उन्नति का ठोस कदम है। भारतीय किसान संघ के अखिल भारतीय महामंत्री मोहिनी मोहन मिश्र ने कहा कि मंडियों व बाजारों में किसान विक्रेता है। फिर भी सरकारें विभिन्न प्रकार से टेक्स वसूली किसानों से करती है। हमारी मांग है कि राज्य सरकारें तत्काल इस पर रोक लगायें। मिश्र ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार की आयात निर्यात नीति में बदलाव का लाभ लेने के लिये कुछ व्यापारी समूह किसानों की उपज न्यूनतम समर्थन मूल्य से नीचे खरीदने का प्रयास करते हैं। जबकि अधिकतर निर्यातक व्यापारी न्यूनतम समर्थन मूल्य से ऊपर खरीद करना चाहते हैं। मिश्र ने कहा कि एमएसपी के बढ़ुने से किसानों की स्थिति में निसंदेह सुधार होगा, लेकिन मंडियों में लगने वाले टैक्स की मार से अभी भी किसान आहत है। यदि इस इंतजाम को भी किसान हितैषी बना दिया जाए तो ये बड़ी उपलब्धि होगी।

# कला उत्सवः भारत, जापान और ब्राजील की दिखी साझा संस्कृति

## डीयू संस्कृति परिषद के सहयोग से जी-20 सांस्कृतिक सह शैक्षणिक गतिविधियों के हिस्से के रूप में दो दिवसीय कार्यक्रम संपन्न

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली विश्वविद्यालय के एंथ्रोपोलॉजी विभाग द्वारा डीयू संस्कृति परिषद के सहयोग से दो दिवसीय 'कला उत्सव' का आयोजन किया गया। रामजस कॉलेज ऑडिटोरियम में आयोजित इस कार्यक्रम में भारत, जापान और ब्राजील की आपसी समझ को बढ़ावा देने में संस्कृति की शक्ति का प्रदर्शन किया गया।

कला उत्सव में भारतीय, जापानी और ब्राजीलियाई संस्कृतियों का जीवंत मिश्रण प्रदर्शित किया गया, जो विभिल्ल कला रूपों के माध्यम से उनकी समृद्ध विरासत, परंपराओं और कलात्मक अभिव्यक्तियों का जश्न मनाने के लिए एक मंच प्रदान करता है। पहले दिन सांस्कृतिक संध्या में ईस्ट एशियाई अध्ययन विभाग ने भारत-जापान सांस्कृतिक संध्या प्रस्तुत करने में सहयोग किया। इसमें जापानी लोक नृत्य सकुरा सकुरा ओडोरी, क्यू साकामोटो द्वारा उए वो मुइते अरुकौ (सुकियाकी) की प्रस्तुति, जापानी कहानी द चाइल्ड गॉड्स को दर्शाने वाला एक नाटक और पंजाब के क्षेत्रीय भारतीय गीतों का मिश्रण सहित मनमोहक प्रदर्शन शामिल थे। महाराष्ट्र, बंगाल और केरल व आंध्र प्रदेश का कुचिपुड़ी नृत्य और मंत्रमुग्ध कर देने वाली बांसुरी-तबला जुगलबंदी भी इस शाम का हिस्सा रही। कार्यक्रम के दूसरे दिन जी-20 इंडो-ब्राजील सांस्कृतिक संध्या के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय संबंधों को बढ़ावा देने और आपसी समझ को बढ़ाने में संस्कृति की शक्ति को स्थापित करने का काम किया। इसके अतिरिक्त, ब्राजील के फेडरल यूनिवर्सिटी ऑफ पियाउई से मैरिएन दा सिल्वा पिसानी द्वारा ब्राजील में फुटबॉल और महिलाएं राष्ट्रीय खेल के विकास में लैंगिक समानता विषय पर एक महत्वपूर्ण चर्चा हुई। मुख्य अतिथि के रूप में डीयू संस्कृति परिषद के चेयरपर्सन अनूप लाठर ने इस बात पर प्रकाश डाला कि कैसे संस्कृति भौगोलिक सीमाओं को पार करती है और लोगों को एक साथ लाती है, जो हमारे देश की अविश्वसनीय विविधता को रेखांकित करती है। विशिष्ट अतिथि डीन प्रो. रविंदर कुमार ने हमारी विरासत को संरक्षित करने के साधन के रूप में सदियों पुराने ज्ञान, सूचना और सांस्कृतिक परंपराओं को एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक पारित करने के महत्व पर जोर दिया।



जापानी लोक नृत्य सकुरा सकुरा ओडोरी करतीं महिला कलाकार।

## डीयू में सतर्कता जागरूकता अभियान शुरू

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सतर्कता आयोग द्वारा घोषित सतर्कता जागरूकता अभियान का शुभारंभ दिल्ली विश्वविद्यालय में गुरुवार देर शाम को हुआ। इस अवसर पर दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने उपस्थित शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों व विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि केवल पैसे लेना ही भ्रष्टाचार नहीं है, बल्कि यह तो भ्रष्टाचार का एक रूप मात्र हो सकता है। वेतन लेकर न पढ़ाना अथवा अपने को आवंटित काम को न करना भी भ्रष्टाचार के ही दायरे में आता है। इस अवसर पर कुलपति ने शिक्षकों से आह्वान किया कि वे अच्छे काम करने वाले लोगों और मनों को तैयार करें।

# माहिरा होम्स में फ्लैट लेने को फिर हरेरा कार्यालय पर गरजे खरीदार

## हरेरा व डीटीसीपी विभाग के अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर उठाए सवाल

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम में हरेरा कार्यालय पर अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन करते फ्लैट खरीदार।

**कांग्रेस** के विधायक धर्म सिंह छोकर की कंपनी माहिरा होम्स कंपनी में पिछले तीन साल से फ्लैट बुकिंग कराने के बाद अपने घर का सपना पूरा होने का सपना देख रहे खरीदारों ने गुरुवार को एक बार फिर से यहां सिविल लाइन स्थित हरेरा कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने विधायक धर्म सिंह छोंकर व उनके बेटे विकास व सिकन्दर पर करीब 5000 फ्लैट खरीदारों के साथ धोखाधड़ी करने का आरोप लगाते हुए उन पर कार्रवाई करने की मांग की।

हरेरा कार्यालय पर प्रदर्शन करने के दौरान माहिरा होम्स सेक्टर-104 के प्रधान कमल भारद्वाज, सेक्टर-63ए से अभिषेक वाही, सेक्टर-95 से जोश मैथ्यू ने बताया कि माहिरा होम्स की कपंनी ने गुरुग्राम में सेक्टर-103 व 104, सेक्टर-63ए, सेक्टर-95 व सेक्टर-68 में अफोर्डेबल हाउसिंग के 5 प्रोजेक्ट लांच किए थे। वर्ष 2020-21 में लांच किए गए इन प्रोजेक्ट में करीब 5000 लोगों को फ्लैट आवंटित हुए। लोगों ने 5 से लेकर 25 लाख रुपये तक माहिरा होम्स कंपनी को जमा करा दिए। इस तरह से 300 करोड़ रुपये से अधिक की रकम माहिरा होम्स में जमा हुई। खरीदारों को उम्मीद बंधी कि उन्हें जल्द ही फ्लैट मिल जाएंगे। समय बीतता गया, लेकिन जमीनी स्तर पर कोई काम नजर नहीं आया। सभी प्रोजेक्ट पर कहीं जमीन खोद दी गई तो कहीं बेसमेंट बनाया गया। कहीं एक फ्लोर बनाकर छोड़ दिया गया।

**माहिरा होम्स पर रेरा नहीं बना रहा कोई दबाव :** माहिरा होम्स में फ्लैट खरीदारों के एडवोकेट अभय जैन का कहना है कि कंपनी द्वारा 300 करोड़ रुपये दूसरे काम के लिए डायवर्ट करने के बाद भी सिर्फ कागजी कार्यवाही ही रेरा ने की है। खरीदारों के साथ बिल्डरों द्वारा की जाने वाली धोखाधड़ी पर अंकुश लगाने के लिए रेरा गठन हुआ था, लेकिन रेरा पीड़ितों को न्याय नहीं दे पा रहा।

**ब्लैकलिस्ट करके फिर से कंपनी को कर दिया बहाल :** कमल भारद्वाज, अभिषेक वाही, जोश मैथ्यू ने कहा कि कंपनी ने लोगों द्वारा अपने घर के लिए जमा कराए गए 300 करोड़ से अधिक की राशि दूसरे काम के लिए डायवर्ट कर ली। जबकि रेरा का नियम है कि जिस प्रोजेक्ट के लिए जो राशि खरीदारों द्वारा जमा कराई जाती है, वह उसी प्रोजेक्ट में खर्च हो। फ्लैट खरीदारों ने रेरा में कपंनी के खिलाफ केस दर्ज कराया। रेरा ने कंपनी को आदेश दिए कि जो पैसा डायवर्ट किया है, वह इन्हीं प्रोजेक्ट के लिए वापस खातों में जमा हो। कंपनी ने रेरा के आदेशों को ठेंगा दिखाते हुए ऐसा कुछ नहीं किया। करीब 3 साल बीत चुके हैं, लेकिन कंपनी रेरा का कोई आदेश नहीं मान रही। डीटीसीपी ने कंपनी को पहले ब्लैक लिस्ट किया था।

# मानेसर निगम क्षेत्र में पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर बनाए जाएंगे 10 वेंडिंग जोन



मानेसर नगर निगम में बैठक लेते निगमायुक्त अशोक कुमार गर्ग।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**मानेसर** नगर निगम क्षेत्र में रेहड़ी, फड़ी लगाकर आजीविका कमाने वालें लोगों के लिए स्ट्रीट वेंडिंग जोन पॉलिसी के तहत स्थायी शेड बनाए जाएंगे। पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर आईएमटी क्षेत्र में 10 वेंडिंग जोन के लिए जगह चिन्हित कर ली गई है। चिन्हित साइट्स को अप्रूवल के लिए हरियाणा औद्योगिक संरचना विकास निगम को भेजा दिया गया है। संयुक्त आयुक्त दिनेश कुमार की अध्यक्षता में एक कमिटी बनाई गई। यह कमिटी मानेसर निगम क्षेत्र में रेहड़ी लगाकर व्यापार करने वाले अन्य लोगों की पहचान वेंडिंग जोन मुहैया करवाएगी। गुरुवार को स्ट्रीट वेंडिंग कमेटी की बैठक में आयुक्त अशोक कुमार गर्ग ने कहा कि मानेसर निगम क्षेत्र में रेहड़ी आदि लगाकर व्यापार करने वाले सभी लोगों की पहचान करके उन्हें स्ट्रीट वेंडिंग जोन पॉलिसी के तहत पक्के और स्थायी शेड बनाकर दिए जाएंगे। इस दौरान उन्होंने बैठक में शामिल कमिटी मेंबर (रेहड़ी वाले) को कहा कि जब तक स्थायी शेड न मिले तब तक रेहड़ी से किसी प्रकार का अतिक्रमण न हो, ग्रीन बेल्ट आदि को गंदा न करें और कूड़े को इधर-उधर न फेंके, इस बात का विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार

### मंडी में पांच दिन से घट रही है बाजरे की आवक

**सोहना।** स्थानीय अनाज मंडी में किसानों द्वारा बिक्री के लिए लाया जाने वाला बाजरा की आवक पिछले 5 दिन से कम हो गई है। एक दिन में 450 से 500 क्विंटल बाजरे की आवक हो रही है। बाजरे की सरकारी खरीद अभी भी चल रही है। स्थानीय अनाज मंडी में 25 सितम्बर से शुरु हुई बाजरे की सरकारी खरीद अभी भी जारी है। अब तक स्थानीय मंडी में बाजरे की कुल आवक 57 हजार 160 क्विंटल हुई है। जिसमें 49 हजार 405 क्विंटल बाजरा सरकार के खाते में खरीदा गया है। जबकि 7 हजार 755 क्विंटल बाजरा निजी एजेंसियों ने खरीद किया है। सरकार के खाते में खरीदा गया 49 हजार 405 क्विंटल में से 13 हजार 366 क्विंटल बाजरा का उठाव नहीं हुआ है। 36 हजार 39 क्विंटल बाजरे का लदान कराने के बाद पलवल में बना सरकारी खोदाम में भेज दिया है। बीते पांच दिन से बाजरे की आवक हर दिन कम हो रही है। औसतन अब स्थानीय मंडी में एक दिन के अंदर 450 से 500 क्विंटल बाजरा की आवक हो रही है। जिसमें कुछ किसान अपने बाजरे को निजी एजेंसियों को बेच रहे है। निजी एजेंसी किसान के बाजरे को 1600 से 1900 रुपये में खरीद कर रहे है। जबकि सरकार ने इस वर्ष बाजरे का समर्थन मूल्य 2500 रुपये प्रति क्विंटल किया हुआ है।

### ग्रामीण सफाई कर्मियों का धरना 10वें दिन भी जारी



बीडीपीओ कार्यालय में अपनी मांगों को लेकर धरना पर बैठें सफाई कर्मी।

**सोहना।** ग्रामीण सफाई कर्मियों का मांगों को लेकर बीडीपीओ कार्यालय में 10वें दिन भी धरना जारी रहा। इससे एक दिन पहले सफाई कर्मियों ने प्रदेश मुख्यमंत्री का पुतला फूंक्का और विरोध प्रदर्शन रैली निकाली। खंड की 35 ग्राम पंचायतों में तैनात सफाई कर्मियों का 10 अक्तूबर से चला आ रहा मांगों को लेकर धरना 23 अक्तूबर तक चलेगा। गुरुवार को धरना का 10वां दिन था। सफाई कर्मी सुबह 10 बजे से सायं 5 बजे तक धरना में आकर बैठ रहे है। कर्मचारी यूनियन की ब्लॉक प्रधान बिमलेश ने बताया कि यह धरना अब मांगें पूरी होने पर ही समाप्त किया जाएगा। यूनियन की प्रदेश स्तर पर फैसला जल्द ही लिया जाएगा। अभी उनका धरना 23 अक्तूबर तक है। ब्लॉक प्रधान ने बताया कि सफाई करने के लिए कर्मचारियों के पास न तो औजार हैं। न ही उन्हें साबुन-तेल दिया जाता है। न ही उनका पीएफ खाते में जमा हो रहा है। जबकि उनके वेतन में से हर माह पीएफकाटा जा रहा है। सभी कर्मचारियों को ईएसआई की सुविधा नही दी जा रही है। सफाई कर्मियों को हर माह वेतन नहीं मिलता। तीन से चार माह के बाद वेतन दिया जा रहा है। ग्राम पंचायतों में सी ई कर्मियों की संख्या बढ़ाई जाए। आज तक सफाई कर्मियों की संख्या में बढ़ोत्तरी नहीं की गई है। जबकि ग्राम पंचायतों में हर साल 10 से 15 फीसदी आबादी क्षेत्र बढ़ रहा है।

### गोल्फ कोर्स रोड पर चलती कार से पटाखे चलाने का वीडियो वायरल



**गुरुग्राम।** शहर के गोल्फ कोर्स रोड पर चलती कार से पटाखे चलाने का वीडियो वायरल हुआ है। जिस तरह से आरोपियों ने कार की नंबर प्लेट हटाकर नियमों के विरुद्ध यह कार्य किया है, उससे लगता है कि वे अपनी पहचान भी छिपाना चाहते थे। फिलहाल वायरल वीडियो की जांच करके पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई है। गोल्फ कोर्स रोड पर सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में नजर आ रहा है कि एक युवक ड्राइवर साइड की तरफ से कार से बाहर निकलकर स्टंट करता है। चलती कार से पटाखे छुड़ाए जा रहे हैं। पीछे जा रही कार से यह वीडियो बनाया गया है। गुरुग्राम ट्रैफिक पुलिस के डीसीपी वीरेंद्र विज ने कहा कि चलती गाड़ी से स्टंट व आतिशबाजी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पुलिस को भी इसका पता चला है। गाड़ी पर कोई नंबर प्लेट नहीं लगी थी। इस वजह से गाड़ी की पहचान करने में परेशानी आ रही है। उन्होंने दावा किया कि जल्द ही गुरुग्राम पुलिस इस गाड़ी को अपनी हिरासत में लेकर आरोपियों को पकड़ लेगी। गौरतलब है कि पिछले साल भी गुरुग्राम के साइबर हब रोड पर एक युवक अपनी चलती गाड़ी पर पटाखे चलाते नजर आया था। उसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। पुलिस ने तुरंत कार्यवाही करते हुए युवक व गाड़ी को कब्जे में लिया था।

### सिविल डिफेंस सेवा में शामिल हों स्वयसेवक

**गुरुग्राम।** गुरुवार को सिविल डिफेंस गुरुग्राम के पुनर्गठन, पुनर्सरचना एवं विस्तारीकरण के लिए एनसी शर्मा चीफ वार्डन की अध्यक्षता में बैठक हुई। इस बैठक मे सिविल डिफेंस गुरुग्राम के वरिष्ठ वार्डन शामिल हुए। सिविल डिफेंस की वार्डन स्वयंसेवकों की टीम गुरुग्राम प्रशासन के साथ सदैव बेहतर प्रयासों के साथ समाज की सेवा के लिए तैयार रहती है। इस टीम ने समाज सेवक की भूमिका निभाते हुए हर सम्भव आवश्यक कदम उठाये हैं ताकि इस नागरिक सुरक्षा की टीम को और बेहतर एवम सुदृढ बनाया जा सके। सिविल डिफेंस गुरुग्राम की टीम को ओर विस्तार देने के लिए अन्य स्वयसेवकों को भी शामिल किया जायेगा। कोई भी नागरिक इसमें शामिल होकर अपनी सेवा देना चाहता है तो वह सिविल डिफेंस गुरुग्राम के डिप्टी कंट्रोलर कार्यालय पर संपर्क कर सकता है।

# डायल 112 एप, दुर्गा शक्ति को जन-जन पहुंचाने में जुटी गुरुग्राम पुलिस



गुरुग्राम के स्कूल में बच्चों को जागरुक करते पुलिस अधिकारी।

**गुरुग्राम।** अपराधों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से डायल 112 एप और दुर्गा शक्ति को जन-जन तक पहुंचाने में गुरुग्राम पुलिस तनमयता से लगी है। चाहे स्कूल हो, कालेज हो, कंपनियां हों या फिर सार्वजनिक स्थल। हर जगह पुलिस सेमीनार, कार्यशाला करके जागरुकता फैला रही है।

पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा के निर्देशानुसार गुरुग्राम पुलिस द्वारा डायल 112 महिला सुरक्षा के लिए एक विशेष एप्लिकेशन बनवाया गया था। इस विशेष ऐप के माध्यम से महिलाओं को इस ऐप पर उनकी डिटेल्स जैसे नाम, मोबाइल नंबर, पता एक बार अपडेट करना होगा, ताकि महिलाओं की सुरक्षा करने में मदद की जा सके। किसी भी समय असुरक्षित स्थिति महसूस करने पर पुलिस के द्वारा महिलाओं की मदद जा सके। अगर किसी महिला के मोबाइल में पहले से ही डायल 112 ऐप डाउनलोड/इंस्टाल है तो उसे फिर से अपनी डिटेल नहीं डालती।

# राम चले वनवास, पुत्र विरोग में राजा दशरथ ने त्यागे प्राण

## जैकबपुरा की श्री दुर्गा रामलीला में किया जीवंत अभिनय

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम में राम वनवास के दौरान की लीला का दृश्य।

**जैकबपुरा** स्थित श्री दुर्गा रामलीला के छठे दिन की लीला में पुत्र वियोग में राजा दशरथ ने प्राण त्यागने से लेकर भरत के ननिहाल में पहुंचने की लीला का मंचन किय गया। कलाकारों ने रामलीला में जीवंत अभिनय किया।

लीला में दिखाया गया कि राम-लक्ष्मण और सीता वनों में जा रहे हैं। इस दौरान उनकी निषादराज से भेंट होती है। तीनों को वनों में छोड़कर सुमंत अयोध्या महल में लौटते हैं। केवट ने राम, लक्ष्मण और सीता को नदी पार करवाई। इससे पहले उन्होंने तीनों के चरण धोकर उस पानी को पीया। दूसरी ओर भरत, शत्रुघ्न ननिहाल से अयोध्या पहुंचे। माहौल तनावपूर्ण था।

भरत के बार-बार पूछने पर मां कैकेयी ने बताया कि उसने राजा दशरथ से भरत के लिए राज और राम को 14 वर्ष का वनवास मांगा है तो भरत आग-बबूला हो उठते हैं। वे अपनी मां को पापिन, कुलक्षणी जैसे शब्दों से संबोधित करते हैं। साथ ही पिता की मौत का दुख प्रकट करते हुए कहते हैं-छोड़कर हमको किसके सहारे, हे पिता जी किधर को सिधारे, ये अकेले किधर की तैयारी, हाय फूटी है किस्मत हमारी। इसी बीच कैकेयी भरत को समझाते हुए कहती है कि अब तुम अयोध्या का राज संभालो। भरत अपनी मां कैकेयी से कहते हैं-मुझे तेरा राज्य विष के बराबर लगता है, जिसे तू राज्य समझ रही है, मुझे वह कंकड़-पत्थर लगता है। पेड़ को काटकर पत्तों को सींचना चाहती हो, कर दिया नाश कुल का, अब मुंह दिखाना चाहती हो। इसके बाद भरत को राजा दशरथ का अंतिम संस्कार करने का कहा जाता है। भरत माता कौशल्या से भी मुलाकात करते हैं। कौशल्या उन्हें आराम से अयोध्या का राज करने को कहती है। इसके जवाब में भरत कहते हैं कि माता ऐसा नहीं हो सकता कि बड़े भाई के रहते छोटा भाई राज करे।

भरत बोले-ऐ माता मेरे बदन में मत लगावै आग, पापन के पैदा हुआ फूटे मेरे भाग, तेरे चरणों की सौगंध है माता मुझे, इस शरारत का बिल्कुल पता ही नहीं, जो है इल्जाम दो तो तुम्हारी खुशी, वरना इसमें मेरी कुछ खता ही नहीं। इतना कहकर भरत बेहोश हो जाते हैं।

# राम बारात में झूमकर नाचे शहरवासी

पायनियर समाचार सेवा। सोहना



सोहना में निकाली गई राम बारात।

**शहर** में भगवान राम के विवाह से पहले शहर में राम बारात निकाली गई जिसमें श्रद्धालु झूमकर नाचे श्रद्धालु। इस अवसर पर निकाली गई झांकियों ने शहरवासियों का मन नाचने के लिए मजबूर कर दिया।

रामलीलाओं का मंचन देखने वालों का भारी भीड़ जुट रही है। वहीं मंगलवार और बुधवार को दो दिन शहर में निकाली गई राम बारात में शानदार झाकियों निकाली। जिन्हे देखने के लिए शहरवासियों अपने घरों से बाहर निकले और बारात में शामिल हुए। शहर की शानदार रामलीला क्लब ने शिव कुंड से हनुमान बगीची तक करीब एक किलोमीटर की दूरी में राम बारात की चढ़ाई कराई। वहीं बुधवार को सनातन धर्म रामलीला क्लब ने बुधवार को शहर के बीचों बीच राम मंदिर से पंजाबी धर्मशाला तक राम बारात निकाली। दोनों ही दिन राम बारात देखेन वालों की भारी भीड़ उन रास्तो पर जुट गई। जहां-जहां से बारात निकाली गई।

बारात चढ़त के दौरान जमकर आतिशिबाजी चली। बैंड-बाजे और झांकियों को देखने वालों की नजरें हटने का नाम नहीं ले रही थी। झांकियों में भगवान राम, माता सीता, भाई लक्ष्मण समेत अन्य की वेशभूषा में रामायण के पत्रों की अलग-अलग झांकियों ने शहरवासियों का मन मोह लिया। छोटे बच्चों से लेकर पुरुष महिलाएं व वृद्धों ने भी राम बारात को देखा और कुछ कदम ही सही और कुछ कदम ही पैदल चलकर बाराती बनने।

भगवान राम की बारात को शहर में करीब दो से तीन घंटा तक घूमाया। इस दौरान शहरवासियो ने जमकर नाच नाचा और बच्चों से लेकर युवा और वृद्धों ने डांस किया।

# शुभांजलि सैलून ने शास्त्री नगर, गाजियाबाद में यूनिसेक्स सैलून और अकादमी का किया नवीनीकरण

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



**भारत** के प्रमुख हाई-स्ट्रीट यूनिसेक्स ब्रांड, शुभांजलि सैलून एंड एकेडमी, जो पूरे भारत में कई नए सैलून की श्रृंखला लाने की तैयारी में है। चिरंजीव विहार, शास्त्री नगर, गाजियाबाद उत्तर प्रदेश में अपने फ्लैगशिप सैलून को फिर से लॉन्च और पुरे हिंदुस्तान में नए सैलून खोलने की घोषणा की है। यह सैलून गाज़ियाबाद स्थित मल्टीस्पेशलिटी की अंडर वन रूफ आल फैसिलिटी के लिए प्रसिद्ध है। यह यूनिसेक्स सैलून हाईटेक टेक्नोलॉजी, उपकरणों एवं सभी सुविधाए से लेस है। शुभांजलि सैलून की विशेषता केंमिकल बेस्ड ट्रीटमेंट जैसे हेयर ट्रीटमेंट, फेस ट्रीटमेंट, स्किन ट्रीटमेंट, बॉडी स्पा आदि है।

देविका चौधरी,(संस्थापक और प्रबंध निदेशक) ने अपने कस्टमर्स और मशहूर हस्तियों की बीच अपनी अलग पहचान रखने वाली पिछले 15 सालो से भी ज्यादा अपनी सेवाए कई बड़े ब्रांड्स को भी दे चूँकि है। देविका चौधरी ने बताया कि "हम ग़ाज़ियाबाद के चिरंजीव विहार, शास्त्री नगर, में 2000 स्क्वायर वर्ग फुट के इंटीरियर के साथ सिग्नेचर सैलून के विस्तार और रीलॉन्च की शुरुआत से बहुत खुश हैं। शुभांजलि सैलून पिछले लंबे समय से पेशेवर हेयर केयर और ब्यूटी फील्ड में अपनी नई पहचान बना रहा है। हमारा इंटीरियर उस अनुभव का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है जो हम अपने ग्राहकों को देना चाहते हैं। इस क्षेत्र को और विकसित करने के अलावा, हमने हाल ही में ब्यूटी संबंधी सेवाएं शुरू की हैं, जिनमें हाइड्रा फेशियल, बीबी ग्लो फेशियल और अन्य सेवाएं शामिल हैं। साथ ही हम ब्यूटी और मेकअप की इंडस्ट्री में इच्छा रखने वालों के लिए अकादमी के माध्यम से उन्हें ट्रेनिंग और रोजगार का साधन भी दे रहे है।

# जेवर खुर्जा के पहले विधायक छत्रपाल सिंह की पुण्यतिथि आयोजित

## पक्ष-विपक्ष के नेताओं ने कार्यक्रम में दी श्रद्धांजलि

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



जेवर खुर्जा के प्रथम विधायक ठाकुर छत्रपाल सिंह को श्रद्धांजलि देते राष्ट्रीय प्रवक्ता गोपाल कृष्ण अग्रवाल, एमएलसी विधायक सतपाल सैनी, गजेंद्र मावी व एमएलसी विधायक सतपाल सैनी का स्वागत करते भाजपा के जिला आईटी संयोजक चंद्रमणि भारद्वाज व युवा भाजपा नेता मनजीत सिंह।

**जेवर** विधानसभा क्षेत्र के गांव दयानतपुर में जेवर खुर्जा के प्रथम विधायक ठाकुर छत्रपाल सिंह जी की सातवीं पुण्यतिथि पर लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। गौतम बुद्ध नगर के भाजपा जिला अध्यक्ष गजेंद्र मावी ने भी उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

पूर्व विधायक ठाकुर छत्रपाल सिंह जी के पौत्र भाजपा के जिला कार्यकारी सदस्य एवं युवा नेता मनजीत सिंह ने सभी गणमान्य लोगों का स्वागत किया। मोहित ठाकुर ने सभी अतिथियों को भगवान राधा-कृष्ण की तस्वीर भेंट कर सम्मान किया।

ठाकुर छत्रपाल सिंह जी 1957 में सोशलिस्ट पार्टी की टिकट पर जेवर खुर्जा विधानसभा से निर्वाचित हुए थे। वह किसानों के सच्चे हितैषी, मृदु भाषी व स्वच्छ छवि के नेता थे। उन्होंने अपने कार्यकाल में कई ऐतिहासिक फैसले लिए। पुण्यतिथि के अवसर पर पक्ष-विपक्ष के कई बड़े नेता उनके आवास पर श्रद्धांजलि देने पहुंचे।

इस अवसर पर भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गोपाल कृष्ण अग्रवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा एमएलसी विधायक व पूर्व सांसद मुरादाबाद सतपाल सैनी, पूर्व मंत्री वेदराम भाटी, खुर्जा से चार बार विधायक रहे ठाकुर हरपाल सिंह, सिकंदराबाद से पूर्व विधायक व यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष रहे राजेंद्र सोलंकी, सिकंदराबाद क्षेत्र से ही पूर्व विधायक विमला सोलंकी, समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री रहे पूर्व विधायक बंसी पहाड़िया, खुर्जा से पूर्व विधायक विजेंद्र सिंह, भाजपा के जिला एवं लोकसभा आईटी संयोजक चंद्रमणि भारद्वाज, दादरी नगर पालिका परिषद की चेयरपर्सन गीता पंडित, महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष पूनम सिसोदिया, दादरी ब्लॉक प्रमुख विजेंद्र भाटी, जेवर ब्लॉक प्रमुख राम पहाड़िया, सांसद प्रतिनिधि सतपाल तालान, भारतीय किसान यूनियन कृषक शक्ति के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमन ठाकुर, राष्ट्र उपाध्यक्ष हरीश छोकर, भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉक्टर दिनेश पाल सिंह, प्रधानाचार्य एवं जिला संयोजक शिक्षक प्रकोष्ठ कुलभूषण शर्मा, जिला महामंत्री दीपक भारद्वाज, जिला उपाध्यक्ष सत्येंद्र नागर, प्रज्ञान पब्लिक स्कूल के सीएमडी हरीश शर्मा, प्रधानाचार्य दीप्ति शर्मा, जिला पंचायत सदस्य नाहर सिंह सोलंकी, मास्टर नारायण सिंह मंडल अध्यक्ष रबूपुरा, उदयवीर चौधरी, रविंद्र शर्मा उर्फ बॉबी, मनोज जैन, देवेंद्र भारद्वाज, डॉक्टर प्रदीप चौधरी, मंडल महामंत्री जेवर रोहित ठाकुर, संजय रावत, मंडल अध्यक्ष रबूपुरा, युवा मोर्चा नरेश पंडित समेत अनेक लोगों ने श्रद्धांजलि दी।

# आज से शुरू होगा पांच दिवसीय भव्य एवं रंगारंग 'टीवी9 फेस्टिवल ऑफ इंडिया'

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



**त्योहारों** का सीज़न आने को तैयार हैं और हर जगह जश्न, उत्सवों, कार्यक्रमों आदि के बीच आज, शुक्रवार से पाचं दिवसीय भव्य रंगारंग 'टीवी9 फेस्टिवल ऑफ इंडिया' की शुरूआत होगी। 24 अक्टूबर तक मेजर ध्यानचन्द नेशनल स्टेडियम में चलने वाले इस फेस्टिवल में 200 से अधिक जीवनशैली और शॉपिंग स्टॉल, अंतर्राष्ट्रीय मार्वेल, लजीज़ व्यंजन, लाइव संगीत सहित कई आकर्षण मौजूद रहेंगे।' टीवी9 फेस्टिवल ऑफ इंडिया' एक शानदार कैनवास के रूप में काम करते हुए भारत की समृद्ध सांस्कृतिक टेपेस्ट्री का एक उल्लासपूर्ण उत्सव है। यह आपको भारतीय और वैश्विक संस्कृतियों के संयोजन से रूबरू कराते हुए बेहतरीन अनुभव प्रदान करेगा।

फेस्टिवल ऑफ इंडिया एक असाधारण लाइफस्टाइल एक्सपो है जो विविधता, संस्कृति और जीवनशैली का एक अविस्मरणीय उत्सव होगा। 'टीवी9 फेस्टिवल ऑफ इंडिया' भारत की बहुमुखी संस्कृति का उत्सव है, जहां देश की बेहतरीन कला, संगीत, भोजन, फैशन का प्रदर्शन किया जाएगा। इस वर्ष, यह उत्सव भारत की शानदार विरासत और वैश्विक संबंधों को मनाने और उसकी प्रशंसा करने के लिए विविध पृष्ठभूमि के लोगों को एकजुट करता है। भारत और वैश्विक टेपेस्ट्री के मूल सार का पता लगाने, खरीदारी करने, स्वाद लेने और स्मरण करने का एक शानदार अवसर प्रदान करता है यह उत्सव। चाहे आप संस्कृति के पारखी हों, खरीदारी के शौकीन हों या महाकाव्य के, या बस एक शानदार समय की तलाश में हों, यह कार्यक्रम हर पक्ष पर खरा उतरेगा।

इस उत्सव के आकर्षणों में - 200 से अधिक लाइफस्टाइल और शॉपिंग स्टॉल, जहां अत्याधुनिक घरेलू उपकरणों से लेकर नवीनतम तकनीकी गैजेट्स, फैशन-फॉरवर्ड पहनावा, उत्तम फर्नीचर और बहुत कुछ जैसे उत्पादों की एक शानदार श्रृंखला वह भी चौंका देने वाली कीमतों पर उपलब्ध रहेंगी। वही अंतर्राष्ट्रीय मार्वेल में - दिल्ली में रहते हुए आपको एक वैश्विक यात्रा पर ले जायेगा, क्योंकि इस उत्सव में तुर्की, ईरान, अफगानिस्तान, थाईलैंड और कई अन्य देशों की प्रदर्शनियाँ भी प्रस्तुत की जा रही हैं। दिल्ली में उत्सव हो और फूड ना हो, यह सम्भव नहीं है, तो ऐसे में इस उत्सव में आपको लजीज़ वैश्विक व्यंजनों के विविध चयन के साथ एक मनोरम साहसिक यात्रा पर जाने का अवसर भी मिलेगा।

# हड़ताल से नगर परिषद पलवल में दो महीने से विकास कार्य ठप

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल

**ठेकेदारों** की हड़ताल के चलते पलवल नगर परिषद में पिछले दो महीने से सभी विकास कार्य ठप हैं। जिसकी वजह से शहर की सीवर, पीने के पानी, सड़कों की मरम्मत, पार्कों की सफाई, पुराने सामुदायिक भवनों की मरम्मत, नए भवनों का निर्माण व दूसरे सभी विकास कार्य अधूरे पड़े हैं। जिससे शहरवासियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि विकास कार्य नहीं होने की वजह से पूरे शहर में बुरा हाल है। शहर मे जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हैं। वहीं पीने के पानी की लाइनों का कार्य बंद होने से कई ऊंची बस्तियों में पीने के पानी ही नहीं मिल पा रहा है।

## शहर में सफाई व्यवस्था का भी बुरा हाल

ठेकेदारों की हड़ताल के चलते से पिछले दो महीने से अधिक समय से पलवल नगर परिषद में सभी विकास के कार्य बीच में रुके है। वहीं नए विकास कार्य भी शुरू ही नहीं हो पा रहे हैं। जिससे पलवल शहर में जगह-जगह कूड़े के ढेर पड़े हैं।

पीने के पानी की लाइनों का कार्य अधूरा होने और नए शुरू नहीं होने की वजह से शहर की ऊंची बस्तियां जैसे थांई मोहल्ला, नीमतला, काजीवाडा, गुप्तागंज, गुर्जर वाडा, पुरानी हाउसंग बोर्ड कॉलोनी, भाटिया कॉलोनी, संजय




कॉलोनी, जवाहर नगर, न्यू कॉलोनी, आदर्श कॉलोनी, शेखपुरा, सल्लागढ़ आदि में पीने के पानी की समस्या बनी हुई है। इसकी वजह से नए ट्यूबवेल लगने व कॉलोनियों तक बिछाई जाने वाली पीने के पानी की लाइनों का काम तक बाधित है। इसकी वजह से सीवेरेज ड्रेनों की सफाई व्यवस्था भी पूरी तरह से ठप पड़ी है। जिससे शहर में जगह-जगह सड़कों व गलियों में सीवर का पानी निकल रहा है। कई जगह इस पानी के लगातार भरे रहने से मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। जिससे लोगों को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है।

हड़ताल की वजह से पार्कों की टूटी दीवारों की मरम्मत का कार्य भी नहीं हो पा रहा है। इसकी वजह से पार्कों में आवारा सुअर आदि का जमावडा रहता है। जिससे पार्कों मे गंदगी की भरमार हो गई है, पार्क बैठने लायक नहीं रहे हैं। टूटी सड़कों की मरम्मत नहीं होने से पुराने जीटी रोड, न्यू कॉलोनी रोड, रेलवे मार्ग, माल गोदाम मार्ग, पुराना सोहना मार्ग आदि पर गड्ढे बन गए हैं। इन गड्ढों में कई बार वाहन चालक गिरकर घायल तक हो जाते हैं। इसकी वजह से मोहन नगर में बनने वाले पार्क का कार्य भी बाधित है।

**ठेकेदारों** की हड़ताल के चलते पिछले दो महीने से अधिक समय से नगर परिषद के सभी विकास कार्य बंद पड़े हैं। जिससे शहर की सफाई व्यवस्था और दूसरे कार्य अधूरे पड़े हैं।

**-जन्नतसिंह, शहरवासी**

**ठेकेदारों** की हड़ताल के चलते शहर में सभी विकास कार्य बाधित हैं। जिससे शहर की सड़कों व पीने के पानी की लाइन तक नहीं बिछ पा रही है। इससे लोगों को कठिनाई हो रही है।

**-ओमसिंह शहरवासी**

**पिछले** दो महीने से नगर परिषद के ठेकेदार हड़ताल पर गए हुए हैं। जिसकी वजह से सभी नए व पुराने कार्य बंद पड़े हैं। ठेकेदारों की हड़ताल खुलने पर ही आगे कार्य शुरू हो सकते हैं। उससे पहले हम भी कुछ नहीं कर सकते।

**-सतपाल सिंह, कार्यकारी अभियंता नगर परिषद पलवल**

# सीएम फ्लाइंग ने अवैध शराब ठेके का किया भंडाफोड़

## सेल्समैन व मालिक को गिरफ्तार किया

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल



**सीएम** फ्लाइंग व सीआईडी की टीम ने संयुक्त रूप से आबकारी विभाग के अधिकारियों के साथ अवैध रूप से चल रहे शराब के ठेके पर छापेमारी कर भंडाफोड़ किया। छापेमारी के दौरान आबकारी विभाग ने ठेके से बरामद शराब को कब्जे में लेकर पुलिस को लिखित शिकायत दी। सदर थाना पुलिस ने आबकारी विभाग के इंस्पेक्टर की शिकायत पर आरोपी ठेके मालिक व सेल्समैन के खिलाफ केस दर्ज कर दोनों को गिरफ्तार कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

सदर थाना प्रभारी छत्रपाल के अनुसार, आबकारी विभाग के इंस्पेक्टर जिले सिंह ने दी शिकायत में कहा है कि जगदीश, शिव कुमार, प्रभुदयाल, सतबीर कटारिया एवं इंस्पेक्टर अश्विनी कुमार और विरेंद्र कौशिक की टीम ने संयुक्त रूप से केएमपी एक्सप्रेस-वे पर राजोलका गांव की जमीन पर चल रहे अवैध शराब के ठेके पर छापेमारी की।

टीम के साथ वे भी मौजूद रहे, जिन्होंने ठेके से बरामद शराब की 169 बोतल अंग्रेजी व 59 बोतल देसी शराब को कब्जे में ले लिया। शिकायत में कहा कि जब तीनों विभागों की टीम मौके पर पहुंची तो ठेके पर सेल्समैन सचिन नामक युवक मौके पर मिला। जिसके कब्जे से शराब बिक्री के 730 रुपए बरामद हुए। सेल्समैन सचिन ने बताया कि यह शराब का ठेका सेक्टर-8 फरीदाबाद दीपक राठी का है। वह तो केवल यहां सेल्समैन की नौकरी करता है।

टीम ने मौके से सचिन को हिरासत में ले लिया और दीपक राठी को भी मौके पर बुलाकर हिरासत में ले लिया। पुलिस ने मौके से हिरासत में लिए सेल्समैन सचिन व मालिक दीपक राठी को गिरफ्तार कर दोनों के खिलाफ आबकारी इंस्पेक्टर की लिखित शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# 26 जनवरी की परेड के लिए हुआ छात्रा भूमि का चयन

## भूमि को एनएसएस मैन सर्विस अवार्ड के खिताब से नवाजा

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल



**दिल्ली** यूनिवर्सिटी की बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा पलवल निवासी भूमि को राष्ट्रीय सेवा योजना मैन सर्विस अवार्ड (2022-23) के खिताब से नवाजा गया है। उनका चयन 26 जनवरी की परेड के लिए भी किया गया है। साथ ही उन्हें वर्ष (2022-23) का नंबर ऑफ सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। दिल्ली यूनिवर्सिटी के रामानुजन कॉलेज में आयोजित इस इंटर कॉलेज प्रतियोगिता में सेकेंड बेस्ट टीम घोषित किया गया है।

छात्रा भूमि पलवल की प्रमुख इंटीरियर डिजायनर एवं प्रमुख समाजसेविका कविता भूमि की पुत्री हैं तथा वह दिल्ली यूनिवर्सिटी के गार्गी कॉलेज की बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा है। आईएएस बनने का सपना संजोए भूमि में समाज सेवा कूट-कूटकर भरी है। वह एक अच्छी प्रखर वक्ता के साथ-साथ पढाई में भी अव्वल है तथा वह आईएएस बनने की तैयारी कर रही हैं। खाली समय में भूमि सड़क के किनारे गरीब बच्चों को पढ़ाकर शिक्षा का अलख भी जगा रही हैं। दसवीं व बारहवीं की शिक्षा भूमि ने पलवल के दिल्ली पब्लिक स्कूल से प्राप्त की है। वह बताती हैं कि समाजसेवा की प्रेरणा उसे उसकी मां कविता भूमि से ही मिली है। वह बताती है कि गार्गी कॉलेज की तरफ से उसका नाम 26 जनवरी की परेड के लिए भी चयन किया गया है। इस बारे में भूमि की मां कविता भूमि ने बताया कि भूमि का बचपन से ही शिक्षा व जनसेवा के प्रति लगाव रहा है। वह बचपन में ही समाजसेवा के प्रति आकर्षित थी तथा अपनी शिक्षा को पूरा करने के साथ-साथ उसे गरीब बच्चों को शिक्षित करना बहुत अच्छा लगता है। जब भी वह फ्री होती है तो सड़क किनारे गरीब बच्चों को पढ़ाने पहुंच जाती है।

वहीं गरीब व दीन-हीन की सेवा के लिए तत्पर रहती हैं। दिल्ली यूनिवर्सिटी के रामानुजन कॉलेज में आयोजित इंटर कॉलेज कंपिटीशन में बड़ा अवार्ड मिलने पर कविता भूमि हर्ष से लबालब हैं तथा इस बड़ी सफलता का क्षेत्र भूमि के कड़े परिश्रम को देती हैं। उन्होंने कहा कि अच्छी शिक्ष और अच्छे संस्कार ही मनुष्य को बड़ा बनाते हैं।

# गठिया की सूजन ले सकती है गंभीर रूप

**फरीदाबाद।** गठिया या जोड़ों की सूजन शरीर के विभिन्न जोड़ों की एक सामान्य स्थिति है, जो हल्के से लेकर अपंग करने वाली गंभीरता तक हो सकती है। डॉ. मृणाल शर्मा, हेड, डिपार्टमेंट ऑफ ऑर्थोपेडिक्स एंड ज्वाइंट रिप्लेसमेंट, अमृता अस्पताल फरीदाबाद के अनुसार घुटने के जोड़ों का गठिया सबसे प्रचलित और सबसे प्रभावशाली में से एक है।

यह रोगी की गतिशीलता को प्रभावित करता है और विकलांगता में वृद्धि का कारण बनता है। यह विकलांगता अक्सर रोगियों और उनके परिवारों दोनों के लिए बड़ी समस्याएं पैदा करती है। विकारों का एक समूह जो घुटनों को प्रभावित करता है और जिसके परिणामस्वरूप घुटने के जोड़ों में सूजन और जलन होती है, घुटनों के गठिया के रूप में जाना जाता है। गठिया के सामान्य



प्रकार को ऑस्टियोआर्थराइटिस और रुमेटीइड गठिया कहा जाता है। उम्र, जोड़ की टूट-फूट, आनुवंशिकी, शरीर का वजन, घुटने में चोट का इतिहास ये सभी ऑस्टियोआर्थराइटिस के कारण हैं। ऐसा देखा गया है कि पुरुषों की तुलना में महिलाओं में ऑस्टियोआर्थराइटिस का प्रसार दोगुना है। युवा रोगियों में खेल की चोटें भी कम उम्र में गठिया का कारण बन सकती हैं।

हम सभी किसी न किसी दादा-दादी, किसी रिश्तेदार को जानते हैं जिनके घुटनों में दर्द रहता है और उन्हें चलने और सीढ़ियाँ चढ़ने में दिक्कत होती है। इन सभी रोगियों के लिए, दर्द शुरू होने पर किसी आर्थोपेडिक सर्जन को दिखाना जरूरी है।

# राज्य स्तरीय स्कूल खेल प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया हुनर

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**शिक्षा** विभाग की ओर से तीन दिवसीय राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें बॉक्सिंग, लॉन टेनिस और बैडमिंटन के प्री क्वार्टर मुकाबले हुए। वहीं तलवार बाजी में लड़कियों के अंडर 17 आयुवर्ग के फाइनल मुकाबले हुए। टीम इवेंट में हिसार की टीम प्रथम स्थान पर रहीं।

फरीदाबाद की टीम द्वितीय और जींद तीसरे स्थान पर रहीं। हिसार की टीम ने फरीदाबाद की टीम को 15-10 से शिकस्त देकर राष्ट्रीय प्रतियोगिता में अपना स्थान सुरक्षित कर लिया। पहले सेमीफाइनल मुकाबले में हिसार की टीम ने जींद को 15-6 से शिकस्त दी। दूसरे सेमीफाइनल में फरीदाबाद ने पंचकूला को हराया। इसके अलावा लड़कों के अंडर 17 आयुवर्ग के बॉक्सिंग प्रतियोगिता में प्री-क्वार्टर फाइनल के मुकाबले हुए। टूर्नामेंट का पहला मुकाबला फरीदाबाद के दीपेंद्र और अंबाला के विष्णु के बीच खेला गया। इसमें फरीदाबाद के दीपेंद्र ने बाजी मारी। वहीं, दूसरा मुकाबला पलवल के मोहित और हिसार के वैष्णव के बीच हुआ। हिसार के वैष्णव विजेता रहे। तीसरे मुकाबले में गुरुग्राम के पारस ने नूंह के मोहम्मद साहिन को हराया। पानीपत के महेंद्र ने महेंद्रगढ़ के यश को शिकस्त दी। इसके अलावा कई अन्य मुकाबले हुए। वहीं, लड़कियों के अंडर-14 लॉन टेनिस मुकाबले के प्रथम राउंड में यमुनानगर की टीम को वॉकओवर मिला। वहीं, करनाल की टीम ने पंचकूला और झज्जर की टीम ने अंबाला को हराया। लड़कियों के अंडर 17 आयुवर्ग में रोहतक की टीम ने यमुनानगर, सोनीपत की टीम ने जींद को, गुरुग्राम की टीम ने अंबाला को और करनाल की टीम ने सिरसा को हराकर अगले राउंड में प्रवेश कर गई। वहीं, बैडमिंटन का मुकाबला देर शाम शुरू हुआ। प्रतियोगिता के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी आशा दहिया, जिला शिक्षा खेल अधिकारी हरवीर अधाना, प्रेम, संतोष, सविता सहित कई पीटीआई मौजूद रहे।

# फरीदाबाद में सिरे नहीं चढ़ी ट्रॉमा सेंटर की योजना, मरीज हो रहे परेशान

## हादसे में घायल गंभीर मरीजों को कर दिया जाता है आगे रेफर

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद




**फरीदाबाद** में ट्रॉमा सेंटर नहीं होने से मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। औद्योगिक नगरी में हर साल सड़क हादसे में घायल करीब 30 प्रतिशत लोगों की जान चली जाती है। ट्रॉमा सेंटर को लेकर कई बार स्वास्थ्य विभाग की ओर से नेशनल हाइवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया से बात की गई, लेकिन गाइडलाइंस के तहत अनुमति नहीं होने के कारण योजना सिरे नहीं चढ़ पाई। इसके कारण बीके अस्पताल से हर रोज करीब 25 मरीजों को दिल्ली व रोहतक रेफर किया जाता है। इनमें ट्रॉमा सेंटर के करीब 15 मरीज होते हैं।

बीके अस्पताल में हर रोज हजारों की संख्या में मरीज ओपीडी में उपचार करवाने के लिए आते हैं। वहीं, इमरजेंसी में हर रोज 100 से ज्यादा मरीज उपचार करवाने के लिए आते हैं। इनमें आईसीयू और ट्रॉमा सेंटर की सुविधा नहीं होने की वजह से 25 मरीजों को रेफर किया जाता है। कई बार मरीजों की हालत गंभीर होने की वजह से रास्ते में ही मौत हो जाती है।

साल 2013 में स्वास्थ्य विभाग ने इस बात को मानते हुए विशेष केस में जिले में ट्रॉमा सेंटर बनवाने के लिए कोशिश थी। लेकिन एनएचएआई की गाइड लाइंस फरीदाबाद में ट्रॉमा सेंटर बनाए जाने के अनुमति नहीं देती है। बावजूद इसके ट्रॉमा केंद्र की जरूरत को देखते हुए विभाग ने एक रिपोर्ट तैयार कर डायरेक्टर जनरल हेल्थ सर्विसेज और जिला उपायुक्त को भेजी थी। इस पर स्वास्थ्य विभाग ने खुद जिला स्वास्थ्य विभाग से रिपोर्ट मांगी, ताकि एनएचएआई से इस सेंटर को विशेष मामले में पास करवाया जा सके। जिसमें उन्होंने साफ किया कि फरीदाबाद में ट्रॉमा सेंटर बनाया जाना बहुत जरूरी है। यही नहीं यहां ट्रॉमा सेंटर बन जाने से अन्य जिलों के लोगों को भी सहूलियत होगी। रिपोर्ट में यह भी शामिल था कि एनएचएआई के अनुसार, ट्रॉमा सेंटर हाइवे पर 100 किलोमीटर की दूरी पर होना चाहिए। इसके अलावा मरीजों को 50 किलोमीटर के अंदर इसकी सुविधा मिलनी चाहिए। फरीदाबाद का बीके अस्पताल एम्स अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर से 35 किलोमीटर की दूरी पर है। जिला स्वास्थ्य विभाग का एरिया होडल तक को कवर करता है। ऐसे में वहां के मरीजों को सड़क दुर्घटनाओं के बाद एम्स के ट्रॉमा सेंटर तक पहुंचने में 50 किलोमीटर से ज्यादा की दूरी तय करनी पड़ती है।

पुलिस से मिले आकड़ों के अनुसार साल 2021 तक में जिले में 505 सड़क हादसों में 211 लोगों की मौत और 423 लोग घायल हुए थे। वहीं, साल 2022 में 589 सड़क हादसों में 253 लोगों की मौत और 452 लोग घायल हुए। इस साल सितंबर तक 447 सड़क हादसों में 191 लोगों की मौत और 423 लोग घायल हुए। इन घायलों में कुछ ऐसे मरीज भी थे, जिनको समय पर ट्रॉमा सेंटर की सुविधा नहीं मिलने से उनकी मौत हो गई।

रोड सेफ्टी ऑर्गेनाइजेशन के वाइस प्रेसिडेंट एसके शर्मा ने बताया कि जिले में ट्रॉमा सेंटर नहीं होने की वजह से सड़क हादसों में मौत के आंकड़े बढ़ते जा रहे हैं। उन्होंने डीजी को पत्र लिखा है कि जिले के जितने भी निजी अस्पताल हैं, उनमें सड़क हादसे में घायल व्यक्ति को फ्री में उपचार दिया जाए, ताकि सड़क हादसों में मौत की संख्या में कमी लाई जाए।

# आयुष्मान भव अभियान से लोगों को मिल रहा लाभ : जगदीश नायर



**पलवल।** गांव सोंदहद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान भव मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ हरियाणा भूमि सुधार एवं विकास निगम के चेयरमैन एवं विधायक जगदीश नायर ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत कर दीप प्रज्ज्वलित कर व रिबन काटकर किया। आयुष्मान भव मेले में अटल बिहारी वाजपेई मेडिकल कॉलेज के चिकित्सकों की टीम ने लोगों के स्वास्थ्य की जांच की। कार्यक्रम का संचालन डॉ. रवि विहान द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में विधायक जगदीश नायर ने कहा कि आयुष्मान भव अभियान से देश के लगभग 35 करोड़ लोगों को लाभ मिला तथा लगभग एक लाख 17 हजार हेल्थ एंड वैलनेस केंद्रों पर आयुष्मान भव मेले का आयोजन किया गया। श्री नायर ने कहा कि इस दौरान गांव सोंदहद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अलावा सभी हेल्थ एंड वेलनेस केंद्रों पर आयुष्मान भव मेले लगाकर लोगों के स्वास्थ्य की जांच चिकित्सा की गई। उन्होंने कहा कि आयुष्मान योजना से जिला में लगभग पांच हजार लोग अपनी बीमारी का इलाज करवाकर योजना का लाभ उठा चुके हैं।

सिविल सर्जन नरेश गर्ग ने मुख्य अतिथि का स्वागत व्यक्त करते हुए कहा कि आयुष्मान भव मेले का उद्देश्य निशुल्क दवाई वितरण करना व जांच कर ओपीडी, टेली कंसल्टेशन, गैर संचारी रोगों की जांच, आभा आईडी व आयुष्मान कार्ड वितरण करके लोगों को सुविधाएं मुहैया करवाना है। स्वास्थ्य विभाग भी स्थानीय लोगों के स्वास्थ्य से संबंधित सुविधाओं को उपलब्ध करवाने में जुटा हुआ है। कार्यक्रम के समापन अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. नरेश गर्ग ने धन्यवाद किया।

# संक्षिप्त समाचार

## सरस्वती महिला महाविद्यालय में हुई पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता



**पलवल।** सरस्वती महिला महाविद्यालय में वीरवार को हिंदी विभाग द्वारा पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ डॉ. वंदना त्यागी प्राचार्या, हिंदी विभागाध्यक्ष अनिता देवी, सहायक प्राध्यापिका डॉ. अमरवती व देविका शर्मा ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके किया। डॉ. वंदना त्यागी का स्वागत स्मृति चिन्ह देकर किया गया। छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतियोगिता में भाग लिया व उत्तम प्रदर्शनी दी। प्रतियोगिता में बीए द्वितीय वर्ष की स्नेहा प्रथम, बीए प्रथम वर्ष की रवीना द्वितीय, बीए द्वितीय वर्ष की बरखा तृतीय स्थान पर रही। वहीं बीए प्रथम वर्ष की स्नेहा व प्रीति ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। विजेता छात्राओं को डॉ. वंदना त्यागी द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया एवं प्रोत्साहित किया गया। प्रतिभागियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए कामना की। हिंदी विभाग द्वारा सफलतापूर्वक प्रतियोगिता का समापन किया गया।

## दुकानदार और ग्राहक के 30 हजार रुपये लूटकर फरार

**फरीदाबाद।** खोरी जमालपुर में एक ग्राहक से सिगरेट का पैसा मांगना एक दुकानदार को भारी पड़ गया। गुरुग्राम से आए बदमाशों ने दुकानदार की जमकर पिटाई की। बदमाश दुकानदार व एक ग्राहक से 30 हजार रुपये भी लूटकर फरार हो गए। थाना धौज पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। गांव खोरी जमालपुर निवासी शाकिर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह कबाड़ का काम करता है। गोदाम के पास ही चाय व बीड़ी-सिगरेट की दुकान भी चलाता है। रात मोटरसाइकिल पर तीन युवक आए। उन्होंने उससे सिगरेट मांगी, उसने दे दी, लेकिन पैसे मांगने पर झगड़ा करने लगे। इसके बाद उन्होंने मारपीट शुरू कर दी और फरार हो गए। कुछ देर बाद कार व मोटरसाइकिल पर सवार होकर 15 बदमाश पहुंचे और उसके साथ दोबारा मारपीट शुरू कर दी। सभी गुरुग्राम से आए थे। आरोप है कि बदमाशों ने उसकी दुकान से करीब 24 हजार रुपये और वारदात के दौरान खरीदारी करने आए एक ग्राहक से भी छह हजार रुपये लूट लिए। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

## कार का शीशा तोड़ लैपटॉप चोरी

**फरीदाबाद।** खेड़ीपुल के पास सड़क किनारे खड़ी एक कार का शीशा तोड़कर बदमाशों ने लैपटॉप चोरी कर लिया। खेड़ीपुल थाना पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। सेक्टर-87 निवासी अनिल छिलकुरी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया है कि वह दिल्ली में बीएसईएस कंपनी में काम करता हैं। शाम वह कंपनी से घर लौट रहा था। इस दौरान खेड़ीपुल के पास सड़क किनारे कार खड़ी कर सब्जी खरीदने लगा। इस दौरान किसी ने उसकी कार का शीशा तोड़कर सीट पर रखे लैपटॉप चोरी कर लिया। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

## संस्था ने अस्पताल में बच्चों को वस्त्र वितरित किए



**फरीदाबाद।** नवरात्रि के महापर्व में पंचमी वाले दिन लोरिया प्रगतिशील फाउंडेशन द्वारा बीके अस्पताल में नवजात कन्याओं और शिशुओं को सुंदर-सुंदर वस्त्र वितरित किए गए। बाल विभाग में भी वस्त्र वितरित किए गए। जिसमें सीएमओ डॉक्टर सविता यादव, डॉक्टर हेमंत और डॉक्टर हिमानी भी सम्मिलित थे। फाउंडेशन के अध्यक्ष कृष्ण अदलक्खा, प्राण शर्मा, अर्चना गुप्ता, प्रियंका अग्रवाल व सपना चौहान भी उपस्थित रहे। आगे भी दुर्गा पूजन के दिन फाऊंडेशन के छात्रों को सुंदर वस्त्रों का वितरण किया जाएगा।

## सामान भेजने के नाम पर 90 हजार की ठगी

**फरीदाबाद** ट्रांसपोर्ट कंपनी का फर्जी कर्मचारी बनकर सामान भेजने के नाम पर 90 हजार रुपये की धोखाधड़ी करने के मामले में साइबर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। नीमका रोड निवासी अमित ने बताया कि सिरोही फारवर्ड एंड पैकर्स के नाम से ट्रांसपोर्ट का काम करता है। कुछ सामान दादरी से गुंटुपल्ली विजयवाड़ा भेजना था। जिसकी इन्क्वारी उन्होंने वाहक एप्लीकेशन पर डाली। उसके बाद उनके पास कॉल आई। आरोपी ने शर्मा ट्रांसपोर्ट कंपनी से संदीप बतलाया और कहा कि सामान के अनुसार ट्रक उपलब्ध है। सामान भेजने के नाम पर संदीप से 1.12 लाख रुपये में बात हुई। 31 सितंबर को सोशल मीडिया पर गाड़ी की डिटेल भेजी। इस पर 90,000 रुपये एडवांस भेज दिया। इसके बाद चालक विष्णु से बात हुई और चालक को समान लोडिंग प्वाइंट का पता दे दिया। एक अगस्त को ट्रक पर सामान लोड करवा दिया। दो अगस्त की शाम को अभिषेक नामक व्यक्ति ने बताया कि ट्रक का एडवांस पैसा नहीं मिला है। इस पर पीड़ित ने बताया कि उसने एडवांस 90,000 रुपये दे दिए है। अभिषेक ने कहा कि एडवांस नहीं मिलेगा तो सामान गाड़ी से उतार देंगे और गाड़ी मोरेना मध्य प्रदेश में खड़ी है। उसने चालक से बात की तो उसने बताया कि एडवांस नहीं मिला। गाड़ी मालिक विजय ने बताया कि अभिषेक उनका ट्रांसपोर्ट ब्रोकर है, जो ट्रक के लिए सामान दिलाता है। उनका संदीप नामक कोई ब्रोकर नहीं है। सामान पहुंचाने को लेकर अभिषेक को एक लाख रुपये दिए। थाना साइबर सेल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## डेबिट कार्ड बदल कर 10 हजार रुपये निकाले

**फरीदाबाद।** एनआईटी-3 में जालसाजों ने एक व्यक्ति का डेबिट कार्ड बदलकर उसके खाते से 10 हजार रुपये निकाल लिए। कोतवाली थाना पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित सुनील ने पुलिस को बताया कि वह डबुआ कॉलोनी में रहता है। वह एनआईटी-तीन स्थित एक एटीएम से पैसे निकालने गया था। पैसे निकालकर जैसे ही जाने लगा, दो युवक आए गए। एटीएम को कैंसिल करने का झांसा देकर उससे कार्ड ले लिया और प्रोसेस को केंसिल कर वापस कर दिए। पीड़ित के अनुसार कुछ देर बाद उसके खाते से 10 हजार रुपये कटने का मैसेज आया। ठगी का अहसास होने पर उसने बैंक और पुलिस में शिकायत दी है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

## ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन ने मुख्यमंत्री का पुतला फूंका

**फरीदाबाद।** ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन ने उपायुक्त कार्यालय के सामने जोरदार प्रदर्शन करके मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सैकड़ों ग्रामीण सफाई कर्मचारी सेक्टर-12 में धरना स्थल पर एकत्रित हुए। यहां से प्रदर्शन करते हुए उपायुक्त कार्यालय के सामने गए।




प्रदर्शनकारियों का नेतृत्व जिला प्रधान महेंद्र सिंह मंढोतिया ने किया। जबकि कार्रवाई का संचालन जिला सचिव दिनेश पाली कर रहे थे। इस मौके पर यूनियन के राज्य प्रधान देवी राम, सीटू के जिला सचिव वीरेंद्र सिंह डंगवाल, सीटू के ज्वाइंट सेक्रेटरी वीरेंद्र पाल सिंह विशेष रूप से मौजूद रहे। प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए उन्होंने बताया कि ग्रामीण सफाई कर्मचारी अपनी 16 सूत्रीय मांगों को लागू करवाने के 10 अक्टूबर से हड़ताल पर हैं। हड़ताल दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है।

पायनियर
नई दिल्ली, शुक्रवार, 20 अक्टूबर, 2023



# भारत की अंतरिक्ष यात्रा

## साहसी व चुनौतीपूर्ण

**भारत** की अंतरिक्ष यात्रा प्रगति करते हुए और साहसी व चुनौतीपूर्ण होती जा रही है। अपने अंतरिक्ष कार्यक्रम के लिए प्रशंसित भारत और अधिक गरिमापूर्ण रास्ते पर आगे बढ़ रहा है। 1962 में इसरो में साइकिलों पर राकेट ले जाए जाते थे, लेकिन इसके बाद उसने 100 से अधिक स्वदेशी उपग्रहों का प्रक्षेपण कर अंतरिक्ष कार्यक्रम को नई ऊंचाई दी है। चंद्रमा व मंगल की खोज पर आगे बढ़ने के बाद भारतीय अंतरिक्ष वैज्ञानिकों में वह विश्वास व दृढ़ता पैदा हुई है जिससे वे ज्यादा चुनौतीपूर्ण ऐसे काम कर सकते हैं जिनको अब तक विकसित देशों का विशेषाधिकार माना जाता था। साहसी व दूरगामी कदम के रूप में इसरो ने 2035 तक भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन प्रक्षेपित करने तथा 2040 तक एक भारतीय को चंद्रमा पर भेजने का लक्ष्य बनाया है। इससे भारत अमेरिका, रूस व चीन समेत ऐसे कुछ देशों में शामिल हो जाएगा जिनके अपने अंतरिक्ष स्टेशन हैं। यह स्टेशन बहूद्देशीय होते हैं और 'माइक्रोग्रेविटी' में प्रयोग करने के साथ भावी सुदूर अंतरिक्ष खोजों के लिए जीवन-प्रदाता का काम कर सकते हैं। इससे अंतरिक्ष खोज में अंतरराष्ट्रीय सहयोग का आदर्श मंच तैयार होता है जिससे विश्व अंतरिक्ष समुदाय में भारत का दर्जा मजबूत होता है। इसके साथ ही इससे वाणिज्यिक खोजों तथा तकनीकी प्रगति को बढ़ाने में सहायता मिलेगी जो बहुत लाभदायक होंगे। हालांकि, चंद्रमा पर भारतीय अंतरिक्ष यात्री भेजने का भारत का लक्ष्य असाधारण रूप से महत्वाकांक्षी है, पर इसरो का ट्रैक रिकार्ड देखते हुए यह पूरी तरह संभव है। 2019 में छोड़े चंद्रयान-2 ने असाधारण सफलता प्राप्त की है तथा चंद्रमा की खोज संबंधी भारतीय क्षमता स्थापित कर दी है।



भारत के अंतरिक्ष मिशन अत्यधिक लाभदायक हैं। इनसे न केवल राष्ट्र की तकनीकी शक्ति प्रदर्शित होती है, बल्कि इससे चंद्रमा के संसाधनों, भूगर्भ तथा वहां भावी बस्तियां बसाने के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियां मिलती हैं। इसके साथ ही मिशन चंद्र-वाणिज्य का रास्ता भी खोलते हैं, जब चंद्रमा संभवत: खनिजों, पानी तथा भावी सुदूर अंतरिक्ष खोजों का संसाधन बनेगा। वास्तव में भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम की असाधारण सफलता विक्रम साराभाई के प्रयासों तथा प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के दूरगामी दृष्टिकोण के बिना संभव नहीं थी। वे सत्य की खोज की महान भारतीय परंपराओं की तरह 'वैज्ञानिक सोच' वाले प्रगतिशील समाज का निर्माण करना चाहते थे। भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम इस बात का सर्वोत्तम उदाहरण है कि दूसरे देशों की तुलना में बहुत कम खर्च पर कठोर परिश्रम व खोज से शानदार नतीजे प्राप्त हो सकते हैं। अंतरिक्ष कार्यक्रम अब कोई प्रायोगिक उद्यम न होकर आर्थिक रूप से सक्षम परियोजना है जो असाधारण आर्थिक संभावनाओं का द्वार खोलती है। इनमें उपग्रह निर्माण व प्रक्षेपण सेवाओं से लेकर अंतरिक्ष पर्यटन तक शामिल हैं। भारत की अंतरिक्ष खोज से रोजगारों का सृजन होगा तथा आर्थिक प्रगति को बढ़ावा मिलेगा। अंतरिक्ष खोज में लगे अन्य देशों के साथ सहयोग कर भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन अंतरराष्ट्रीय साझेदारी तथा शोध के अवसर प्रदान करेगा। इससे वैश्विक राजनीति में भारत के प्रति सद्भावना बढ़ेगी तथा हमारी स्थिति मजबूत होगी। अब अंतरिक्ष में भारत का भविष्य पहले के किसी समय की तुलना में उज्ज्वल है।

# श्रीलंका में आर्थिक पुनर्जीवन का मार्ग

श्रीलंका को अपने आर्थिक संकट से निपटने के लिए अंतरराष्ट्रीय सहायता मिल रही है। भारत भी श्रीलंका का पूरा सहयोग कर रहा है। लेकिन आर्थिक पुनर्जीवन तथा कर्ज अदायगी का मार्ग उसे खोजना होगा।



नरेश बाना



तलाल रफ़ी



श्रीलंका हाल ही में कठिन आर्थिक संकट से गुजरा है जिसके कारण वहां राजनीतिक उथलपुथल पैदा हुई तथा देश के आम लोगों को भारी कष्टों का सामना करना पड़ा। हालांकि, अब राजनीतिक उथलपुथल थम गई है तथा सारी दुनिया श्रीलंका को वर्तमान आर्थिक संकट से निकालने के प्रयास कर रही है। श्रीलंका के कर्ज पुनर्गठन बेलआउट तथा वहां प्रत्यक्ष निवेश के बारे में बहुत कुछ लिखा जा चुका है। जहां अंतराष्ट्रीय मुद्राकोष-आईएमएफ का बेलआउट पैकेज उसे मिला है, वहीं इस साल मई में 17 देशों ने उसकी सहायता का वादा किया है। चीन उसकी सहायता कर रहा है तथा भारत भी लगातार पड़ोसी देश की विशाल अर्थव्यवस्था में पैसा और सामग्री से सहायता कर रहा है। विश्व बैंक-डब्लूबी तथा एशियाई विकास बेंक-एडीबी ने भी उसे समान रूप से बाहरी सहायता के लिए लगभग 3.75 बिलियन डालर दिए हैं ताकि श्रीलंका की अर्थव्यवस्था पुनर्जीवित हो सके। ये सारे कदम स्वागत योग्य हैं, पर हमें यह भी देखना होगा कि इस आर्थिक पुनर्जीवन को श्रीलंकाई जनता के लिए कम दंडात्मक व ज्यादा टिकाऊ बनाने के लिए क्या किया जाएगा।

इसके लिए हमें इन सवालों के जवाब देने होंगे कि उसके पास 'क्या' और 'कैसे' टिकाऊ विकल्प हैं तथा किस समयावधि में श्रीलंका में क्या परिदृश्य सामने आता है। आर्थिक संकट ने श्रीलंका के संस्थानों और वित्तीय कंपनियों पर भारी प्रभाव डाला है और संभवत: वे मूल मूल्यों तथा दीर्घकालीन टिकाऊ सोच से दूर हो गए हैं। टिकाऊ सहयोग को बढ़ावा देने के बजाय बैंक, कर्जदार, कर्जदाता तथा हितधारक स्थितियों का आंकलन कर तत्कालीन संबंधों के आधार पर काम कर रहे हैं। टिकाऊ व्यवहारों पर विश्वास करने वालों के लिए यह समय संकट से निकलने तथा दीर्घकालीन सोच विकसित करने का है। इसके साथ ही परस्पर जुड़ी दुनिया में संकट से सहजता से बाहर आने के लिए टिकाऊ मानव संबंधों का बहुत महत्व है।

भारत और श्रीलंका के शताब्दियों से सांस्कृतिक, आर्थिक व व्यापारिक संबंध रहे हैं। इसे देखते हुए भारत सरकार भी यथासंभव श्रीलंका के आर्थिक पुनर्जीवन में अपनी भूमिका निभा रही है। हाल ही में भारत-श्रीलंका के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नौका सेवा की घोषणा की है जिससे दोनों देशों की जनता में संबंध मजबूत होने के साथ ही श्रीलंका में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थानों-आईएफआई द्वारा दिए पैसे को वापस करना होगा, भले ही ऐसा बहुत लंबे समय में करना हो। इसके साथ ही इन कर्जों का अमेरिकी डालर, यरो, जापानी येन, चीनी आरएमबी, एडीबी के एसडीआर या भारतीय रुपयों में आंकलन करना होगा क्योंकि सभी मुद्राओं का श्रीलंका रुपये-एसएलआर से बाजार-आधारित संबंध होता है। इस प्रकार के संबंध के कारण इन कर्जों का भुगतान संकट का कारण बन सकता है क्योंकि एसएलआर का व्यापार मुद्रा बाजार के उतार-चढ़ाव पर निर्भर करता है और यह उस पर आधारित है। देश में व्याप्त वर्तमान राजनीतिक जोखिम के कारण स्थिति और जटिल तथा चुनौतीपूर्ण हो जाती है। जब ऐसे विदेशी फंड का उपयोग आर्थिक गतिविधियों को बनाए रखने या उनको गति देने के लिए किया जाता है जिसकी कमाई एसएलआर में होती हो तो मुद्रा व्यापार तथा मुद्रास्फीति के दबाव के कारण परिसंपत्ति-दायित्व मुद्रा असंतुलन हो सकता है। उदाहरण के लिए, यदि एसएलआर का मूल्य अमेरिकी डालर की तुलना में 10 प्रतिशत कम हो जाता है तब श्रीलंका का राजस्व पहले के स्तर पर बना रहता है, पर उसके दायित्व में 10 प्रतिशत वृद्धि हो जाती है। मुक्त प्रवाह व्यवस्था में श्रीलंका केन्द्रीय बैंक का मुद्रा विनिमय दर पर अपनी मौद्रिक नीतियों के चलते कुछ नियंत्रण रहता है, लेकिन विदेशी मुद्रा भंडारों तथा आयात प्रतिबद्धताओं की जोखिम वाली स्थितियों के मामले में विनिमय दर का समग्र प्रभावी नियंत्रण अत्यधिक सीमित हो जाता है। इस प्रकार जिन पैसों का प्रयोग विभिन्न विकास कार्यों या ढांचागत परियोजनाओं में हो सकता है जहां डेवलपरों को कर्ज भुगतान के लिए कुछ राजस्व प्राप्त हो सकता है। लेकिन वर्तमान स्थिति में ये मुद्रा जोखिम प्रबंधन में खर्च होते हैं और इससे ढांचागत परियोजनाओं के प्रयोगकर्ताओं पर अतिरिक्त बोझ पड़ता है।

इससे आम आदमी की खरीद शक्ति घटती है तथा देश की पुन: भुगतान क्षमता घटती है। इसके साथ ही मुद्रा का जोखिम ऐसी स्थिति पैदा कर सकता है जहां वह अनुमान से अधिक राजस्व सृजित कर सकता है, बशर्ते कि ढांचागत संरचनाओं का अतिरिक्त प्रयोग किया जाए या मुद्रा विनिमय दर श्रीलंका के पक्ष में हो। हालांकि, इससे कर्जदारों में उत्साह नहीं पैदा होता है क्योंकि उनको केवल भुगतान पर ब्याज मिलता है जिसमें बढ़ोत्तरी की संभावना नहीं होती है, जबकि डेवलपरों को मुनाफा होता है।

विनिमय दर की अनिश्चितताओं को देखते हुए श्रीलंका के लिए मुद्रा का जोखिम ज्यादा कठिन और संवेदनशील मामला हो सकता है। इस चरण पर मुद्रा जोखिम से निपटने के लिए समय की कसौटी पर सही ठहरी रणनीतियों या 'हेजिंग' का प्रयोग किया जा सकता है। परंपरागत हेजिंग तकनीकों में प्राकृतिक हेज, स्थानीय मुद्रा स्वैप, विनिमय दर इंडेक्स अनुबंध तथा मुद्रा पर कर्ज शामिल हैं। इनमें से अधिकांश विकल्पों में हेजिंग का खर्च अंतिम प्रयोगकर्ता या आम आदमी पर पड़ता है जिससे दरें या टैरिफ बढ़ सकता है या कर बढ़ाया जा सकता है। ऐसे में एक रास्ता 'स्थानीय मुद्रा, यानी श्रीलंकाई रुपये' की मात्रा बढ़ाना है। लेकिन जब बाहरी कर्ज पहले ही आसमान छूने के स्तर पर पहुंच गया हो तो प्रयोगकर्ताओं को आर्थिक गतिविधियां बनाए रखने या उनको बढ़ाने के लिए स्थानीय मुद्रा कैसे मिल सकती है। ऐसे में बाहरी सहायता मदद कर सकती है। प्रतिबद्ध नेतृत्व तथा अच्छी राजनय इसमें प्रमुख भूमिका अदा करती है। श्रीलंका के लिए यह समय असाधारण है और इसके लिए असाधारण समाधान जरूरी हैं। आईएफआई के अलावा हिंद महासागर क्षेत्र-आईओआर में बढ़ती क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था वाले देशों की प्रमुख भूमिका है। आईएफआई के साथ मिल कर ये अर्थव्यवस्थायें श्रीलंका में स्थानीय मुद्रा उपलब्धता बढ़ा सकती हैं। इसके लिए श्रीलंका के संप्रभु बांडों का क्षेत्र की किसी ऐसी मजबूत मुद्रा में आंकलन हो सकता है जिसके साथ श्रीलंका का अच्छा व्यापार संबंध हो। इस समय श्रीलंका की पूंजी बाजारों को पुनर्जीवित करने के लिए उनमें पारदर्शिता और विश्वसनीयता पैदा की जानी चाहिए।

इससे न केवल अनिवासी श्रीलंकाइयों से ज्यादा मुद्रा मिलेगी, बल्कि अन्य क्षेत्रीय बाजारों तथा क्षेत्रीय निवेशकों को भी उनसे लाभ हो सकता है। इन गतिविधियों से स्थानीय मुद्रा की उपलब्धता बिना किसी मुद्रा जोखिम के बढ़ सकती है और इस प्रकार श्रीलंका का बहुत कम कष्ट के साथ आर्थिक पुनर्जीवन संभव हो सकता है।

आईओआर देशों से शेयर बाजार में निवेश पड़ोसियों के बीच साझा सांस्कृतिक व व्यापार संबंधों के कारण हो सकता है। अनेक आईओआर देश, खासकर मालदीव, मलेशिया और भारत श्रीलंका में निवेश कर सकते हैं। साझा निवेश से दोनों देशों की अर्थव्यवस्थायें बेहतर काम कर सकती हैं जो आर्थिक संकट के कारण बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। पूंजी बाजारों के विकास तथा क्षेत्रीय फंड विकसित करने और क्षेत्रीय निवेशकों को अपने निवेशों पर मुनाफा कमाने की अनुमति दे कर बेहतर लाभदायक स्थिति पैदा हो सकती है। श्रीलंका में ऐसे वित्तीय संस्थानों को ज्यादा विश्वसनीय क्षेत्रीय वित्तीय संस्थानों या क्षेत्रीय संप्रभुओं द्वारा फाइनेंस किया जा सकता है।

निवेश करने वालों को यह पता होना चाहिए कि श्रीलंका में निवेश हमेशा बेहतर होगा, उससे बेहतर मुनाफा मिलेगा तथा यह देश के भविष्य में निवेश होगा। जहां तक श्रीलंका की जनता का सवाल है, उनको अपने देश में राजनीति ठीक करने की दिशा में काम करना होगा। श्रीलंका की जनता को विश्वसनीय व प्रतिबद्ध राजनेताओं को सत्ता सौंपनी चाहिए जिससे देश पर राजनीतिक जोखिम कम हो सके। यह श्रीलंका की अर्थव्यवस्था सुधारने तथा उसमें स्थिरता लाने के लिए सर्वाधिक महत्वपूर्ण है।

# ओलंपिक खेलों के आयोजन में समर्थ भारत

" भारत में ओलंपिक खेलों का आयोजन करने की क्षमता है। लेकिन क्या हम अपनी मेजबानी में होने वाले ओलंपिक में प्रतिस्पर्धा कर पाएंगे । "



**कुमार चेलप्पन**
(लेखक,दि पायनियर के विशेष संवाददाता हैं)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की शनिवार की घोषणा कि भारत 2036 ओलंपिक खेलों की मेजबानी में कोई कसर नहीं छोड़ेगा, कानों में संगीत है। देश का एक प्रधान मंत्री इस तरह की प्रतिबद्धता जताने के लिए काफी साहसी है, जो पिछले दशक के दौरान भारत की दुर्दशा का प्रमाण है। ओलंपिक खेल, एक चतुष्कोणीय आयोजन, दुनिया की सबसे बड़ी खेल प्रतियोगिता है जो राष्ट्रों के समूह के सभी देशों के एथलीटों को आकर्षित करती है। एशियाई खेलों, राष्ट्रमंडल खेलों, विश्व कप क्रिकेट और हॉकी की सफलतापूर्वक मेजबानी करने के ट्रैक रिकॉर्ड वाले देश के लिए यह कोई बड़ी चुनौती नहीं हो सकती है। वहां काफी अच्छा बुनियादी ढांचा मौजूद है और अगर अभी कोई मिशन लॉन्च किया जाता है, तो मौजूदा स्टेडियमों को अतिरिक्त सुविधाएं देना उतना मुश्किल नहीं होगा। केंद्र के पास कनेक्टिविटी को मजबूत करने और पूरे भारत में वैश्विक मानकों के होटल और ओलंपिक गांव स्थापित करने के लिए और अधिक हवाई अड्डे बनाने की क्षमता है।

मन को परेशान करने वाला एकमात्र सवाल यह है कि क्या हमारे पास विश्व स्तरीय एथलीट हैं जो पोडियम तक पहुंचने में सक्षम हैं। सहमत हूं, हमारे पास नीरज चोपड़ा हैं, जो टोक्यो ओलंपिक 2020 (2020 में कोविड-19 महामारी के कारण 2021 में आयोजित) में भाला फेंक में स्वर्ण पदक जीतने के बाद एक राष्ट्रीय आइकन के रूप में उभरे। नीरज भारत द्वारा जीता गया एकमात्र स्वर्ण पदक था क्योंकि देश पदक तालिका में 48वें स्थान पर रहा। संयुक्त राज्य अमेरिका 39 स्वर्ण पदक और 41 रजत पदक जीतकर तालिका में शीर्ष पर रहा, जबकि चीन 38 स्वर्ण और 32 रजत पदक के साथ तीसरे स्थान पर रहा। मेजबान देश जापान 27 स्वर्ण और 14 रजत पदक जीतकर तीसरे स्थान पर रहा। टोक्यो खेलों में सम्मान के लिए प्रतिस्पर्धा करने वाले 206 देशों का प्रतिनिधित्व करने वाले 11,420 एथलीटों ने भाग लिया।

ओलंपिक खेलों जैसे खेल आयोजन का आयोजन करना भारत के लिए किसी भी तरह से कठिन काम नहीं है। ऐसा करने के लिए देश के पास राजनीतिक और कार्यकारी नेतृत्व है। लेकिन बड़ा सवाल यह है कि क्या मेज़बान देश पदक तालिका में कम से कम पहले 20 स्थान पर रहेगा। 2036 बस 12 साल दूर है और भारत के पास उस समय तक स्वर्ण पदक विजेताओं को तैयार करने के लिए कोई खेल प्रणाली नहीं है। हमारे कितने एथलीट ट्रैक और फील्ड स्पर्धाओं में पहले छह स्थान पर रहने की क्षमता रखते हैं? नीरज चोपड़ा पैन में फ्लैश थे। नीति निर्माताओं और खेल संघों के प्रमुखों को वैश्विक खेल आयोजन की मेजबानी करने से पहले भारतीय एथलीटों के प्रदर्शन पर नजर डालनी चाहिए।

विभिन्न खेल आयोजनों का नेतृत्व करने वाले व्यक्तियों के उदासीन और गैर-जिम्मेदाराना रवैये ने भारत में खेलों के मानकों में गिरावट के साथ-साथ इसके विकास में भी काफी योगदान दिया है। अब समय आ गया है कि हम फुटबॉल, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, ट्रैक और फील्ड स्पर्धाओं और जलीय विज्ञान जैसे आयोजनों में भारतीय टीमों के प्रदर्शन को देखें और समझें कि हम किस खाई में गिर गए हैं। 1956 के मेलबर्न ओलंपिक में चौथे स्थान पर रहने वाली भारतीय फुटबॉल टीम एशियाई खेलों में भी संघर्ष करती नजर आई। हम अन्य घटनाओं के बारे में जितना कम बोलें उतना बेहतर होगा। मानकों में गिरावट को समझने के लिए हमें टीमों के ट्रैक रिकॉर्ड से ज्यादा एसोसिएशन पदाधिकारियों के प्रदर्शन पर भी गौर करना चाहिए।

सवाल यह है कि क्या हमें ऐसे आयोजन की मेजबानी के लिए दुर्लभ संसाधनों को बर्बाद करना चाहिए जहां भारतीय सितारे कोई प्रभाव नहीं डाल पाएंगे और अंत में भी सफल नहीं हो पाएंगे? वर्तमान एसोसिएशन के पदाधिकारी या कोच अगले दस या बारह वर्षों में स्टार कलाकारों को तैयार करने में असमर्थ हैं। क्या हमारे देश में खेल संस्कृति है? भारत में कितनी खेल पत्रिकाएँ या साप्ताहिक हैं? 24/7 खेल चैनल यूरोप और अमेरिकी महाद्वीप के एक्शन से भरपूर कार्यक्रमों के लिए हैं।

जब हम ओलंपिक खेलों जैसा कोई मिशन हाथ में लेते हैं, तो इसका उद्देश्य भावी पीढ़ियों को प्रेरित करने के लिए एक शानदार इतिहास छोड़ना होना चाहिए। ओलंपिक और एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने के बावजूद, नीरज चोपड़ा को भारतीय सेना में जूनियर कमीशंड अधिकारी की नौकरी से जूझना पड़ा। अगर वह क्रिकेट स्टार होते, तो कॉरपोरेट्स ने उन्हें वरिष्ठ कार्यकारी का पद और छह अंकों का वेतन दिया होता। ऐसा कहा जाता है कि 1936 के बर्लिन ओलंपिक में एडॉल्फ हिटलर हॉकी के जादूगर ध्यानचंद की कलात्मकता से इतने प्रभावित हुए थे कि उन्होंने उन्हें जर्मन नागरिकता और जर्मन सेना में कर्नल का पद देने की पेशकश की थी, जिसे ध्यानचंद ने अस्वीकार कर दिया था। विश्व स्तरीय खिलाड़ियों पर गर्व करने से पहले हमें मीलों दूर जाना होगा। इसी को हमें महत्व देना चाहिए. ओलंपिक की मेजबानी के लिए कुछ और दशकों तक इंतजार करना पड़ सकता है।

यह सुनना दिलचस्प है कि 1986 के जवाहरलाल नेहरू कप अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट के शुरुआती मैच में भारत को तत्कालीन यूएसएसआर (6-0) से हारते देखने के बाद दिवंगत ओलंपियन अब्दुल रहमान ने क्या कहा था। 1971 में भारत और यूएसएसआर के बीच हस्ताक्षरित समझौते के लिए भगवान का शुक्र है। अगर वह संधि नहीं होती, तो रूसियों ने कम से कम 12 गोल किए होते। ऐसे खेल प्रशंसक हैं जो पूछते हैं कि क्या होगा यदि भारतीय बास्केटबॉल पुरुष टीम को संयुक्त राज्य अमेरिका की महिलाओं के खिलाफ खड़ा किया जाए! आप खेल प्रेमियों को दोष नहीं दे सकते।

## आप की बात

### गरबा का उत्साह

**गुजरात** में जोश खरोश हर्ष और उल्लास के साथ 9 दिन तक मनाया जाने वाला नवरात्रि त्योहार गरबे के कारण पूरे विश्व में प्रसिद्ध है। गरबा अब गुजरात से बाहर निकाल कर पूरे हिंदुस्तान में खेला जाता है। इससे नवरात्रि का उत्साह और उमंग कई गुना बढ़ जाती है। गरबा नृत्य अब सिर्फ महिलाओं का नृत्य न होकर इसका विस्तार हुआ है। इसमें बच्चे और पुरुष भी उत्साह से भाग लेते हैं। खासतौर से भारतीय व स्थानीय परिधानों से सजे-धजे बच्चे, बड़े, महिलाएं अत्यधिक उत्साह पूर्वक इसमें भाग लेते हैं। महीनों पहले से ही गरबा की तैयारी शुरू हो जाती है। ढलती शाम से लेकर देर रात तक यह आयोजन चलता रहता है। बदलते समय के साथ इसमें आधुनिक वाद्ययंत्रों और गीतों को शामिल किया जाने लगा है, मगर मुख्य उद्देश्य मां दुर्गा की आराधना का ही रहता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गरबा गीत लिख कर इस त्योहार को और गरिमा प्रदान की है। गीत-संगीत में ढलने के बाद इससे मोदी की सांस्कृतिक प्रतिबद्धता भी प्रकट होती है। यदि गरबा को विश्व विरासत की सूची में शामिल कर लिया जाए तो इसका दुनिया भर में और प्रसार होगा। इससे गुजरात की सांस्कृतिक विरासत को विशेष गौरव प्राप्त होगा और पूरा देश गोरवान्वित होगा।

– **विभूति बुपक्या,** खाचरोद

### युद्ध की विभीषिका

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी** ने कहा है कि गाजा के अस्पताल में लोगों की दुखद मृत्यु से गहरा सदमा लगा। पीड़ितों के परिवारों के प्रति हमारी संवेदना और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने के लिए प्रार्थना। इस अस्पताल पर मिसाइल गिराने का आरोप हमास द्वारा इजराइल पर लगाया जा रहा है। जबकि इसराइल ने सबूत के तौर पर वीडियो जारी करके बताया कि हमास द्वारा दागे रॉकेट का टारगेट फेल होने के कारण हॉस्पिटल ध्वस्त हुआ और 500 बेकसूर लोगों को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा। यह घटना युद्ध की विभीषिका प्रकट करती है। दुनिया में किसी समस्या का समाधान अंतत: बातचीत द्वारा ही होता है, फिर चाहे वह इसराइल-हमास युद्ध हो या रूस-यूक्रेन युद्ध। विज्ञान व तकनीक के विकास के साथ युद्धों की विभीषिका और संहारक क्षमता बढ़ती जा रही है। यदि एआई जैसी तकनीक का सैनिक या विनाशकारी उपयोग होने लगे तो पूरी मानवजाति को वैसे संकट का सामना करना पड़ सकता है जिसकी कल्पना केवल फिल्म-निर्माताओं ने की है। तकनीक के विकास से आतंकियों व चरमपंथियों या गैर-राज्य कारकों की मारक क्षमता भी असाधारण रूप से बढ़ रही है।

– **सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### औपनिवेशिक सोच

**ऑस्ट्रेलिया** को आज़ाद हुए 122 वर्ष हो गए, मगर आज भी वह औपनिवेशिक विरासत ढो रहा है। ब्रिटिश राजा किंग चार्ल्स तृतीय ऑस्ट्रेलिया के भी सम्राट और राज्य प्रमुख हैं। सम्प्रभुता हासिल करने के 12 दशक बाद भी वहां की सरकारों व श्वेत आबादी की सोच पुराने जमाने जैसी ही है। अगर ऐसा नहीं होता तो आज तक वहां के मूल आदिवासी निवासियों के साथ दूसरे दर्जे का नागरिक जैसा व्यवहार नहीं किया जाता। अगर वहां की सरकारें मूल निवासियों को संवैधानिक अधिकार दिलाने तथा उनको संसद के भीतर उचित प्रतिनिधित्व देने की इच्छाशक्ति दिखातीं तो अब तक आस्ट्रेलियाई आदिवासियों को अभावग्रस्त जिंदगी जीने को विवश न होना पड़ता। हाल में यहां जनमत संग्रह का नाटक किया गया कि आदिवासियों को संवैधानिक अधिकार दिया जाय या नहीं? इसका परिणाम नकारात्मक निकला। पूरे देश ने आदिवासियों को और अधिकार देने के खिलाफ अपनी राय दी। ऑस्ट्रेलिया में इस समुदाय को नारकीय जीवन जीने को बाध्य कर दिया गया है। यह औपनिवेशिक सोच लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत नहीं है।

– **जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

### बढ़ता प्रदूषण

**मौसम बदलने** के साथ प्रदूषण फिर बढ़ने लगा है। केंद्र सरकार, राज्य सरकार, दिल्ली नगर निगम व नई दिल्ली नगर पालिका के सम्मिलित प्रयासों के बावजूद प्रदूषण बड़ी परेशानी का सबब बन रहा है। यदि दिल्ली में कूड़ा कचरा प्रबंधन अंतर्राष्ट्रीय मानक के अनुसार किया जाए तथा सड़कों से अतिक्रमण समाप्त किया जाता है तो निश्चित रूप से प्रदूषण कम किया जा सकता है। राष्ट्रीय राजधानी के ग्रामीण क्षेत्रों और मलिन बस्तियों में सरकारी तंत्र की प्रभावी भूमिका नहीं है। यहां न अच्छी सड़कें हैं न सीवर सिस्टम न पर्याप्त सफाई। इन स्थितियों में प्रदूषण कम कैसे होगा? इसके अलावा बड़ी संख्या में डीजल वाहन, यमुना में औद्योगिक कूड़ा और पराली जलाने का कोई समाधान नजर नहीं आता है। शहर में ऐसे हजारों खाली प्लॉट हैं जहां गंदगी के ढेर लगे हैं। सफाई व प्रदूषण से मुक्ति के लिए शहर वालों को भी जागरूक किया जाए और सिविक एजेंसियों को जिम्मेदार ठहराते हुए कठोर निर्णय लेने जरूरी हैं। देखना होगा कि चुनावों में प्रदूषण कोई मुद्दा बनेगा या इसे टाल दिया जाएगा।

–**वीरेंद्र कुमार जाटव,** दिल्ली

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से
responsemail.hindipioneer@gmail.com
पर भी भेज सकते है।

# अगले वर्ष से कन्या सुमंगला के तहत देंगे 25 हजार रुपए: मुख्यमंत्री योगी

**● 177.29 करोड़ रुपए की 214 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/ हाथरस



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि महिलाओं का विकास हमारी प्राथमिकता है। आज सरकार की सभी योजनाओं का लाभ गरीबों को मिल रहा है। गांव, गरीब, किसान, नौजवान और महिलाएं डबल इंजन की सरकार के एजेंडे में हैं। पिछले साढ़ें नौ साल के अंदर हमने नए भारत का दर्शन किया है। जिसमें किसी के साथ जाति, धर्म और लिंग के आधार पर कोई भेदभाव नहीं हो रहा है। महिलाओं की भागीदारी को सुनिश्चित करते हुए उनको आगे लाया जा रहा है।

योगी ने कहा कि हमारी सरकार ने यह तय किया है कि एशियाई खेलों में गोल्ड मेडल लेकर आने वाली बेटियों को हम डिप्टी एसपी बनाएंगे। सीएम योगी ने कहा कि बेटा और बेटी में कोई भेदभाव न हो इसके लिए मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के तहत मिलने वाली धन राशि को हमारी सरकार ने बढ़ा दिया है। इसके तहत मिलने वाली 15 हजार की राशि को बढ़ाकर हमने 25 हजार कर दिया है।

सीएम योगी ने गुरुवार को हाथरस के सेठ फू ल चंद बांग्ला पीजी कॉलेज में आयोजित नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने 177.29 करोड़ रुपए की 214 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। साथ ही सीएम योगी ने सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित करते हुए संवाद किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अब उत्तर प्रदेश के अंदर दंगे बंद हो गए हैं। खुशी के साथ यहां त्यौहार मनाए जा रहे हैं।

योगी ने कहा कि साढ़े नौ वर्षों में देश को बदलते हुए देखा है। वहीं साढ़े छह वर्ष में प्रदेश में परिवर्तन आया है। उन्होंने कहा कि आज हम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एक नए भारत का दर्शन कर रहे हैं। आज के भारत में जाति, मत, मजहब, क्षेत्र, भाषा या लिंग के आधार पर किसी के साथ कोई भेदभाव नहीं होता है। अब सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास की भावना के साथ कार्य किया जा रहा है। जिन्हें विशेष प्रोत्साहन दिए जाने की आवश्यकता है उनके लिए नई-नई योजनाएं बन रही हैं। सीएम योगी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार की सोच विकास की है। इसी के अंतर्गत सरकार सड़क, पेयजल, स्टेडियम सहित अपने तमाम कार्यक्रम को आगे बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि हम चाहते हैं कि जैसे एशियाई खेलों में पश्चिमी उत्तर प्रदेश की बेटियों ने कमाल किया। वैसे ही हाथरस जनपद में भी बेटियां आगे बढ़ें।

# 2612 किसानों से की गई 14066 मीट्रिक टन से अधिक बाजरा की खरीद

**● पारदर्शी प्रक्रिया से किसानों को किया जा चुका 2786.55 लाख का भुगतान**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**योगी** सरकार श्रीअन्न (मिलेट्स) के प्रोत्साहन पर पूरा ध्यान रखी है। मिलेट्स वर्ष के अंतर्गत योगी सरकार एक तरफ जहां आगामी 27 से 29 अक्टूबर तक श्रीअन्न महोत्सव का आयोजन कर रही है, वहीं किसानों द्वारा इसकी खरीदारी पर भी काफी जोर दे रही है। योगी सरकार की पारदर्शी प्रक्रिया से अब तक 2612 किसानों से 14066.30 मीट्रिक टन बाजरा की खरीद की जा चुकी है। इसके लिए 40 जनपदों में 369 क्रय केंद्रों से खरीद की गई है। इस मद में किसानों को 2786.55 लाख रुपये का भुगतान किया जा चुका है। वहीं योगी सरकार ने किसानों को पहले ही बड़ी सौगात देते हुए बाजरा का समर्थन मूल्य 2500 रुपये प्रति कुंतल निर्धारित किया है।

बुधवार तक बाजरा की खरीद सर्वाधिक अलीगढ़ मंडल में हुई है। अलीगढ़ मंडल में कुल 6691.30 मीट्रिक टन की खरीद हुई है। मंडल के हाथरस में 2180.20 मीट्रिक टन, अलीगढ़ में 1751.45, कासगंज में 1429.20 व एटा में 1330.45 मीट्रिक टन क्रमिक बाजरा की खरीद हुई। वहीं आगरा मंडल के फिरोजाबाद में 3019.20, आगरा में 1865. 65, मैनपुरी में 1062.05 व मथुरा में 418.05 मीट्रिक टन बाजरा की खरीद हुई है।



बुधवार तक 40 जनपदों में 2612 किसानों से खरीद की जा चुकी है। फिरोजाबाद में 493, हाथरस में 448, आगरा में 447, अलीगढ़ में 351, एटा में 235, कासगंज में 190, मैनपुरी में 180, मथुरा में 86, बदायूं में 46, औरैया में 39ए इटावा में 38, बुलंदशहर में 31, कानपुर देहात में 21, फर्रुखाबाद में 4, संभल में 3 किसानों से बाजार की खरीद की जा चुकी है। वहीं किसानों से अन्य स्थानों पर भी तेजी से खरीदारी जारी है। सूबे में बाजरा की खरीद के लिए 40 जनपदों में 369 क्रय केंद्र स्थापित किए गए हैं।

## पूर्वी उप्र में पहली नवंबर से शुरू होगी धान खरीद

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**● धान बिक्री के लिए 3 लाख से अधिक किसानों ने कराया पंजीकरण**

**खरीफ** विपणन वर्ष 2023-24 में न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के अंतर्गत पहली नवंबर से पूर्वी उत्तर प्रदेश के जनपदों में खरीद शुरू किया जाना प्रस्तावित है, जबकि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जनपदों में पहली अक्टूबर से धान खरीद प्रारंभ है। पूर्वी उप्र के 308663 किसानों द्वारा धान बिक्री के लिए ऑनलाइन पंजीकरण कराया गया है तथा 2282 कृषकों से 13648 मीट्रिक टन धान की खरीद हुई है। गतवर्ष इस अवधि में 332 किसानों से 1614 मीट्रिक टन खरीद की गई थी। सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देश के अनुसार किसानों के हित में धान की आवक के दृष्टिगत पूर्वी उप्र के लखनऊ संभाग के लखनऊ, रायबरेली, उन्नाव तथा अयोध्या संभाग के जनपद सुल्तानपुर, अमेठी अयोध्या, अंबेडकर नगर, बाराबंकी में धान की खरीद 20 अक्टूबर से प्रारम्भ होगी। इसके लिए उक्त जनपदों के जिलाधिकारियों को क्रय केंद्र क्रियाशील कराते हुए किसानों से धान की खरीद प्रारंभ करने के निर्देश भी दिए गए हैं। इन जनपदों में किसान 20 अक्टूबर से धान बिक्री कर सकते हैं। पिछली बार सभी एजेंसियों से 1614 मीट्रिक टन धान की खरीद हुई थी। खाद्य व रसद विभाग के मुताबिक बुधवार तक 13648.46 मीट्रिक टन की खरीद हो चुकी है। 2282 किसान इससे अभी तक लाभान्वित हो चुके हैं। 730 केंद्रों पर 13640.22 मीट्रिक टन क्रमिक धान खरीद कॉमन व हाइब्रिड 8.24 मीट्रिक टन हुई है।

# संचारी रोगों का प्रसार रोकने को विभाग करें हर संभव प्रयास: मुख्य सचिव

**● मच्छरजनक स्थितियां पैदा करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने के दिए निर्देश**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखऊ

**मुख्य** सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने कहा कि संचारी रोगों के प्रसार को रोकने के लिए सभी संबंधित विभागों द्वारा हर संभव प्रयास किए जाएं। संवेदनशील जनपदों को विशेष तवज्जो दी जाए। शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में रोगियों की संख्या के आधार पर चिन्हित हाई रिस्क क्षेत्रों तथा अधिक मच्छर व लार्वा घनत्व वाले क्षेत्रों की विभागीय अधिकारियों के द्वारा नियमित मॉनीटरिंग की जाए। किसी भी शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में गंदगी, गंदा पानी, स्थिर पानी और मच्छरों के लिए संभावित प्रजनन स्थल हो, उन्हें तत्काल प्रभाव से हटा दिया जाए और फॉगिंग तथा लार्वीसाइडल स्प्रे कराया जाए।

मुख्य सचिव गुरुवार को प्रदेश में संचारी रोगों के संबंध में अंतरविभागीय बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सभी सम्बन्धित विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें। हाई रिस्क क्षेत्र में नगर निकायों के निकट स्थित ग्रामीण क्षेत्रों और नवीन कालोनियों में विशेष तौर पर सघनता से मच्छर नियंत्रण गतिविधियां करायी जाए। हाई रिस्क गांव व क्षेत्र की ग्राम विकास अधिकारी एवं ग्राम पंचायत सहायकों के माध्यम से विशेष निगरानी की जाए। संक्रामक रोगों की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए माइकिंग के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जाए। मच्छरजनक स्थितियां पैदा करने वाले व्यक्तियों एवं संस्थानों के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की जाए। आवास विभाग द्वारा रेजीडेंट वेलफेयर एसोसिएशन को सेंसटाइज करते हुए कालोनी में मच्छर प्रजनन के लिए अनुकूल परिस्थितियों को रोकने की कार्यवाही करायी जाए। नगर निकायों व स्मार्ट सिटी के एलईडी होर्डिंग्स, कूड़ा उठाने वाली गाड़ियों मे लगे लाउडस्पीकर्स आदि उपलब्ध अन्य प्रचार माध्यमों का उपयोग संचारी रोगों के प्रसार को रोकने के लिए 'क्या करें और क्या न करें' इसके लिए जागरूक किया जाए।

**प्रदेश सरकार का बड़ा निर्णय**

# गरीबों के लिए पहले होगी आवास की व्यवस्था, फिर सार्वजनिक भूमि से बेदखल

**● ऐसे मामलों में गरीबों के उत्पीड़न और शोषण पर कड़ा रुख अपनाने के भी दिए गए निर्देश, जिलाधिकारियों की तय की गई जिम्मेदारी**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** सरकार ने गरीबों, वंचितों और एससी-एसटी समेत पिछड़ी जातियों के हितों को ध्यान में रखते हुए बड़ा निर्णय लिया है। सरकार ने निर्देश दिया है कि गरीब एवं निराश्रित व्यक्तियों को सार्वजनिक भूमि से बेदखल करने की कार्रवाई करने से पूर्व उनके आवास की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। सरकार ने इसके लिए जिलाधिकारी की जिम्मेदारी तय करते हुए ऐसे मामलों में गरीबों के उत्पीड़न और शोषण पर कड़ा रुख अपनाने के भी निर्देश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि सरकार ने ये निर्देश उन शिकायतों पर दिए हैं, जिनमें सार्वजनिक भूमि पर अनुसूचित जाति, जनजाति के गरीब तथा भूमिहीन व्यक्तियों को बिना विधिक प्रक्रिया के अनुपालन के हटाया जा रहा है।

अपर मुख्य सचिव सुधीर गर्ग द्वारा समस्त मंडलायुक्त, जिलाधिकारी, आयुक्त एवं सचिव राजस्व परिषद एवं पुलिस आयुक्त एवं वरिष्ठ पुलिस आयुक्त को इस संबंध में पत्र लिखा है। इसमें कहा गया है कि अवैध संपत्तियों एवं भूमाफिया का चिन्हीकरण तथा अतिक्रमण हटाए जाने से संबंधी कार्रवाई करते समय किसी गरीबए असहाय एवं कमजोर व्यक्ति का उत्पीड़न न होने पाए तथा विधिक प्रक्रियाओं का अनुपालन प्रत्येक दशा में सुनिश्चित किया जाए। गरीबों के उत्पीड़न, शोषण के संबंध में शिकायत प्राप्त होने पर जिलाधिकारी स्वयं प्रकरण की जांच करेंगे तथा जांच में दोषी पाए जाने पर दोषी अधिकारियों व कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करेंगे। पत्र में कहा गया है कि सरकार ने पहले भी इस संबंध में निर्देश जारी किए थे लेकिन उसका अनुपालन सुनिश्चित नहीं किया जा रहा है। यह स्थिति अत्यंत खेदजनक व स्वीकार योग्य नहीं है।

## यूपी में डेंगू बुखार को लेकर हाहाकार, इलाज के अभाव में जनता बेबस: अखिलेश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में डेंगू बुखार को लेकर हाहाकार मचा है। प्रदेश में हजारों लोग डेंगू बुखार से पीड़ित हैं। अस्पतालों में बेड, दवाएं और जांच, डॉक्टरए नर्स के अभाव में मरीजों को इलाज नहीं मिल पा रहा है। भाजपा सरकार में लापरवाही और अराजकता चरम पर है। जनता बेबस है। वन ट्रिलियन इकोनॉमी बनाने के सपने दिखाने वाली प्रदेश की भाजपा सरकार बुखार का भी इलाज नहीं कर पा रही है।

अखिलेश यादव ने कहा किप्रदेश में डेंगू बुखार से पीड़ित लोगों की मौते हो रही है। भाजपा सरकार ने अपने पूरे कार्यकाल में अब तक एक भी जिला अस्पताल नहीं बनाया है, न पीएचसी और सीएचसी बनाएं। आज जो भी अस्पताल है वे समाजवादी सरकार के बनाए हुए है। उन्हीं अस्पतालों में थोड़ा-बहुत इलाज चल रहा है।

उन्होंने कहा कि डेंगू और अन्य बुखार को लेकर राजधानी लखनऊ सहित पूरे प्रदेश के अस्पतालों में मरीजों की भरमार है। हर दिन सैकड़ों मरीजों को लौटाया जा रहा है। बड़ी संख्या में मरीज प्राइवेट अस्पतालों में इलाज कराने को मजबूर है। एक बेड पर दो-दो मरीज लिटाए जा रहे है। भाजपा सरकार अपनी नाकामियों को छिपाने के लिए बुखार के मरीजों के आंकड़ें छिपा रही हैं। जांच के नाम पर पैथालॉजी में बड़े पैमाने पर खेल चल रहा है। मरीज और तीमारदारों से लूट हो रही है। गरीब जनता बुखार और अन्य बीमारियों से लाचार होकर लूट और शोषण का शिकार हो रही है। गरीब जनता इलाज और जांच के लिए दर-दर भटक रही है लेकिन सरकार हाथ पर हाथ धरे बैठी है।

# प्रदेश में राजस्व वाद के लंबित मामलों के निस्तारण में आई तेजी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** में वर्तमान में राजस्व वाद के पेंडिंग मामलों के निस्तारण का रेश्यो शत-प्रतिशत दर्ज किया गया है जबकि राजस्व के मामलों के निस्तारण का रेश्यो 90 प्रतिशत पार कर गया है। एक माह में करीब-करीब पांच लाख राजस्व वादों का निपटारा किया गया है जबकि एक वर्ष से पांच वर्ष के विचाराधीन 2.6 लाख वादों का निपटारा किया गया।

यह जानकारी राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान अपर मुख्य सचिव राजस्व ने दी। मालूम हो कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 16 सितंबर को एनेक्सी में सीएम कमांड सेंटर की रिपोर्ट की समीक्षा की थी, जिसमें उन्होंने राजस्व के मामलों को समयबद्ध तरीके से निपटाने में हीलाहवाली पर कड़ी फटकार लगाई थी। उन्होंने अधिकारियों को इसमें सुधार लाने की सख्त हिदायत देते हुए एक माह का वक्त दिया था। उसी का असर है कि एक माह में करीब-करीब पांच लाख राजस्व वादों का निपटारा किया गया है जबकि एक वर्ष से पांच वर्ष के विचाराधीन 2.6 लाख वादों का निपटारा किया गया।

अपर मुख्य सचिव राजस्व सुधीर गर्ग ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 16 अक्टूबर को राजस्व की समीक्षा बैठक में राजस्व के पेंडिंग मामलों के निस्तारण के शत-प्रतिशत रेश्यो पर खुशी जाहिर की जबकि राजस्व के अन्य मामलों के निपटारे का रेश्यो 95 प्रतिशत करने के निर्देश दिए। सर्वाधिक राजस्व वादों का निस्तारण लखनऊ (100307 वाद), बलिया (70761 वाद), प्रयागराज (65771 वाद), गोरखपुर (62906 वाद), गोंडा (58264 वाद) द्वारा किया गया है। इसी तरह पैमाइश के मामलों के निपटारे में टॉप पांच जिलों में बलिया, आजमगढ़, एटा, गाजीपुर और लखनऊ शामिल हैं। कुल 533089 मामले रजिस्टर्ड हुए, जिनमें से 436921 मामले निस्तारित किए जा चुके हैं। पिछले एक माह में 29032 मामलों को निपटाया गया है। इन मामलों को उपजिलाधिकारी स्तर पर 90 दिनों में निपटाने का प्राविधान है। नामान्तरण के 12629738 आवेदन आए, जिसमें से 11886265 आवेदन का निस्तारण किया गया।

# कांग्रेस की नीतियों और कार्यों को बताएं पदाधिकारी: अजय

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ




**प्रदेश** कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा की प्रदेश बदलाव का मूड बना चुका है। हमें अपने संगठन को चुस्त करके जनता के बीच में जाना पड़ेगा। ईमानदारी से काम करने वाले नेताओं को हम बड़ी जिम्मेदारी में प्राथमिकता देंगे। घर-घर पहुंचकर कांग्रेस की नीतियों और कांग्रेस सरकारों द्वारा किए गए कामों को बताने की हम सब की जिम्मेदारी है। भारत जोड़ो यात्रा के बाद पूरे देश का माहौल बदल चुका है। उत्तर प्रदेश के जनमानस की सोच और भाव हमारे प्रति है, जनता को आखरी उम्मीद कांग्रेस पार्टी से है। हम प्रदेश के प्रत्येक कार्यकर्ता के साथ दिन-रात 24 घंटे खड़े हैं, आप सभी लोगों के बीच में जाइए, जमीन पर उतरकर आम आदमी से पार्टी की पैठ बनाइए। प्रदेश का प्रत्येक वर्ग परेशान है चाहे वह दलित हो, युवा हो, किसान हो या आम छोटे व्यापारीए सभी बदलाव का मन बना चुके हैं।

अजय राय गुरुवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में लोकसभा चुनाव की तैयारियों की रणनीति पर चर्चा और संगठन को मजूबत व विस्तारित करने के विचार विमर्श के लिए बुलाई गई प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में पूरे प्रदेश से कांग्रेस के प्रदेश पदाधिकारी और प्रदेश के सभी जिला और शहर अध्यक्ष शामिल हुए। बैठक में पदाधिकारियों के सुझाव के साथ आगामी 2024 लोकसभा चुनाव के मुद्दे, भाजपा की केंद्र और राज्य सरकार की वादा-खिलाफ ी से जनमानस में बढ़ती नाराजगी पर चर्चा हुई और आम जनमानस में पैठ बनाने को लेकर विस्तृत संवाद हुआ।

# रिहर्सल कर जांची पुलिस स्मृति दिवस समारोह की तैयारियां, डीजीपी ने किया परेड का निरीक्षण

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**रिजर्व** पुलिस लाइन, लखनऊ में 21 अक्टूबर को सुबह आठ बजे पुलिस स्मृति दिवस समारोह का आयोजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कार्यक्रम में शिरकत करेंगे और शोक परेड की सलामी लेने के बाद वह कर्तव्यवेदी पर शहीद हुए पुलिसजनों को श्रद्धांजलि देने के साथ ही उनके परिजनों को सम्मानित करेंगे। डीजीपी विजय कुमार के निर्देश पर इस कार्यक्रम की तैयारियों को परखने के लिए गुरुवार को फुल ड्रेस रिहर्सल किया गया। डीजीपी ने रिहर्सल परेड की सलामी ली और उसका बारीकी पूर्वक निरीक्षण किया। पूर्वाभ्यास परेड का कमान्ड सन्तोष कुमार मिश्र पुलिस अधीक्षक, अपराध उप्र द्वारा किया गया। परेड में नागरिक पुलिस, पीएसी, महिला पुलिस, जीआरपी, फ ायर सर्विस, यातायात पुलिस, एटीएस, आरआरएफ , एसडीआरएफ एवं एसएसएफ की टीमें सम्मिलित हुई। पूर्वाभ्यास के दौरान डीजीपी द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को परेड के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। डीजीपी द्वारा परेड में सम्मिलित पुलिस कर्मियों को 21 अक्टूबर 2023 'पुलिस स्मृति दिवस' की महत्ता के सम्बन्ध में अवगत कराया गया।

## उपभोक्ता से रिश्वत लेने पर दो अवर अभियंता गिरफ्तार, तीन पुलिस कर्मी फरार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**ऊर्जा** मंत्री एके शर्मा के निर्देश पर प्रथम दृष्टया भ्रष्टाचार के दोषी पाए जाने के आरोप में आगरा जनपद के दो प्रभारी अवर अभियन्ता, प्रवर्तन टीम के 2 उपनिरीक्षक तथा एक मुख्य आरक्षी पर उपभोक्ता से रिश्वत लेने पर प्रबन्ध निदेशक दक्षिणांचल द्वारा सख्त कार्रवाई की गई। उपभोक्ता द्वारा की गई रिश्वत लेने की शिकायत पर इरादतनगर के प्रभारी अवर अभियन्ता सौरभ कुमार एवं हृदय कुमार को आगरा पुलिस ने उपभोक्ता से वसूली गई 35 हजार की धनराशि सहित गिरफ्तार किया तथा प्रवर्तन टीम के उपनिरीक्षक रजनेश सिंह एवं बिजेन्द्र सिंह तथा मुख्य आरक्षी सोनू प्रताप की गिरफ्तारी की कार्यवाही की जा रही।

ऊर्जा मंत्री ने सभी विद्युत कार्मिकों एवं बिजिलेंस टीम की कार्यवाहियों पर भ्रष्टाचार की शिकायत मिलने पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि प्रदेश सरकार के लिए उपभोक्ता हित सर्वोपरि है। उपभोक्ता का उत्पीड़न किसी भी रूप में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उन्होंने कहा कि विद्युत चेकिंग के नाम पर उपभोक्ताओं का उत्पीड़न करने, साथ ही एफआईआर का भय दिखाकर उपभोक्ताओं से अवैध धन की वसूली संबंधी प्रकरणों की जांच की जाएगी और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी डिस्कॉम के एमडी को ऐसे मामलों में उपभोक्ताओं की शिकायतों का संज्ञान लेकर जांच करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि त्योहारों पर उपभोक्ताओं को निर्बाध विद्युत आपूर्ति देने के लिए सभी विद्युत कार्मिक अपने-अपने क्षेत्रों में मुस्तैदी से कार्य करें। किसी प्रकार के विद्युत व्यवधानों पर तत्काल कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

## राजकीय इंजीनियरिंग कालेजों की भर्ती में शासन की आरक्षण नीति का हो पालन: पटेल

**लखनऊ।** प्रदेश के प्राविधिक शिक्षा मंत्री आशीष पटेल ने कहा कि राजकीय इंजीनियरिंग कालेजों में की जाने वाली भर्ती में उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जारी आरक्षण नीति का पूरी तरह पालन किया जाए, किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। पटेल गुरूवार को विस स्थित अपने कार्यालय कक्ष में राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज कन्नौज,मैनपुरी, सौनभद्र एवं बिजनौर की प्रशासकीय परिषद की विशेष बैठक कर रहे थे। प्राविधिक शिक्षा मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ प्राविधिक संस्थानों में पढ़ने वाले युवाओं को मिले। युवाओं को तकनीकी शिक्षा से जोड़ने के साथ.साथ अधिक से अधिक रोजगार के अवसर भी उपलब्ध करायें जाय। राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेजो में संचालित कोर्सेज का व्यापक स्तर पर प्रचार.प्रसार किया जाए। राजकीय इंजीनियरिंग कालेजों के प्रशासकीय परिषद की बैठक नियमित रूप से की जाए।

## दशहरा पर्व के दृष्टिगत अतिरिक्त बसों का संचालन करने के निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**परिवहन** राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह ने त्योहारों के दृष्टिगत खासतौर पर अभी दशहरा पर्व पर अतिरिक्त परिवहन सेवाएं यात्रियों को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि यह सेवाएं उन क्षेत्रों में विशेष रूप से उपलब्ध कराएं जिन क्षेत्रों में यात्रियों की आवागमन की सम्भावना अधिक रहती है।

परिवहन मंत्री ने बताया कि दशहरा पर्व के पूर्व और उसकी समाप्ति के तुरन्त पश्चात यात्रियों का आवागमन अत्यधिक बढ़ जाता है। इस बढ़े हुए आवागमन का लाभ लेने के लिए तथा यात्रियों को अधिक परिवहन सुविधा प्रदान करने के लिए 20 अक्टूबर से 25 अक्टूबर 2023 तक की अवधि में अधिक से अधिक बसों के संचालन करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि आनंद बिहार दिल्ली से विभिन्न स्थानों के लिए जैसे टनकपुर-रुपैडिया एवं सोनौली के यात्रियों की अत्यधिक भीड़ रहती है। इसी प्रकार सहारनपुर से अधिक संख्या में शाकुम्भरी देवी के दर्शन के लिए श्रद्धालु जाते हैं एवं इसी प्रकार मुरादाबाद एवं बरेली से पूर्णागिरी देवी के दर्शन हेतु अधिक संख्या में श्रद्धालु जाते हैं। परिवहन मंत्री ने निर्देश दिए कि समस्त बसों को आन रोड कर लिया जाए। किसी भी परिस्थिति में कोई भी बस कार्यशाला में खड़ी न रहे। उन्होंने कहा कि बस स्टेशन व बसें साफ-सुथरी रहें। यात्रियों की मूलभूत सुविधाओं जैसे-बैठने के स्थान पर कुर्सियां लगी हों एवं दुरूस्त हों, पंखे, लाइट, पीने के पानी इत्यादि की समुचित व्यवस्था रहे इसका ध्यान रखें।

# राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र ने किया यूपी विधानसभा का भ्रमण

**● एक घंटे रुके राज्यपाल, पुराने स्वरूप को याद करने के साथ ही की बदलाव की सराहना**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**राजस्थान** के राज्यपाल कलराज मिश्र आज कई वर्षों बाद जब उत्तर प्रदेश की विधानसभा पहुंचे तो विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने उनका पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। इसके बाद मिश्र यहां लगभग एक घंटे से अधिक उपस्थित रहे। इस दौरान उन्होंने पूरी विधानसभा का भ्रमण किया और विधानसभा के पुराने स्वरूप को याद करते हुए यहां हुए बदलाव की सराहना की। इस मौके पर राज्यपाल कलराज मिश्र ने सभा मंडप, सत्ता पक्ष और प्रतिपक्ष के लिए बनाई गयी आधुनिक लाबी, नवीनीकृत गलियारों, सेल्फी प्वाइंट का भी भ्रमण किया। जहां पर विधानसभा में स्थापित किए गए महापुरुषों के तैल चित्रों आदि को देखा।

विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने राज्यपाल कलराज मिश्र को बताया कि 18वीं विधान सभा में कई सदस्य पूर्व प्रशासनिक अधिकारी, इंजीनियर्स, शोध धारक एवं विधि स्नातक सदस्य के रूप में निर्वाचित होकर आए हैं।

महाना ने राज्यपाल कलराज मिश्र सभा मंडप के बारे म जानकारी देते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश की विधानसभा में जो सूचनाएं शासन से अथवा विधायकों के माध्यम से सदन में आती हैं, उन्हें ऑनलाइन किया गया है। साथ ही सदन में जो भी कार्यवाही सदन के पटल पर रखी जाती है, उसको भी ई-बुक पर ऑनलाइन संचालित किया जा रहा है।

उप्र विधानसभा पेपरलेस है और यहां पर ई-विधान की योजना लागू की जा चुकी है। महाना ने उन्हें यह भी बताया कि विधानसभा में नई व्यवस्था लागू होने के बाद छात्र-छात्राएं व्यापारी और विधायकों के परिजन विधानसभा देखने आ रहे हैं। इस अवसर पर प्रदेश सरकार के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना एवं प्रमुख सचिव विधान सभा सहित अन्य गणमान्य भी उपस्थित रहे।

## 6 फसलों के एमएसपी में ऐतिहासिक बढ़ोतरी पर कृषि मंत्री ने जताया पीएम मोदी का आभार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कृषि** मंत्री सूर्य प्रताप शाही द्वारा केंद्र सरकार की ओर से विपणन सीजन 2024-25 के लिए 6 रबी फसलों के एमएसपी में ऐतिहासिक बढ़ोतरी पर प्रदेश के किसानों तथा राज्य सरकार की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के इस निर्णय से उत्तर प्रदेश के किसानों के जीवन में नई खुशहाली आएगी।

उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी को प्रदेश के करोड़ों किसान भाइयों की ओर से आभार प्रकट करते हुए कहा कि इससे उत्तर प्रदेश के किसानों की आमदनी तेजी से बढ़ेगी। प्रधानमंत्री द्वारा प्रतिवर्ष किसानों के उत्पादों का न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ाया जा रहा है। 6 फसलों का लागत के डेढ़ गुने से भी अधिक एमएसपी बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। केंद्र सरकार ने विपणन सीजन 2024-25 के लिए रबी फसलों के एमएसपी में वृद्धि की है, ताकि उत्पादक किसानों को उनकी उपज के लिए लाभकारी मूल्य सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने कहा कि गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 150 रुपया प्रति कुंतल बढ़ाने से उप्र के करोड़ों किसानों को विशेष फ़ायदा होगा, क्योंकि उप्र देश का सर्वाधिक गेहूं उत्पादन करने वाला राज्य है। इस निर्णय से तिलहन और दलहन पैदा करने वाले किसानों को भी बड़ा लाभ होगा। इससे दलहन और तिलहन में किसानों का रुझान बढ़ने से देश आत्म-निर्भरता की ओर बढ़ सकेगा।

पायनियर
नई दिल्ली, शुक्रवार, 20 अक्टूबर, 2023



# ऐतिहासिक रामदल में सहभागी बने चित्रकूट का जनमानस: नरेंद्र गुप्ता

● चित्रकूट में 23 अक्टूबर को रामलीला कमेटी निकालेगी भव्य रामदल



**संवाददाता ।** चित्रकूट

**भगवान** श्रीराम की तपोभूमि चित्रकूट में 162 वर्षो से रामलीला का आयोजन कर रहीं रामलीला समाज द्वारा 23 अक्टूबर को शहर में जय श्रीराम के जयकारों के साथ भव्य और दिव्य रामदल निकाला जायेगा। गुरुवार को रामलीला भवन में नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई तैयारी बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गई।

विश्व प्रसिद्ध पौराणिक तीर्थ के रूप में विख्यात भगवान श्रीराम की तपोभूमि चित्रकूट के पुरानी बाजार रामलीला समाज द्वारा 162 वर्षो से रामलीला का मंचन किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश की दूसरी सबसे पुरानी रामलीला होने का खिताब हासिल करने वाली चित्रकूट की रामलीला का आयोजन इस बार नगर पालिका परिषद द्वारा शहर के गणमान्य लोगों के सहयोग से किया जा रहा है। नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता द्वारा आयोजन को भव्य और दिव्य स्वरूप देने का हर संभव प्रयास किया जा रहा है। गुरूवार को रामलीला भवन में नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता,जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष पंकज अग्रवाल,वरिष्ठ पत्रकार एवं समाजसेवी विवेक अग्रवाल,रामबाबू गुप्ता,नगर पालिका ईओ लालजी यादव आदि सैकड़ों गणमान्य लोगों की मौजूदगी में 23 अक्टूबर को चित्रकूट में निकाले जाने वाले रामदल को भव्यता और दिव्यता से निकालने की रणनीति तय की गई।

इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता ने कहा कि चित्रकूट में प्रदेश की दूसरी सबसे पुरानी रामलीला हो रही है। यह बडे गौरव की बात है।

# किसानों के लिए मुसीबत बने जंगली जानवर, वन विभाग को नहीं परवाह



**संवाददाता ।** चित्रकूट

कृषि विभाग ने किसान दिवस का आयोजन सीडीओ अमृतपाल कौर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में किया। उपकृषि निदेशक राजकुमार समेत विभागाध्यक्ष मौजूद रहे। भाकियू जिला उपाध्यक्ष शिवदयाल सिंह बघेल ने किसानों की समस्याओं बाबत ज्ञापन सीडीओ को देते हुए कहा कि जिला सूखा प्रभावित है। खेतो में नमी नही है, किसान परेशान हैं। गुरुवार को हुई बैठक में किसानों ने सीडीओ से कहा कि बीज कैसे बोये, सिंचाई विभाग नहरों में पानी नही दे रहा। नहरों की सिल्ट सफाई नही हुई। समय रहते किसान पलेवा कैसे करेगा। चना, सरसो, मसूर, अलसी की बुआई के समय खेतों में नमी नही है। नहरों में टेल तक पानी पहुंचाया जाये।

तहसील अध्यक्ष राजकिशोर सिंह ने कहा कि जिले का वन विभाग निरंकुश हो गया है। विभाग न तो वन कटान पर अंकुश लगा सका, न ही वन्य जीव संरक्षित कर सका। जंगली जानवर गांवों में आ गए हैं। बन्दर, नीलगाय, सुअर किसानों के लिए अभिशाप बने हैं। किसानों ने मांग की है कि जानवरो को जंगल भेजा जाए। एक दिन ऐसा आयेगा कि अन्ना जानवरों से ज्यादा जंगली जानवर गांवों में बसेरा करेंगे। जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र सिंह ने कहा कि किसानों को 20 घंटे बिजली दी जाए।

# सेवानिवृत्त शिक्षक के पुत्रों ने की अपने ही दादा व सौतेली मां की हत्या, हुए गिरफ्तार

● पुलिस ने हत्या के छह घंटे बाद किया घटना का खुलासा

● पिता की तीसरी शादी से नाराज़ थे दोनों बेटे



**संवाददाता ।** पुखरायां, कानपुर देहात

**कानपुर** देहात के भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत अमरौधा कस्बे में बुधवार रात्रि ससुर व बहू की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। जबकि महिला का पति गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनो शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। वहीं गंभीर रूप से घायल पति को इलाज के लिए में पहले जिला अस्पताल माती फिर वहां से कानपुर के हैलट अस्पताल रेफर किया गया है। पुलिस ने संदेह के आधार पर दो लोगों को हिरासत में लिया था। उन्होंने अपना जुर्म कबूल कर लिया है।

प्राथमिक जांच में पारिवारिक विवाद के चलते हत्या की बात सामने आई है। गुरुवार सुबह ग्रामीणों द्वारा घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंचे पुलिस अधीक्षक बीबीजीटीएस मूर्ति तथा थाना प्रभारी ने घटना स्थल की जांच पड़ताल की तो घर के अंदर अचेत अवस्था में गंभीर रूप से घायल रामप्रकाश का पुत्र विमल भी मिला। जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। जहां से प्राथमिक उपचार के पश्चात हालत गंभीर देखकर कानपुर के हैलट अस्पताल रेफर किया गया है। वहीं मौके पर पहुंची पुलिस व फोरेंसिक टीम ने जांच पड़ताल कर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना के बाबत पुलिस अधीक्षक बीबीजीटीएस मूर्ति ने बताया कि भोगनीपुर कोतवाली के अमरौधा कस्बा निवासी रामप्रकाश व उनकी बहू का शव मिला है। हिरासत में लिये गए विमल कुमार द्विवेदी के बड़े पुत्र ललित कुमार द्विवेदी एवं छोटे पुत्र ने जुर्म कबूल कर लिया है। ललित ने बताया कि उसके पिता विमल कुमार द्विवेदी की अधिक उम्र होने के बाद कम आयु उम्र की लड़की से शादी कर ली थी। जिसका लगातार विरोध कर रहे थे। लेकिन बात नहीं सुनी तो उनको यह कदम उठाना पड़ा।

# अवैध खनन पर शिकंजा कसने में जुटा प्रशासन, चल रहा चोर-सिपाही का खेल

● पट्टाधारक से जुर्माना वसूलने की तैयारी

**उरई, जालौन।** मौरम खनन का खेल शुरू होते ही हमीरपुर जनपद के मौरम खंड संख्या 22/7 रिरुआ बसरिया तहसील सरीला के पट्टाधारक ने कालपी तहसील क्षेत्र के मौजा परासन के मजरा मोहरदेवी के मौरम खंड से लगभग 5 हजार 632 घनमीटर एरिया की मौरम का अवैध तरीके से खनन कराने में सफल रहा। भला हो निषाद पार्टी जिलाध्यक्ष सत्यप्रकाश निषाद का जिन्होंने सचित्र अवैध मौरम खनन का भंडाफोड़ करते हुये उसकी शिकायत प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारियों से की। इसके बाद हुई कार्यवाही में उनकी शिकायत सच्चाई की कसौटी पर सौ फीसदी सच साबित हुयी। अब खनन विभाग हमीरपुर के पट्टेधारक पर 55 से 60 लाख रुपये का जुर्माना वसूली की तैयारी में जुट गया है। पखवारे भर पहले हमीरपुर जनपद के मौरम पट्टाधारक ने जनपद जालौन की सीमा मौजा परासन के मजरा मोहरदेवी में आधा दर्जन से अधिक पॉकलैंड मशीनों को मैदान में उतारकर दबंगई के दम पर अवैध तरीके से मौरम का खनन कराना शुरू कर दिया है। इस दौरान कुछ ग्रामीणों ने इसका विरोध करने का साहस दिखाया तो पट्टाधारक के कारिंदों ने घुड़की देकर उनके मुंह बंद करा दिये थे। लेकिन तभी इसकी भनक निषाद पार्टी के जिलाध्यक्ष सत्यप्रकाश निषाद को पता चली तो उन्होंने गोपनीय तरीके से अवैध मौरम खनन की फोटो खींचकर शिकायत एसडीएम कालपी व खनन अधिकारी से की थी।

# अग्रवाल समाज की शोभायात्रा को एसपी ने दिखाई हरी झंडी



**चित्रकूट।** प्रतिवर्ष की भांति अग्रवाल समाज ने अग्रसेन महाराज जयंती पर भव्य शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा को हरीझण्डी दिखाकर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला ने रवाना किया। शोभायात्रा पुरानी बाजार से रेलवे स्टेशन होते हुए रामनाथ–रामकिशुन धर्मशाला पहुंची। गुरुवार को शोभायात्रा में पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला ने कहा कि अग्रवाल समाज हमेशा सामाजिक कार्यो में बढ–चढकर हिस्सा लेता है। इस समाज का देश के विकास में अहम सहयोग शुरु से रहा है। अग्रवाल समाज की महिलाओं ने पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला को गुलदस्ता देकर सम्मानित किया। शोभायात्रा में हाथी, घोडा व रथ में महाराजा अग्रसेन तथा कुलमाता लक्ष्मी जी आकर्षण का केन्द्र रहे। शोभायात्रा दौरान आतिशबाजी व फूलों की होली खेली गई।

# अभिनय और संवाद लेखन के गुर सीख रहे डायट प्रशिक्षु



**महराजगंज।** विज्ञान को जन सामान्य तक पहुंचाने के लिए 41 डायट प्रशिक्षु अभिनय और संवाद लेखन की बारीकियां सीख रहे हैं। भारत सरकार की संस्था राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद तथा इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड एडवांस्ड स्टडीज की ओर से जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट में चल रही पांच दिवसीय कार्यशाला में प्रतिभागी कठपुतली माध्यम से जन उपयोगी विज्ञान संचार के लिए लघु नाटक तैयार कर रहे हैं और रोचक शैली में संवाद बोलने का अभ्यास कर रहे हैं। कार्यशाला में बोलते हुए प्राचार्य सुरेश प्रताप सिंह ने कहाकि कठपुतली संचार का बहुत ही सशक्त पारंपरिक माध्यम है, जो बहुत कम खर्चे में जन जन तक पहुंचने में सक्षम है। उप प्रचार्य अभिजीत सिंह ने विद्यार्थियों को गंभीरता से कार्यशाला में भाग लेने को कहा। डायट के वरिष्ठ प्रवक्ता सुनील कुमार भारती ने कहा कि पुतुल के माध्यम से रोचक ढंग से विज्ञान संचार किया जा सकता है। बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय के सीनियर रिसर्च फेलो रंजीत कुमार ने संवाद बोलने की बारीकियां सिखाईं। डायट के ही वरिष्ठ प्रवक्ता सूरज कुमार मिश्र ने आह्वान किया कि यहां से जो सीख कर जाएं, उसे विद्यार्थियों और आम आदमी तक पहुंचाएं। कठपुतली विशेषज्ञ श्रीनारायण श्रीवास्तव ने संवाद बोलते समय उतार चढ़ाव के बारे में बताया।

## क्विक न्यूज

### जाल-पेट्रोल बम से होता है मछलियों का शिकार

**चित्रकूट।** मन्दाकिनी नदी में मछलियों के शिकार पर प्रतिबंध लगाने की मांग बुंदेली सेना ने जिलाधिकारी से की है। चोरी-छिपे बूढ़े हनुमान मंदिर से लेकर कर्वी तक जगह-जगह मछलियों का शिकार हो रहा है। कई बार तो पेट्रोल बम मारकर भी मछलियों का शिकार किया जाता है। गुरुवार को बुंदेली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने जिलाधिकारी के रामघाट में मछली बीज डलवाने का स्वागत किया है। मछलियां प्राकृतिक सफाई कर्मी की भूमिका निभाती हैं। मन्दाकिनी नदी के प्रदूषण की रोकथाम की दिशा में मछलियों की अहम भूमिका है। नदी में मछलियों का शिकार प्रतिबंधित है। इसके बाद भी धड़ल्ले से शिकार हो रहा है। किसी भी शिकारी के खिलाफपुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की। कुछ शिकारियों की धर-पकड़ हो जाये तो नदी में मछलियों का शिकार प्रतिबंधित हो सकता है।

### एसडीएम ने परखी मूर्तियों के भू विसर्जन की व्यवस्था

**चौडगरा, फतेहपुर।** जनपद के मलवां विकास खंड के अभयपुर मजरे बिन्दकी फार्म, शिवराजपुर के पांडु नदी, गुनीर ग्राम पंचायत के समीप मूर्तियों के भू विसर्जन को लेकर उपजिलाधिकारी बिन्दकी अनिल कुमार ने औंग प्रभारी निरीक्षक विद्या के साथ मौके पर पहुंचकर स्थल निरीक्षण किया। पूर्व प्रधान एवं समाजसेवी सूर्यपाल यादव नें बताया कि अलग-अलग गांव क्षेत्र से आधा सैकड़ा के समीप मूर्तियों का भू विसर्जन औंग, कल्यानपुर थाना क्षेत्र के चिन्हित स्थानों पर होगा जिसको लेकर स्थानीय प्रशासन व्यवस्था में जुटा है। प्रतिमाओं के जल विसर्जन को लेकर प्रशासन ने वॉलिंटियर तैयार कर खुफिया जानकारी वह स्थान की निगरानी के लिए खास तैयारी की। प्रभारी निरीक्षक विद्या ने बताया कि नवरात्रि पर्व में मूर्तियों के विसर्जन को लेकर तैयारियां पूरी है।

### स्टोन रिमूवल सर्जरी में बनाया कीर्तिमान

कानपुर। मेडिकल के क्षेत्र में एक शानदार उपलब्धि हासिल करते हुए कानपुर के रीजेंसी रीनल साइंस हॉस्पिटल ने एटा जिले के रहने वाले 54 वर्षीय पुरुष श्री राम प्रकाश पर गुर्दे की पथरी हटाने की एक मुश्किल सर्जरी को सफलतापूर्वक अंजाम दिया है। श्री प्रकाश को अगस्त 2023 में एक्यूट रीनल इंजरी और बढ़े हुए सीरम क्रिएटिनिन लेवल ;9 की शिकायत के साथ इमरजेंसी डिपार्टमेंट में लाया गया था। यहां पर रीजेंसी की प्रसिद्ध नेफ्रोलॉजी टीम की एक्सपर्ट केयर के तहत उनका इलाज किया गया।अस्पताल में भर्ती होने पर प्रकाश की हालत का आकलन किया गया, जिससे पता चला कि उनके दाहिने गुर्दे में कई पथरी हैं और बाईं किडनी सही ढंग से काम नही कर रही है। आगरा में ऐसी ही 10 साल पहले एक सर्जरी की गई थी जोकि दुर्भाग्य से असफल साबित हुई थी। उच्चतम मानक की देखभाल प्रदान करने की प्रतिबद्धता से प्रेरित होकर रीजेंसी की मेडिकल टीम ने श्री प्रकाश की कॉम्प्लेक्स किडनी ;गुर्देद्ध की समस्याओं के समाधान के लिए एक सावधानीपूर्वक उपचार योजना तैयार की और उस पर अमल किया। रीजेंसी रीनल साइंस हॉस्पिटल के मुख्य नेफ्रोलॉजिस्ट डॉ पीयूष त्रिपाठी ने कहा, सबसे पहला प्रयास पथरी हटाने की सर्जरी से पहले किडनी के कामकाज को बेहतर बनाना था।

# मिशन शक्ति फेज-4 शक्ति दीदी अभियान की रैली को झंडी दिखाकर किया रवाना

**संवाददाता ।** फतेहपुर

**मिशन** शक्ति अभियान के पेज–4 के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूक करने के उदेश्य से समूचे जनपद में मिशन शक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसके क्रम में गुरुवार को मुख्य अतिथि अपर पुलिस महानिदेशक भानू भाष्कर, पुलिस महानिरीक्षक चन्द्रप्रकाश जिलाधिकारी सी. इन्दुमति व पुसिल अधीक्षक उदय शंकर सिंह ने पुलिस लाइन से जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना कियज्ञं मुख्य अतिथि अपर पुलिस महानिदेशक भानू भाष्कर, पुलिस महानिरीक्षक चन्द्रप्रकाश, जिलाधिकारी सी. इन्दुमति व पुसिल अधीक्षक उदय शंकर सिंह ने शिरकत की। उन्होने कार्यक्रम का दीप जलाकर शुभारंभ किया। तत्पश्चात सरस्वती बाल मंदिर इण्टर कालेज में आयोजित मिशन शक्ति कार्यक्रम में छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि छात्राएं निर्भीक बनें और सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाएं। उन्होने कहा कि छात्राओं की सुरक्षा के लिए केंद्र एवं प्रदेश सरकार कटिबद्ध है। छात्राओं के स्वावलंबन के लिए भी कार्य किए जा रहे हैं।

# ओलावृष्टि से बर्बाद किसानों ने मुआवजे के लिए डीएम से लगाई गुहार

**संवाददाता ।** फतेहपुर

**दो** दिन पूर्व बिन मौसम हुई बारिस व ओलावृष्टि से बर्बाद हुई फसलों का मुआवजा दिलाए जाने को लेकर पीड़ित किसानो ने आंखों में उम्मीद की आस लिए जिलाधिकारी की चौखट पर पहुचकर नुकसान का आकलन कराकर राहत दिए जाने की मांग किया। हसवां विकास खण्ड के ग्राम केशवपुर व मोहम्मदपुर नेवादा के पीडित किसान बडी संख्या में गुरूवार को कलेक्ट्रेट पहुचकर जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौपते हुए अवगत कराया कि 17 व 18 अक्टूबर को बिन मौसम हुई बारिस व ओलावृष्टि से किसानो की खड़ी धान, अरहर व तिल आदि फसलें पूर्ण रूप से बर्बाद हो गई है जिससे किसान पूरी तरीके से बर्बाद हो गया है। पीड़ित किसानों ने आंखो में आंसू भरे हुए अपनी पीड़ा जिलाधिकारी के सामने व्यक्त करते हुए ओलावृष्टि में किसानो की हुए नुकसान की जांच कराकर यथा संभव आर्थिक मदद शासन स्तर से दिलाए जाने की गुहार लगाई जिलाधिकारी ने किसानो की पीड़ा को सुनते हुए उन्हे भरोसा दिलाया कि राजस्व विभाग की टीम किसानो की फसलों के नुकसान का आंकलन कर रही है।

# पेज एक का शेष

## भारत ने...

में भारत का स्कोर तिहरे अंक तक पहुंचाया। गिल ने 50 गेंद पर अपना अर्धशतक पूरा किया, लेकिन इसके तुरंत बाद वह मेहदी हसन मिराज की गेंद हवा में लहराकर पवेलियन लौट गए। उनकी पारी में पांच चौके और दो छक्के शामिल हैं। उनकी जगह लेने के लिए उतरे श्रेयस अय्यर (19) ने भी मिराज की गेंद हवा में खेलकर अपना विकेट इनाम में दिया। इस बीच कोहली ने 48 गेंद पर अपना पचासा पूरा किया और इस दौरान अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में चौथे स्थान पर पहुंचे। उन्होंने श्रीलंका के माहेला जयवर्धने (25957 रन) को पीछे छोड़ा। इससे पहले भारतीय गेंदबाजों ने लगातार चौथे मैच में अपनी प्रतिद्वंद्वी टीम को अच्छी शुरुआत का फायदा नहीं उठाने दिया। बांग्लादेश का स्कोर एक समय बिना किसी नुकसान के 93 रन था लेकिन इसके बाद भारतीय गेंदबाजों ने हार्दिक पंड्या के चोटिल हो जाने के बावजूद उसे बड़ा स्कोर नहीं बनाने दिया। हार्दिक ने नौवें ओवर में गेंद संभाली लेकिन लिटन दास के स्ट्रेट ड्राइव को रोकने के प्रयास में उनका टखना मुड़ गया। उन्होंने पहले मैदान पर ही उपचार लिया लेकिन आखिर में उन्हें मैदान छोड़ना पड़ा। भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने बाद में कहा कि हार्दिक को स्कैन के लिए ले जाया गया है। हार्दिक का ओवर कोहली ने पूरा किया। उस समय तक भारत को पहली सफलता का इंतजार था। कुलदीप यादव ने भारत को पहली सफलता जबकि जडेजा ने दूसरी सफलता दिलाई। इसके बाद बांग्लादेश के बल्लेबाज खुलकर नहीं खेल पाए। जडेजा ने 10 ओवर में 38 रन दे कर दो विकेट लिए और इसके अलावा मुशफिकुर रहीम का डाइव लगाकर शानदार कैच भी लिया। बांग्लादेश की पारी का शुरुआती चरण हालांकि युवा तंजीद हसन और अनुभवी लिटन दास के नाम रहा। तंजीद 43 गेंद पर 51 रन बनाए, जिसमें पांच चौके और तीन छक्के शामिल हैं। यह वनडे में उनका पहला अर्धशतक है। लिटन दास ने 82 गेंद पर सात चौकों की मदद से 66 रन बनाए। तंजीद और लिटन दास ने 93 रन जोड़े जो विश्व कप में बांग्लादेश की तरफ से पहले विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी है। रहीम ने 38 रन का उपयोगी योगदान दिया। पारी के अंतिम चरण में महमूदुल्लाह ने 36 गेंद पर 46 रन की आक्रामक पारी खेली जिसने तीन चौके और इतने ही छक्के शामिल हैं। पिच से गेंदबाजों को कोई मदद नहीं मिल रही थी और ऐसे में नई गेंद से गेंदबाजी करना चुनौतीपूर्ण था। बुमराह (41 रन देकर दो विकेट) हालांकि हवा में कुछ मूवमेंट हासिल कर रहे थे। सतर्क शुरुआत के बाद लिटन दास ने छठे ओवर में सिराज (60 रन देकर दो विकेट) पर दो चौके लगाए जबकि अगले ओवर में तंजीद ने बुमराह पर पारी का पहला छक्का जड़ा। बांग्लादेश के बल्लेबाजों ने इसके बाद तेजी से रन बनाए। उन्होंने पावरप्ले के अंतिम पांच ओवर में 53 रन जोड़े। यह साझेदारी टूटने के बाद बांग्लादेश ने हालांकि नियमित अंतराल में विकेट गंवाए जिससे उसका 300 रन के करीब पहुंचने का सपना पूरा नहीं हो पाया।

## फलस्तीन को...

पांच उड़ानों में लगभग ।,200 भारतीय और 18 नेपाली नागरिक भारत आए हैं। बागची ने कहा कि सरकार स्थिति पर नजर रख रही है तथा और लोगों को वापसी की सुविधा प्रदान करने का निर्णय लिया है। बागची ने कहा, हमने इजराइल पर हुए भीषण आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की है और हमारा मानना है कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय को सभी तरह के आतंकवाद से निपटने के लिए एक साथ खड़ा होना चाहिए। फलस्तीन मुद्दे पर उन्होंने कहा, भारत दो–राष्ट्र समाधान के लिए सीधी बातचीत के पक्ष में रहा है। बागची ने कहा, जहां तक फलस्तीन का संबंध है, इस संबंध में हमारी नीति दीर्घकालिक और सुसंगत रही है। भारत ने हमेशा इजराइल के साथ सुरक्षित और मान्यता प्राप्त सीमाओं के अंदर एक संप्रभु, स्वतंत्र और व्यवहार्य फलस्तीन की स्थापना के लिए सीधी वार्ता की बहाली और इसके साथ–साथ इजराइल के साथ शांतिपूर्ण संबंध की वकालत की है। यह रुख यथावत है। बागची ने कहा, हमने जारी संघर्ष के कारण नागरिकों के हताहत होने के संबंध में भी अपनी चिंता व्यक्त की है। हम मानवीय स्थिति के बारे में भी चिंतित हैं। गाजा में मंगलवार को अल अहली अस्पताल पर हुए हमले से संबंधित सवालों पर बागची ने कहा, हम अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून का कड़ाई से पालन करने का आग्रह करते हैं। फलस्तीनी लोगों को मानवीय सहायता को लेकर एक सवाल पर बागची ने कहा कि भारत उनका समर्थन करता रहा है। उन्होंने कहा, भारत संयुक्त राष्ट्र राहत और कार्य एजेंसी (यूएनआरडब्ल्यूए) में महत्वपूर्ण योगदान के माध्यम से फलस्तीन और फलस्तीनी शरणार्थियों का सहयोग कर रहा है। 2002 और 2023 के बीच यूएनआरडब्ल्यूए में कुल 2.95 करोड़ अमेरिकी डॉलर का योगदान दिया गया है। बागची ने कहा, यूएनआरडब्ल्यूए में भारत का वार्षिक योगदान 2018 में 12.5 लाख अमेरिकी डॉलर से बढ़ाकर 50 लाख अमेरिकी डॉलर कर दिया गया था। भारत ने अगले दो वर्षों (वित्त वर्ष 2023–24 और वित्त वर्ष 2024–25) के लिए 50 लाख अमेरिकी डॉलर का वार्षिक योगदान देने का वादा किया है। एक सवाल पर बागची ने कहा कि किसी भी भारतीय के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है और एक भारतीय महिला, जो घायल हुई थी, ठीक हो रही है। हमास के हमलों में केरल की एक नर्स को चोटें आई थीं।

## बदली तस्वीर...

ऐसा नहीं करता है तो इसके लिए जवाबदेह ठहराया जा सकता है, जो अनुचित हो सकता है। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने बृहस्पतिवार को सबसे कठिन समय में इजराइल के साथ खड़े होने का वादा किया और साथ ही गाजा में एक मानवीय गलियारा खोलने का स्वागत किया। क्षेत्र में संघर्ष को और बढ़ने से रोकने के उद्देश्य से उन्होंने पश्चिम एशिया की अपनी दो दिवसीय यात्रा के दौरान इजराइल के शीर्ष नेतृत्व के साथ बातचीत की। सुनक ने इजराइल के राष्ट्रपति इसहाक हर्जोग और प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ बैठकें कीं। उन्होंने सबसे कठिन समय में इजराइल के साथ खड़े होने की प्रतिबद्धता जताई और गाजा में एक मानवीय गलियारा खोलने का स्वागत किया। नेतन्याहू ने सुनक का गले लगाकर स्वागत किया और एक–दूसरे को दोस्त बताया। सुनक ने अपने इजराइली समकक्ष के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा, मैं यह कहना चाहूंगा कि मुझे इजराइल के सबसे कठिन समय में आपके साथ यहां खड़े होने पर गर्व है। इससे पहले, सुनक ने इजराइल के राष्ट्रपति हर्जोग के साथ बातचीत की। इस दौरान दोनों नेताओं ने गाजा में आम फलस्तीनियों को तत्काल मानवीय सहायता प्रदान करने के महत्व पर सहमति व्यक्त की। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कार्यालय ने कहा कि नेताओं ने क्षेत्र में हिंसा को और बढ़ने से रोकने की अनिवार्य आवश्यकता पर बल दिया और इसके लिए मिलकर काम करना जारी रखने पर सहमति व्यक्त की। सुनक की यात्रा के साथ ब्रिटेन के विदेश मंत्री जेम्स क्लेवरली ने भी पूरे क्षेत्र में संघर्ष को फैलने से रोकने और शांतिपूर्ण समाधान की दिशा में काम करने के प्रयासों के तहत पश्चिम एशिया में विभिन्न देशों की यात्रा शुरू की है। क्लेवरली अगले तीन दिन में मिस्र, तुर्किए और कतर में वरिष्ठ नेताओं से मिलेंगे, जहां वह व्यापक क्षेत्र को तबाह करने वाली हिंसा से बचने के प्रयासों पर समन्वय पर चर्चा करेंगे। क्लेवरली ने कहा, यह किसी के हित में नहीं है। न तो इजराइली, न ही फलस्तीनी और न ही व्यापक पश्चिम एशिया के लिए कि दूसरों को इस संघर्ष में शामिल किया जाए। ब्रिटेन के विदेश मंत्री राफा क्रॉसिंग को खोलने की तत्काल आवश्यकता पर चर्चा करेंगे ताकि गाजा में जीवनरक्षक सहायता उन लोगों तक पहुंच सके जिन्हें इसकी आवश्यकता है और हमास बंधकों को रिहा कर सके। ब्रिटेन के महाराजा चार्ल्स तृतीय ने मौजूदा समय में अंतरराष्ट्रीय उथल–पुथल के कारण लोगों की मौत पर शोक व्यक्त करते हुए धार्मिक सहिष्णुता और बहु–आस्था दृष्टिकोण के महत्व की वकालत की है। महाराजा चार्ल्स तृतीय ने परोक्ष रूप से पश्चिम एशिया में इजराइल–गाजा संघर्ष का उल्लेख करते हुए यह टिप्पणी की।

## आसान नहीं...

'केंद्रीय स्तर' पर है, लेकिन सपा के साथ बातचीत अभी भी जारी है और दोनों पार्टियों को भाजपा को हराने का प्रयास करना चाहिए। दूसरी ओर यूपी कांग्रेस प्रमुख अजय राय ने कहा कि यादव को मध्य प्रदेश में नहीं लड़ना चाहिए क्योंकि कांग्रेस वहां मजबूत स्थिति में है। उन्होंने यह भी दोहराया कि उनकी पार्टी यूपी में सभी 80 सीटों पर लड़ने के लिए तैयार है। यूपी के पूर्व सीएम अखिलेश ने कहा कि अगर उन्हें पता होता कि राज्य स्तर पर कोई गठबंधन नहीं होगा तो सपा नेता सीट बंटवारे की सूची लेकर कांग्रेस के पास नहीं जाते। इंडिया के घटक दलों ने पिछले महीने मुंबई में अपनी आखिरी बैठक में 2024 का चुनाव 'जहां तक? संभव हो' एक साथ लड़ने का फैसला किया था और कहा था कि राज्य सीट–बंटवारे समझौते तुरंत शुरू किए जाएंगे और 'सहयोगात्मक भावना' के साथ जल्द से जल्द पूरे किए जाएंगे। एसपी द्वारा एमपी चुनाव के लिए उम्मीदवारों की सूची जारी करने और यूपी कांग्रेस प्रमुख अजय राय के बयान पर कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि उन्हें नहीं पता कि किसने क्या कहा। तिवारी ने कहा कि चुनाव से पहले यह आखिरी दिन नहीं है। हमें इंतजार करना चाहिए। इंडिया गठबंधन बरकरार है। हमने वरिष्ठ सपा नेता रामगोपाल यादव का बयान सुना है। वहां कोई 'अगर' या 'लेकिन' नहीं है। हर बात पर बयान नहीं दिये जा सकते। मैं बस इतना कह सकता हूं – सब ठीक है।

## शतायु हुए...

हैं, जो पूंजीवाद और समझौते की राजनीति के प्रति मोह के विरोध में मूल संगठन भाकपा की राष्ट्रीय परिषद से बाहर चले गए थे। अलाप्पुझा जिले के एक गरीब परिवार में जन्मे, उनका बचपन और युवावस्था कठिन थी। अपने पिता को खोने के कारण अच्युतानंदन को प्राथमिक विद्यालय छोड़ना पड़ा और 10 साल की उम्र में उन्हें दर्जी के रूप में काम करना पड़ा। इसने उन्हें एक सेनानी, श्रमिकों के अधिकारों के लिए लड़ने वाले में बदल दिया। वीएस की कैबिनेट में पांच साल तक मंत्री के रूप में काम करने वाले जी सुधाकरन याद करते हुए कहते हैं कि उन्होंने 14 साल की उम्र में अपना राजनीतिक करियर शुरू किया और एक नहर के बांध पर पल्लाथुरूथी में आयोजित एक पार्टी बैठक में भाग लिया था। वीएस का जीवन श्रमिक वर्ग के अधिकारों के लिए संघर्ष था और उनके देश के सबसे महान कम्युनिस्ट नेताओं में से एक के रूप में उभरने में कोई आश्चर्य की बात नहीं है। पार्टी के एक साधारण कार्यकर्ता से कॉमरेड वीएस पार्टी के राज्य विंग के सचिव और फिर मुख्यमंत्री के पद तक पहुंचे। सभी प्रकार की सांप्रदायिकता के विरुद्ध समझौता न करने वाला रुख ही उन्हें अद्वितीय बनाता था। अच्युतानंदन ने अपने मुख्यमंत्री कार्यकाल के दौरान राष्ट्रीय मीडिया से कहा था कि पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया जैसे संगठन देश के लिए खतरा हैं। 2010 में नई दिल्ली में एक मीडिया मीटिंग के दौरान उन्होंने कहा था कि वे भारत के इस्लामीकरण के लिए काम कर रहे हैं। इस बयान ने उनके भाग्य पर मुहर लगा दी क्योंकि पार्टी में इस्लामवादी उन्हें बाहर करना चाहते थे। उन्हें पार्टी के पोलित ब्यूरो से हटा दिया गया। पिनाराई विजयन–कोडियेरी बालाकृष्णन और प्रकाश करात की धुरी ने सुनिश्चित किया कि वीएस के पंख कतर दिए जाएं। 2011 के चुनाव में माकपा में गुटीय लड़ाई हुई, जिसके परिणामस्वरूप पार्टी भारी अंतर से हार गई। अगले पांच वर्षों में अच्युतानंदन ने भ्रष्टाचार और भाई–भतीजावाद के खिलाफ चौतरफा युद्ध छेड़ दिया। हालांकि एलडीएफ ने अच्युतानंदन की देखरेख में 2016 के चुनावों में प्रभावशाली जीत दर्ज की, लेकिन पिनाराई विजयन को मुख्यमंत्री के रूप में लाया गया और उन्हें दरकिनार कर दिया गया। जब एक पत्रकार ने पार्टी सचिव सीताराम येचुरी से अच्युतानंदन को दरकिनार करने के बारे में पूछा तो उन्होंने कहा कि वह केरल के फिदेल कास्त्रो हैं और उन्हें और क्या चाहिए?' लेकिन पार्टी सचिव यह भूल गए कि कास्त्रो जीवन रक्षक प्रणाली पर हैं। उनके एक करीबी सूत्र ने कहा कि सदमे में आए अच्युतानंदन तब से उस अपमान बाहर नहीं आए। हालांकि उनके पास कोई औपचारिक शिक्षा नहीं थी, लेकिन जब अच्युतानंदन बोलते थे तो पार्टी लाइन से ऊपर उठकर बोलते थे। लोग कार्यक्रम स्थल पर इकट्ठा हो जाते थे। वह गरीबों और वंचितों की भाषा बोलते थे। केरल के लिए वीएस वही थे जो बंगाल के लिए ज्योति बसु थे..।

## मोदी के...

बनाएंगे। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि बेटे और बेटियों में कोई भेदभाव नहीं है तथा उनकी सरकार ने मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के तहत मिलने वाली धनराशि को 15,000 रुपए से बढ़ाकर 25,000 रुपए कर दिया है। आदित्यनाथ ने इस मौके पर यह भी कहा कि अब उत्तर प्रदेश में दंगे नहीं होते और त्योहार खुशी के साथ मनाए जाते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि अमहिलाओं का विकास हमारी प्राथमिकता है। आज गरीबों को सभी सरकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। गांव, गरीब, किसान, युवा और महिलाएं डबल इंजन सरकार के एजेंडे में हैं। महिलाओं को आगे लाकर उनकी भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। मुख्यमंत्री ने पिछले साढ़े नौ साल में देश में बदलाव आने और साढ़े छह साल में उत्तर प्रदेश में परिवर्तन आने का दावा करते हुए कहा, आज हम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एक नया भारत देख रहे हैं। आज के भारत में, जाति, पंथ, धर्म, क्षेत्र, भाषा या लिंग के आधार पर किसी के साथ कोई भेदभाव नहीं है।

## गाजा के...

अमेरिका संघर्ष के दौरान नागरिक जीवन की सुरक्षा के लिए स्पष्ट रूप से खड़ा है, और हम इस त्रासदी में मारे गए या घायल हुए मरीजों, चिकित्सा कर्मचारियों और अन्य निर्दोष लोगों के लिए शोक व्यक्त करते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने कहा कि हमला 'अभूतपूर्व पैमाने पर' था। वेस्ट बैंक और गाजा के लिए डब्ल्यूएचओ के प्रतिनिधि रिचर्ड पीपरकोर्न ने कहा कि हमने कब्जे वाले फलस्तीनी क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवा पर लगातार हमले देखे हैं। यह हमला अभूतपूर्व है। इस बीच घटना की कई वैश्विक नेताओं ने निंदा की। मध्यपूर्व में निकटतम पश्चिमी सहयोगियों में से एक जॉर्डन किंग अब्दुल्ला ने चेतावनी दी कि यह युद्ध, जो एक खतरनाक चरण में प्रवेश कर चुका है, इस क्षेत्र को एक अकथनीय आपदा में डुबो देगा।

## यूपी के...

दवाएं बेहद कम दरों पर उपलब्ध कराई जाएंगी। साथ ही डॉक्टरों की सलाह पर महज 30–40 रुपये में 3 से 5 मिनट में खून की जांच हो जाएगी। इस परीक्षण में विभिन्न बुखार प्रोफ़ाइल जैसे मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया, यकृत, पीलिया, शुगर आदि शामिल हैं। इसके अलावा, ग्रामीण और दूरदराज के इलाकों में लोगों की आय को ध्यान में रखते हुए, चयनित डिजिटल डॉक्टर क्लीनिक अल्ट्रासाउंड सेवाएं भी प्रदान करेंगे, जिसकी लागत 200 से 300 रुपये के बीच होगी। प्रत्येक डिजिटल डॉक्टर क्लिनिक में एक स्वास्थ्य देखभाल सहायक होगा जो मरीजों को अपने मोबाइल फोन का उपयोग करके डिजिटल डॉक्टर क्लिनिक में लॉग इन करने में मदद करेगा। उसके बाद मरीज की बीमारी के आधार पर वे मरीज को ऑनलाइन कॉन्फ्रेंस के जरिए सर्वश्रेष्ठ एमबीबीएस डॉक्टर से जोड़ेंगे।

# गाजा अस्पताल में विस्फोट के लिए इजराइल जिम्मेदार नहीं: व्हाइट हाउस

**भाषा ।** वाशिंगटन

**अमेरिका** के आकलन से यह पता चलता है कि मंगलवार को गाजा के अस्पताल पर हुए हमले के लिए इजराइल जिम्मेदार नहीं है। यह आकलन खुफिया जानकारी, मिसाइल गतिविधि, उपग्रह से ली गई तस्वीरों, संचार सामग्री और ओपन सोर्स सूचना के आधार पर किया गया है। व्हाइट हाउस ने बुधवार को यह जानकारी दी।

व्हाइट हाउस का यह आकलन बुधवार को उस वक्त सामने आया जब राष्ट्रपति जो बाइडन ने अपनी इजराइल यात्रा के दौरान देश के साथ एकजुटता प्रकट की थी। फलस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि मंगलवार देर रात को अल-अहली बैप्टिस्ट अस्पताल में भीषण विस्फोट में 471 लोगों की मौत हो गई और 314 अन्य घायल हो गए। व्हाइट हाउस राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद की प्रवक्ता एड्रिएन वॉटसन ने एक बयान में कहा, अमेरिकी सरकार का आकलन है कि मंगलवार को गाजा पट्टी के अल-अहली अस्पताल में हुए विस्फोट के लिए इजराइल जिम्मेदार नहीं है, जिसमें सैकड़ों नागरिक मारे गए। उन्होंने कहा, हमारा आकलन खुफिया जानकारी, मिसाइल गतिविधि, उपग्रह से ली गई तस्वीरों और ओपन सोर्स वीडियो एवं घटना की तस्वीरों सहित उपलब्ध रिपोर्टिंग पर आधारित है। हमास के हमले के बाद इजराइल ने गाजा पट्टी के लिए खाद्यान्न, ईंधन और जल आपूर्ति रोक दी थी। इजराइल में हमास के हमले में 1,400 लोगों की मौत हो गई थी। मध्यस्थता करने वाले गाजा पट्टी में नागरिकों, सहायता समूहों और अस्पतालों को आपूर्ति उपलब्ध कराने के लिए गतिरोध खत्म करने को लेकर संघर्ष कर रहे हैं। मंगलवार रात को हुए विस्फोट के पीछे कौन था, इस बारे में परस्पर विरोधी दावे किए जा रहे हैं। घटना के बाद क्षेत्र में प्रदर्शन हुए और कई अरब नेताओं ने इसके लिए इजराइल को जिम्मेदार ठहराया। गाजा में हमास के अधिकारियों ने तुरंत इजराइली हवाई हमले को घटना के लिए दोषी ठहराया और कहा कि अस्पताल में विस्फोट में सैकड़ों लोग मारे गए। इजराइल ने इसमें संलिप्तता से इनकार किया है और वीडियो, ऑडियो एवं अन्य सूचनाओं के माध्यम से दावा किया है कि यह विस्फोट गाजा में सक्रिय एक अन्य आतंकवादी समूह इस्लामिक जिहाद द्वारा रॉकेट गलत दिशा में दागे जाने के कारण हुआ है।



## हमास के आतंकवादियों ने इजराइल पर हमले के लिए संभवत : उ.कोरिया के हथियारों का इस्तेमाल किया

**सियोल।** इजराइल पर सात अक्टूबर के हमले में हमास के लड़ाकों ने संभवतः उत्तर कोरिया के हथियारों का इस्तेमाल किया था। इजराइल द्वारा जुटाए गए आतंकवादियों के वीडियो और जब्त हथियारों से यह संकेत मिलता है। हालांकि उत्तर कोरिया ने आतंकवादी संगठन को हथियार बेचने के आरोपों से इनकार किया है। उत्तर कोरियाई हथियारों पर वीडियो का दो विशेषज्ञों ने विश्लेषण किया। एसोसिएटेड प्रेस (एपी) द्वारा हथियारों के वीडियो के विश्लेषण और दक्षिण कोरियाई सेना की सूचना के आधार पर इस बात के संकेत मिलते हैं कि हमास ने एफ-7 रॉकेट चालित ग्रेनेड का इस्तेमाल किया था। इस हथियार का इस्तेमाल बख्तरबंद वाहनों के खिलाफ किया जाता है।

## इजराइली नेताओं से बातचीत में मानवीय सहायता की बात को बेहद बेबाकी से रखा : बाइडन

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा कि इजराइल के नेताओं के साथ बातचीत में उन्होंने इस बात को बेहद बेबाकी से रखा कि यदि हमास के साथ जारी संघर्ष के कारण विस्थापित गाजा के लोगों के संकट को दूर करने के लिए मानवीय सहायता की अनुमति नहीं दी जाती तो इजराइली नेताओं को इसके लिए जिम्मेदार ठहराया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि इजराइल बेहद पीड़ित रहा है, बावजूद इसके अगर उसने गाजा के लोगों की पीड़ा को कम करने का अवसर नहीं तलाशे तो वह दुनिया भर में अपनी विश्वसनीयता खो देगा। इजराइल ने हमास के आतंकवादियों के खिलाफ संभावित जमीनी अभियान के पहले उत्तरी गाजा में रहने वाले 11 लाख फलस्तीनियों को दक्षिण की ओर चले जाने का निर्देश दिया था। सात अक्टूबर को इजराइल पर हमास के भीषण हमले में 1,400 से अधिक लोग मारे गए थे। संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों ने आगाह किया कि गाजा के शहर में अभूतपूर्व मानवीय संकट पैदा होने की आशंका है। बाइडन ने तेल अवीव से लौटते समय अपने विशेष विमान एयरफोर्स वन पर पत्रकारों से कहा, संभवतः उन्होंने आपको बताया होगा कि इजराइलियों के साथ बातचीत में मैं बहुत बेबाक रहा। इजराइल की अपनी यात्रा के दौरान बाइडन ने देश के साथ अपनी एकजुटता प्रकट की और प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ अहम वार्ता की। इजराइल से लौटते समय बुधवार को बाइडन ने कहा, देखिए, इजराइल बेहद पीड़ित रहा है। लेकिन सच्चाई ए है कि अगर इजराइल उन लोगों के कष्टों को दूर करने का अवसर मिलता है तो उसे उनकी मदद जरूर करनी चाहिए। अगर इजराइल ऐसा नहीं करता है तो उसे इसके लिए जवाबदेह ठहराया जा सकता है, जो अनुचित हो सकता है। हमास के आतंकवादी हमले के बाद इजराइल की यात्रा पर पहुंचे बाइडन ने कहा, मैं कहना चाहता हूं कि अगर आपके पास किसी की पीड़ा को कम करने का अवसर मिलता है तो आपको यह अवश्य करना चाहिए।

## क्विक न्यूज

### अमेरिका जाने के इच्छुक अफगानों को निर्वासित नही करे पाकिस्तान: पूर्व अमेरिकी अधिकारी

**इस्लामाबाद।** पूर्व अमेरिकी राजनयिकों और पुनर्वास संगठनों के प्रतिनिधियों के एक समूह ने पाकिस्तान से उन हजारों अफगानों को निर्वासित नही करने को कहा जो एक अमेरिकी कार्यक्रम के तहत अमेरिकी वीजा की प्रतीक्षा कर रहे है। ह अमेरिकी कार्यक्रम तालिबान शासन से बचने के लिए खतरे का सामना करने वाले अफगान शरणार्थियों को स्थानांतरित करता है। बुधवार को 80 पूर्व अमेरिकी अधिकारियों, गणमान्य व्यक्तियों और पुनर्वास समूहों के द्वारा हस्ताक्षरित एक खुले पत्र में की गई यह अपील पाकिस्तान द्वारा 17 लाख अफगानों सहित देश में अवैध रूप से रह रहे प्रवासियों पर कार्वाई की घोषणा के कुछ सप्ताह बाद आई है। घोषणा मे सामूहिक गिरफ्तारी और निष्कासन से बचने के लिए प्रवासियों को 31 अक्टूबर तक अपने गृह देशों में लौटने के लिए कहा गया। पिछले सप्ताह संयुक्त राष्ट्र ने कहा था कि अफगानों के इस तरह के जबरन निर्वासन से मानवाधिकारों का उल्लंघन हो सकता है - जिसमे परिवारों का बिछड़ना भी शामिल है। पाकिस्तान ने हालांकि अफगानों को निशाना बनाने से इनकार करते हुए कहा कि ध्यान उन लोगों पर है जो अवैध रूप से देश मे है, चाहे उनकी राष्ट्रीयता कुछ भी हो।

### पाक उच्च न्यायालय ने भ्रष्टाचार के दो मामलों में नवाज को 24 अक्टूबर तक अग्रिम जमानत दी

**इस्लामाबाद।** इस्लामाबाद उच्च न्यायालय ने बृहस्पतिवार को पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ को एवेनफील्ड और अल-अजीजिया भ्रष्टाचार मामलों मे 24 अक्टूबर तक अग्रिम जमानत दे दी। शरीफ का शनिवार को पाकिस्तान लौटने का कार्यक्रम है। पाकिस्तान की एक भ्रष्टाचार निरोधक अदालत ने भी तोशाखाना वाहन मामले में उनके गिरफ्तारी वारंट को निलंबित कर दिया। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के प्रमुख ने एक वकील काजी मुशाहिद के माध्यम से बुधवार को इस्लामाबाद स्थित जवाबदेही अदालत नंबर। मे याचिका दाखिल कर दो साल पहले जारी किए गए स्थाई गिरफ्तारी वारंट को निलंबित करने की मांग की। तोशाखाना से रियायती मूल्य पर वाहन प्राप्त करने से जुड़े मामले मे पेश होने नही होने पर यह वारंट जारी किया गया था। यह राहत 21 अक्टूबर को नवाज शरीफ के पाकिस्तान आगमन से कुछ ही दिन पहले आई है। स्वदेश वापसी से लंदन मे उनका लगभग चार साल का आत्म-निर्वासन समाप्त होगा।याचिका के अनुसार, नवाज अदालत के सामने आत्मसमर्पण करने और न्याय की उचित प्रक्रिया का पालन करने तथा कानून के तहत अनुमत उपायों का लाभ उठाने के लिए अग्रिम जमानत की मांग कर रहे थे।

### चीन की क्म्युनिस्ट पार्टी ने कैडर को निजी कारोबारों में अनुचित हस्तक्षेप नहीं करने की चेतावनी दी

**बीजिंग।** चीन की अर्थव्यवस्था कोविड के बाद की अस्थिरता और एकाधिकार विरोधी अभियानों से उबरने के लिए संघर्ष कर रही है, ऐसे में सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी ने कम होते व्यापारिक विश्वास को मजबूत करने के प्रयास मे अपने कैडर को सूक्ष्म आर्थिक गतिविधियों मे अनुचित हस्तक्षेप नही करने की चेतावनी दी है। राष्ट्रपति शी चिनफिंग की अध्यक्षता वाली कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ चाइना (सीपीसी) के अधिकारी पिछले कुछ वर्षो मे अलीबाबा जैसे देश के अरबो डॉलर के व्यवसायों और जैक मा जैसे उद्यमियो पर लगाम लगाने के लिए एकाधिकार विरोधी अभियान मे सबसे आगे रहे। जैक मा ने 2019 मे अचानक व्यवसाय मे सक्रिय नही रहने की घोषणा की थी और बाद के समय मे ज्यादातर विदेश मे रहे है। वह देश की संघर्षरत अर्थव्यवस्था के पुनरुद्धार के लिहाज से निजी क्षेत्र के लिए मित्रवत नीतियो के आश्वासन के बाद इस साल मार्च मे स्वदेश लौट आए थे।

## चीन तेजी से परमाणु हथियार शस्त्रागार का निर्माण कर रहा : रिपोर्ट

**वाशिंगटन।** अमेरिकी रक्षा विभाग के मुख्यालय पेंटागन ने बृहस्पतिवार को जारी अपनी एक रिपोर्ट मे कहा कि चीन पिछले अनुमानों की तुलना मे तेजी से परमाणु हथियार शस्त्रागार का निर्माण कर रहा है। ताइवान का हवाला देते हुए रिपोर्ट मे कहा गया कि चीन निश्चित रूप से रूस-यूक्रेन युद्ध से सबक लेकर यह कवायद कर रहा है। रिपोर्ट मे यह भी चेतावनी दी गई है कि चीन संभवतः पारंपरिक हथियारों का उपयोग करके एक नई अंतरमहाद्वीपीय मिसाइल प्रणाली तैयार करने मे जुटा है, जिसे यदि तैनात किया जाता है, तो बीजिंग महाद्वीपीय अमेरिका, हवाई और अलास्का मे लक्ष्यों को निशाना बना सकता है। यह रिपोर्ट अगले महीने सैन फ्रांसिस्को में एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग शिखर सम्मेलन के मौके पर चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग और राष्ट्रपति जो बाइडन के बीच अपेक्षित बैठक से पहले आई है।

## ब्रिटेन में अपराधियों की पहचान के लिए आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल

**लंदन।** ब्रिटेन की राजधानी लंदन मे दुकानो मे होने वाली चोरी की घटनाओ पर लगाम लगाने और अपराधियो की पहचान के लिए पुलिस आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल करने की योजना बना रही है। लंदन की मेट्रोपॉलिटन पुलिस (स्कॉटलैड यार्ड) ने चोरों को पकड़ने के लिए चेहरे की पहचान प्रणाली का इस्तेमाल करने संबंधी योजना की घोषणा की।स्कॉटलैड यार्ड ने कहा कि संगठित खुदरा अपराध के कारण लंदन मे हर साल अनुमानित 1.9 अरब पाउंड के राजस्व का नुकसान होता है और आर्थिक नुकसान के साथ-साथ, कर्मचारियो के खिलाफ दुर्व्यवहार और हिसा के एक हजार से अधिक मामले प्रतिवर्ष दर्ज किए जाते है।पुलिस ने कहा कि एक अभिनव दृष्टिकोण के साथ इस मुद्दे से निपटना महत्वपूर्ण है।

## अमेरिका में कार दुर्घटना में चार लोगों की मौत

**मालिबु (अमेरिका)।** अमेरिका के मालिबु शहर मे पैसिफिक कोस्ट हाईवे पर कई कारो के दुर्घटनाग्रस्त होने से चार लोगो की मौत हो गई तथा दो अन्य घायल हो गए। प्राधिकारियो ने बुधवार को यह जानकारी दी। लॉस एंजिलिस काउंटी दमकल विभाग के अनुसार, यह दुर्घटना पेपरडाइन विश्वविद्यालय से करीब 6.4 किलोमीटर दूर पैसिफिक कोस्ट हाइवे पर मंगलवार रात करीब साढ़े आठ बजे हुई। घटनास्थल पर चार लोगो को मृत घोषित कर दिया गया और दो अन्य को अस्पताल मे भर्ती कराया गया।

# ब्रिटेन के प्रधानमंत्री सुनक ने सबसे कठिन समय में इजराइल के साथ खड़े रहने का संकल्प जताया

**भाषा ।** लंदनातेल अवीव

**ब्रिटेन के प्र**धानमंत्री ऋषि सुनक ने बृहस्पतिवार को सबसे कठिन समय में इजराइल के साथ खड़े होने का वादा किया और गाजा में एक मानवीय गलियारा खोलने का स्वागत किया। क्षेत्र में संघर्ष को और बढ़ने से रोकने के उद्देश्य से उन्होंने पश्चिम एशिया की अपनी दो दिवसीय यात्रा के दौरान इजराइल के शीर्ष नेतृत्व के साथ बातचीत की। सुनक ने इजराइल के राष्ट्रपति इसहाक हर्जोग और प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ बैठकें कीं। उन्होंने सबसे कठिन समय में इजराइल के साथ खड़े होने की प्रतिबद्धता जताई और गाजा में एक मानवीय गलियारा खोलने का स्वागत किया। नेतन्याहू ने सुनक का गले लगाकर स्वागत किया और एक-दूसरे को दोस्त बताया। सुनक ने अपने इजराइली समकक्ष के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा, मैं यह कहना चाहूंगा कि मुझे इजराइल के सबसे कठिन समय में आपके साथ यहां खड़े होने पर गर्व है। आपके मित्र



के रूप में हम आपके साथ एकजुटता से खड़े होंगे। हम आपके लोगों के साथ खड़े होंगे और हम यह भी चाहते हैं कि आप जीतें। उन्होंने कहा, इस खौफनाक समय में फंसे ब्रिटिश नागरिकों को दिए गए सहयोग के लिए भी मैं आपकी सरकार को धन्यवाद देना चाहता हूं। सुनक ने यह भी कहा कि ब्रिटेन जानता है कि इजराइल नागरिकों की सुरक्षा के लिए हर सावधानी बरत रहा है , इसके उलट हमास के आतंकवादी नागरिकों को नुकसान पहुंचाने की कोशिश करते हैं। उन्होंने इजराइल में खौफनाक परिस्थितियों के लिए शोक व्यक्त किया। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ने कहा, पिछले दो हफ्तों में, यह देश कुछ ऐसे दौर से गुजरा है, जिससे कोई भी देश या किसी भी इंसान को न गुजरना पड़े। कम से कम इजराइल को नहीं। इससे पहले, सुनक ने इजराइल के राष्ट्रपति हर्जोग के साथ बातचीत की। इस दौरान दोनों नेताओं ने गाजा में आम फलस्तीनियों को तत्काल मानवीय सहायता प्रदान करने के महत्व पर सहमति व्यक्त की।ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कार्यालय ने कहा कि नेताओं ने क्षेत्र में हिंसा को और बढ़ने से रोकने की अनिवार्य आवश्यकता पर बल दिया और इसके लिए मिलकर काम करना जारी रखने पर सहमति व्यक्त की। सुनक ने तेल अवीव पहुंचने के साथ एक्स पर पोस्ट कर कहा, मैं इजराइल में हूं, ऐसा देश जो अभी शोक में है। मैं भी आपके साथ दुखी हूं और आतंकवाद जैसी बुराई के खिलाफ आपके साथ आज, और हमेशा खड़ा हूं। सुनक से पहले अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन इजराइल के दौरे पर पहुंचे थे।

## ब्रिटेन के महाराजा ने इजराइल-गाजा संघर्ष के बीच धार्मिक सहिष्णुता की वकालत की

**लंदन।** ब्रिटेन के महाराजा चार्ल्स तृतीय ने मौजूदा समय में अंतरराष्ट्रीय उथल-पुथल के कारण लोगो की मौत पर शोक व्यक्त करते हुए धार्मिक सहिष्णुता और बहु-आस्था दृष्टिकोण के महत्व की वकालत की है। महाराजा चार्ल्स तृतीय ने परोक्ष रूप से पश्चिम एशिया मे इजराइल-गाजा संघर्ष का उल्लेख करते हुए यह टिप्पणी की। ब्रिटेन के महाराजा ने बुधवार शाम को लंदन शहर के मेंशन हाउस मे एक भाषण मे कहा कि ब्रिटेन मे विभिन्न धर्मो को मानने वाले लोग रहते है और यही इसकी ताकत है तथा हमारे साझा मूल्य ही हमे एकजुट करने वाली शक्ति है और यह याद दिलाती है कि हमे विभाजित करने की तुलना मे हमे एकजुट करने वाले कारक अधिक है। उन्होने इस बात पर जोर दिया कि ब्रिटेन का समाज दुनिया के चारो कोनो से आए लोगो से बना है तथा उनके साझा इतिहास और अनुभवो से पोषित एवं समृद्ध हुआ है।

## कुर्दिश-ईरानी महिला महसा अमीनी को मरणोपरांत यूरोपीय संघ का शीर्ष मानवाधिकार पुरस्कार

**भाषा ।** स्ट्रासबर्ग (फ्रांस)

**कुर्दिश**-ईरानी महिला महसा अमीनी को यूरोपीय संघ (ईयू) के शीर्ष सखारोव मानवाधिकार पुरस्कार से मरणोपरांत सम्मानित किया जाएगा। बृहस्पतिवार को यह घोषणा की गई। अमीनी (22) की पिछले साल ईरान में पुलिस हिरासत में मौत हो गई थी और इस घटना के बाद देश के रूढ़िवादी इस्लामी धर्मतंत्र के खिलाफ दुनियाभर में प्रदर्शन हुए थे। मानवाधिकार के क्षेत्र में दिए जाने वाले यूरोपीय संघ के शीर्ष पुरस्कार सखारोव प्राइज फोर फ्रीडम आफ थौट को यह नाम असंतुष्ट सोवियत नेता आंद्रेई सखारोव के नाम पर दिया गया था। इस पुरस्कार की शुरुआत 1988 में मानवाधिकारों और मौलिक स्वतंत्रता की रक्षा करने वाले व्यक्तियों या समूहों को सम्मानित करने के लिए की गई थी। नोबेल शांति पुरस्कार विजेता सखारोव का 1989 में निधन हो गया था। इस वर्ष इस पुरस्कार के दावेदारों में विल्मा नुनेज डी एस्कोर्सिया और रोमन कैथोलिक बिशप रोलैंडो अल्वारेज शामिल थे।

## दुबई में पा सकते हैं आउटडोर अनुभव

**दुबई।** दुबई पर्यटकों के लिए लक्जरी का पर्याय बन चुका है, शहर का मौसम ठंडा होता जा रहा है, ऐसे में यहां आने वाले पर्यटक दुबई की सबसे आकर्षक आउटडोर गतिविधियों का आनंद उठा सकते हैं। यहां आपको ढेरों आउटडोर अनुभव मिलेंगे, जो कि इस शहर को पर्यटकों के लिए आकर्षण केन्द्र बनाते हैं। प्राकृतिक नजारों से लेकर दिल को छू जाने वाली गतिविधियों तक दुबई आपके लिए आधुनिक एवं आकर्षक आउटडोर अनुभव लेकर आता है। दुबई क्रोकोडाईल पार्क -यहां आप 20,000 वर्गमीटर में फेली अफ्रीकी थीम की सैटिंग में 250 से अधिक नाईल क्रोकोडाइल्स देख सकते हैं। पार्क में तीन क्लाइमेट कंट्रोल्ड बेसिन हैं, इसके अलावा मिट्टी के किनारे और वॉटरफॉल पार्क के आकर्षण को कई गुना बढ़ा देते हैं। यह परिवार के लिए अनुकूल गंतव्य हैं। दुबई मिराकल गार्डन-फूलों से सजा दुबई मिराकल गार्डन, दुनिया का सबसे बड़ा फूलों का बगीचा है। 72,000 वर्गमीटर में फैले इस पार्क में लोकप्रिय इमारतों और संरचनाओं को रंग-बिरंगे फूलों से सजाकर प्रदर्शित किया गया है।

**सार्वजनिक सूचना**

आम जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि श्री जनकराज ने कृष्णा नगर गांव रोशनपुर दौराली, परगना दौराला, तहसील सरधना और जिला मेरठ (यूपी) में स्थित प्लॉट नंबर ए-281 पर बना मकान, एरिया परिमाप 50 वर्ग गज यानी 40.13 वर्ग मीटर, खसरा नंबर 430 का हिस्सा, पंजीकृत बिक्री विलेख दिनांक 15.06.2012 पुस्तक सं. 01, खंड सं. 4424, दस्तावेज सं. 9184, पृष्ठ सं. 13/28 के माध्यम से मालिक है श्रीमती सुमित्रा देवी पत्नी श्री मोहन पाल के द्वारा श्रीमती कृष्णा देवी पत्नी श्री चमन सिंह के पक्ष में निष्पादित बिक्री विलेख खो गया है जिसकी सूचना श्री जनकराज ने दिनांक 17.10.2023 को सरधना (मेरठ) पुलिस को दी है एफआईआर नंबर 20230000693078 है सभी व्यक्तियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि श्री विजय थापा, श्री राम लाल, श्रीमती मीना और श्रीमती कविता थापा उक्त संपत्ति को वास्तु हाउसिंग फाइनेंस कॉरपोरेशन लिमिटेड के पास गिरवी रख दिया है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त संपत्ति में कोई प्रभार/हित/अधिकार है या किसी भी प्रकार का विवाद है, तो कृपया अधोहस्ताक्षरी को नीचे दिए गए पते पर लिखित रुप में वर्तमान से 07 दिनों के भीतर सूचित करें।

श्रीमती प्रसून लता, अधिवक्ता
एसजी एसोसिएट्स (लॉ फर्म)
एफ्फ18, लोटस पॉन्ड प्लाजा, वैभव खंड, इंदिरापुरम, गाजियाबाद 201014
ईमेलsgassociatespl@gmail.com,फोन7011172764, 8130200837

**सार्वजनिक सूचना**

आम जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि श्री संजय कुमार ने मुहल्ला संतपुरा राजस्व ग्राम बिशोखर, परगना जलालाबाद, तहसील मोदीनगर और जिला गाजियाबाद (यूपी) में स्थित मकान नंबर 478, एरिया परिमाप 78.88 वर्ग गज यानी 65.95 वर्ग मीटर, खसरा नंबर 828 का हिस्सा, पंजीकृत बिक्री विलेख दिनांक 18.09.1979 पुस्तक सं. 01, खंड सं. 2413, दस्तावेज सं. 10955, पृष्ठ सं. 361/363 के माध्यम से मालिक हैं श्री धर्मवीर गिरि पुत्र श्री चंद्र गिरि के द्वारा श्रीमती शांति देवी पत्नी श्री लखमीचंद के पक्ष में निष्पादित बिक्री विलेख खो गया है जिसकी सूचना श्री संजय कुमार ने दिनांक 18.10.2023 को मोदीनगर पुलिस को दी है एफआईआर नंबर 20230000694097 है सभी व्यक्तियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि श्री अभिशेक, श्री संजय कुमार और श्रीमती सीमा उक्त संपत्ति को वास्तु हाउसिंग फाइनेंस कॉरपोरेशन लिमिटेड के पास गिरवी रख दिया है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त संपत्ति में कोई प्रभार/हित/अधिकार है या किसी भी प्रकार का विवाद है, तो कृपया अधोहस्ताक्षरी को नीचे दिए गए पते पर लिखित रुप में वर्तमान से 07 दिनों के भीतर सूचित करें।

श्रीमती प्रसून लता, अधिवक्ता
एसजी एसोसिएट्स (लॉ फर्म)
एफ्फ18, लोटस पॉन्ड प्लाजा, वैभव खंड, इंदिरापुरम, गाजियाबाद 201014
ईमेलsgassociatespl@gmail.com,फोन7011172764, 8130200837

# श्रीलंका: राष्ट्रपति आवास नकदी मामले में गोटबाया राजपक्षे के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप हटाए गए



**भाषा ।** कोलंबो

**श्रीलंका** के भ्रष्टाचार-निरोधक आयोग ने सबूतों की कमी का हवाला देते हुए पूर्व राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे के खिलाफ वह मामला हटा दिया है, जिसमें गत वर्ष जुलाई में राष्ट्रपति भवन से एक करोड़ 70 लाख रुपए से अधिक नगद राशि पाई गई थी। रिश्वत या भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच करने वाले आयोग (सीआईएबीओसी) ने बुधवार को कोलंबो फोर्ट मजिस्ट्रेट की अदालत के समक्ष सौंपी गई रिपोर्ट में कहा कि सबूतों की कमी के कारण 74-वर्षीय राजपक्षे के खिलाफ आगे कोई कार्वाई नहीं की जा सकती। डेली मिरर ऑनलाइन की बृहस्पतिवार की रिपोर्ट के अनुसार, आयोग ने अदालत को सूचित किया कि मामले को आगे बढ़ाने के लिए अपर्याप्त सबूतों के कारण इस घटना के संबंध में आगे की कानूनी कार्यवाही नहीं की जाएगी। पिछले साल राजपक्षे के खिलाफ हुए विद्रोह के कारण नौ जुलाई, 2022 को फोर्ट कोलंबो स्थित राष्ट्रपति भवन से उनके भाग जाने के बाद, उनके इस आधिकारिक आवास से एक करोड़ 70 लाख रुपए से अधिक नकद राशि पाई गई थी। पिछले साल जुलाई में हजारों प्रदर्शनकारियों ने उनके इस्तीफे की मांग करते हुए राष्ट्रपति भवन पर धावा बोल दिया था। सरकार-विरोधी प्रदर्शनकारियों ने 1.78 करोड़ रुपए से अधिक नकदी बरामद की और इसे कोलंबो फोर्ट पुलिस को सौंप दिया था। पूर्व राष्ट्रपति पिछले साल 13 जुलाई को श्रीलंका से भागकर मालदीव चले गए थे।

# जयशंकर सिंगापुर के रक्षा मंत्री से मिले

**भाषा ।** सिंगापुर

**विदेश मं**त्री एस जयशंकर ने बृहस्पतिवार को यहां सिंगापुर के रक्षा मंत्री एनजी इंग हेन से मुलाकात की और आसियान तथा पूर्वी एशिया के देशों में भारत के राजदूतों के क्षेत्रीय सम्मेलन की अध्यक्षता भी की। दक्षिण पूर्व एशिया में अपने दो देशों की यात्रा के दूसरे चरण में सिंगापुर आए जयशंकर सिंगापुर के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति थर्मन षणमुगरत्नम और अन्य वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात करेंगे और द्विपक्षीय सहयोग की समीक्षा करेंगे तथा आगे साझेदारी के लिए अवसर तलाशेंगे। उन्होंने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट में लिखा, मेरे मित्र रक्षा मंत्री एन इंग हेन से आज अच्छी मुलाकात हुई। हमारे राजदूतों के सम्मेलन को संबोधित करने के लिए उनका आभार। उनके रणनीतिक ज्ञान और आकलन का हमेशा प्रशंसक रहा हूं। विदेश मंत्री ने आसियान और पूर्वी



एशियाई देशों में भारत के राजदूतों के क्षेत्रीय सम्मेलन की अध्यक्षता की। उन्होंने एक अन्य पोस्ट में लिखा, हमारी बातचीत में क्षेत्र के घटनाक्रम का जायजा लिया गया और भारत के लिए उनके प्रभावों का आकलन किया गया। हमारे राजदूतों ने जो जानकारी प्रस्तुत की, वह नीति बनाने के लिए महत्वपूर्ण है। सिंगापुर के विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि जयशंकर की यात्रा सिंगापुर और भारत के बीच करीबी और दीर्घकालिक संबंधों को रेखांकित करती है। ए संबंध रणनीतिक विश्वास की मजबूत बुनियाद पर बने हैं। इसमें कहा गया, यह यात्रा दोनों पक्षों के लिए हमारे द्विपक्षीय सहयोग की समीक्षा करने, भारत-सिंगापुर मंत्रिस्तरीय गोलमेज सम्मेलन के तहत डिजिटलीकरण और कौशल विकास सहित उभरते क्षेत्रों में सहयोग तलाशने और क्षेत्रीय तथा वैश्विक घटनाक्रम पर विचारों का आदान-प्रदान करने का अवसर प्रदान करेगी। जयशंकर यात्रा के अंतिम चरण में वियतनाम से सिंगापुर पहुंचे हैं।

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given that my client Mr. Suresh Chand Gupta, Mrs. Pooja Mangla, Mrs. Kamini Mangla, Mrs. Priyanka Mangla are in process to purchase the Property No. F-26, area measuring 100 Sq. Yds. pertaining to the Mustatil No. 85, Killa No. 20, situated in the colony known as Milap Nagar, Uttam Nagar, in the area of Village Hastasal, Delhi (availing loan from Piramal Capital & Housing Finance Limited) from Mrs. Rita Gulati, Mr. Nihal Gulati, Mr. Gulshine Gulati all are the legal heirs of late Sudesh Kumar Gulati & Mr. Jagjit Rai, whereas Sudesh Kumar Gulati & Mr. Jagjit Rai acquired the said property vide relinquishment deed dated 28/5/2011 (doc. No. 11963) executed by Mrs. Janki Rani and Mrs. Kawal Rani

All person/s having any claim against or in respect of the said Property, or any part thereof, by way of sale, exchange, mortgage (equitable/registered or otherwise), gift, trust, inheritance, family arrangement, maintenance, bequest, partnership, possession, lease, sublease, tenancy, license, lien, charge, pledge, easement or otherwise howsoever, are hereby requested to notify the same in writing to us with supporting documentary evidence at the address mentioned below within 7 days from the date hereof, failing which the claim or claims, if any, of such person or persons will be considered to have been waived and/or abandoned.

Kamal Kant Gupta (Advocate)
Unit No. FF-2, First floor, Mahaluxmi Metro Tower
Sec-4, Vaishali, Gzb., U.P., Mob. 9810063351

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given that my client Tarsem Chand Aggarwal is the owner of Property bearing No.RZ-57 K/7, Gali No.7, area measuring 100 sq. yds. falling in Khasra No.496-497 situated at Tughlakabad Extension, New Delhi, having acquired the same vide Relinquishment Deed dated 17.12.2021 (Doc no. 6980) executed by Darshna, Saroj Devi, Sanjay Kansal, Amit Kansal, Anuradha Gupta, Dharam Pal Singh

All person/s having any claim against or in respect of the said Property, or any part thereof, by way of sale, exchange, mortgage (equitable/registered or otherwise), gift, trust, inheritance, family arrangement, maintenance, bequest, partnership, possession, lease, sublease, tenancy, license, lien, charge, pledge, easement or otherwise howsoever, are hereby requested to notify the same in writing to us with supporting documentary evidence at the address mentioned below within 7 days from the date hereof, failing which the claim or claims, if any, of such person or persons will be considered to have been waived and/or abandoned.

Kamal Kant Gupta (Advocate)
Unit No. FF-2, First floor, Mahaluxmi Metro Tower
Sec-4, Vaishali, Gzb., U.P., Mob. 9810063351

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given that my client Rakesh Kumar and Ritu are in process to purchase the Eastern portion of Plot No.30-31 (MCF No.329), area measuring 40 sq. yds., falling in Mustatil No.64, Kila No.22/1/1/16, (0-2), 22/1/1/17 (0-17), waka Mauja Saaran, Tehsil & District Faridabad, Haryana (availing loan from Piramal Capital & Housing Finance Limited) from Shobha Arora acquired the half portion of the said property vide Regd. WILL dated 08.07.2013 (Doc No.587) executed by Sudesh ahuja, whereas Sudesh Ahuja and Shobha Arora purchased the said entire property vide Sale Deed dated 08.07.2013 (Doc No.4077) executed by Maalti Dev

All person/s having any claim against or in respect of the said Property, or any part thereof, by way of sale, exchange, mortgage (equitable/registered or otherwise), gift, trust, inheritance, family arrangement, maintenance, bequest, partnership, possession, lease, sublease, tenancy, license, lien, charge, pledge, easement or otherwise howsoever, are hereby requested to notify the same in writing to us with supporting documentary evidence at the address mentioned below within 7 days from the date hereof, failing which the claim or claims, if any, of such person or persons will be considered to have been waived and/or abandoned.

Kamal Kant Gupta (Advocate)
Unit No. FF-2, First floor, Mahaluxmi Metro Tower
Sec-4, Vaishali, Gzb., U.P., Mob. 9810063351

**PUBLIC NOTICE**

Since **Mr. Devender** seeking a home loan from of M/s SBFC FINANCE PVT LTD. for the property i.e. **Plot No. RZ/D-1/170 area measuring 25 sqyds part of Khasra No. 90 situated at Village Nasirpur Colony Known as Mahavir Enclave, New Delhi; Herein after referred to as the "said property"**; and **Mr. Devender** has made us to understand that he has lost or misplaced earlier **Will dated 02/02/1983 in favour of Bawa Din having LR No 132270462300793** somewhere, which are not traceable or cannot be found. Now, I would like to announce to general public that any person who is having any right, title or interest against that property/share or documents may come to our Delhi Office within Three days and render their claim with documentary valid evidence. If any, else the same would be treated as unclaimed and unrebutted and moved forth accordingly.

**M/S PASS & ASSOCIATES LLP**
**B-132, L.G.F, Shivalik, Malviya Nagar**
**New Delhi- 110017, Mob: 9991116006**

**प्रपत्र सं. 4**

[विनियम-15 (1) (ख) देखें]

ऋण वसूली न्यायाधिकरण चंडीगढ़ (डीआरटी 2) प्रथम तल एससीओ 33-34-35, सेक्टर-17ए, चंडीगढ़ (तृतीय एवं चतुर्थ तल पर भी अतिरिक्त स्पेस आबंटित)

वाद सं. : एसए/882/2017

ऋण वसूली न्यायाधिकरण (प्रक्रिया) नियमावली, 1993, समय समय पर संशोधित के नियम तथा ऋण वसूली न्यायाधिकरण अधिनियम के प्रावधानों के साथ पठित धारा 17 के तहत सूचना

ईएक्सएच. नंबर : 1304

**गैरीसन टूल्स एवं अन्य**
**बनाम**
**आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड**

(प्रतिवादी-2) सुश्री सविता भडाना निवासी फार्म नंबर 18, गडईपुर बांध रोड, छतरपुर फार्म, गडईपुर, साउथ दिल्ली दिल्ली-110030 (नीलामी क्रेता)

अन्य पता :- सुश्री सविता भडाना निवासी मकान नंबर 617, सेक्टर 21-ए, फरीदाबाद-121012, हरियाणा-121012

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 17 (1) के तहत एक आवेदन इस न्यायाधिकरण के समक्ष 03-10-2023 को पीठ अधिकारी/रजिस्ट्रार के न्यायलय में पेश किया गया है। (आवेदन की प्रति संलग्न है)। कारण बताएं कि प्रार्थित राहत क्यों स्वीकार नहीं की जानी चाहिए।

आप से अपने बचाव में अपना जवाब, यदि कोई, पेपर बुक रूप में, दो पूर्ण सेट्स में, तथा आपके समर्थन में सभी दस्तावेज और शपथपत्र व्यक्तिगत रूप से या अपने विधिवत अधिकृत एजेन्ट या लीगल प्रैक्टिशनर के माध्यम से न्यायाधिकरण में प्रस्तुत करें, और इस न्यायाधिकरण में 01-12-2023 को पूर्वा. 10.30 बजे उपस्थित हों, जिसमें असफल रहने पर आवेदन की सुनवाई तथा निर्णय आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा। आपको आगे अपने जवाब की अग्रिम प्रति आवेदक हेतु काउन्सिल हेतु एसए को आपूर्त करने का भी निर्देश दिया जाता है ।

मेरे हस्ताक्षर और इस न्यायाधिकरण की मोहर लगाकर 06-10-2023 को दिया गया।

न्यायाधिकरण के आदेश द्वारा अधिकृत
प्राधिकृत व्यक्ति के हस्ताक्षर

# रुस और उत्तर कोरिया के विदेश मंत्रियों की मुलाकात

- पश्चिम को हथियार हस्तांरण को लेकर आशंका

**भाषा ।** सियोल

**रूस और उत्तर को**रिया के विदेश मंत्रियों ने बृहस्पतिवार को प्योंगयांग में मुलाकात की और माना जा रहा है कि बातचीत दोनों देशों द्वारा उनके सैन्य संबंधों को बढ़ावा देने पर केंद्रित हो सकती है। इस मुलाकात के कुछ दिन पहले अमेरिका ने आरोप लगाया था कि उत्तर कोरिया ने यूक्रेन में चल रहे युद्ध के लिए रूस को युद्ध सामग्री की नई खेप भेजी थी। रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव दो दिवसीय यात्रा के लिए बुधवार को प्योंगयांग पहुंचे। यहां सर्गेई ने स्वागत भाषण के दौरान कहा कि वह यूक्रेन के खिलाफ रूस के युद्ध में मजबूत समर्थन के लिए उत्तर कोरिया का धन्यवाद करते हैं। लावरोव की यात्रा को लेकर अटकलें लगाई जा रही हैं कि क्या दोनों देश इस बारे में कोई संकेत देंगे कि वे अपने सुरक्षा सहयोग को कैसे मजबूत करेंगे। वहीं, इस यात्रा के दौरान रूस द्वारा राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की प्योंगयांग की प्रस्तावित यात्रा के कार्यक्रम की घोषणा करने की भी अटकलें हैं। पुतिन ने पिछले महीने रूस आए उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन से उनके देश आना का वादा किया था। किम ने रूस की अपनी यात्रा के दौरान रूस के सबसे महत्वपूर्ण घरेलू अंतरिक्ष प्रक्षेपण केंद्र वोस्तोचन कोस्मोड्रोम में पुतिन से मुलाकात करने के साथ ही अन्य प्रमुख रूसी हथियार बनाने वाले स्थलों का निरीक्षण किया था। इसके बाद चर्चा तेज हो गई थी कि किम, रूस के युद्ध में समाप्त हो चुके हथियारों की खेप को फिर से भरने के लिए पारंपरिक हथियारों की आपूर्ति के बदले अपने परमाणु शस्त्रागार को आधुनिक बनाने के वास्ते परिष्कृत रूसी प्रौद्योगिकियों की तलाश कर रहे हैं।रूस की सरकारी इंटरफैक्स समाचार एजेंसी के अनुसार, लावरोव ने बृहस्पतिवार को कोरियाई विदेश मंत्री चोए सुन हुई के साथ बैठक की शुरुआत में कहा, वोस्तोचन कोस्मोड्रोम में 13 सितंबर को हुए राष्ट्रपति पुतिन और गृह मामलों के अध्यक्ष किम जोंग उन के बीच ऐतिहासिक शिखर सम्मेलन के बाद, हम विश्वास के साथ कह सकते हैं कि संबंध गुणात्मक रूप से नए रणनीतिक स्तर पर पहुंच गए हैं। दोनों देशों में से किसी ने भी अभी बैठक को लेकर जानकारी नहीं दी है। लावरोव ने बुधवार को कहा था कि उनकी यात्रा का उद्देश्य पुतिन और किम के बीच सितंबर शिखर सम्मेलन के दौरान हुए अनिर्दिष्ट समझौतों को लागू करने पर चर्चा करना था।



# बेहद दिलचस्प है नासा का साइकी क्षुद्रग्रह मिशन

**सिडनी।** यूनान में साइकी को एक देवी माना जाता है जिन्होंने शरीर धारण कर जन्म लिया और प्रेम के देवता इरोज से विवाह किया था। अब भला यह क्या कौन जानता है कि इतालवी खगोलशास्त्री एनीबेल दे गैस्पारिस ने 1852 में एक रात देखी गई एक खगोलीय वस्तु को साइकी नाम क्यों दिया? साइकी अब तक खोजा गया 16वां क्षुद्रग्रहै है। क्षुद्रग्रह सौर मंडल का हिस्सा हैं। ए न तो परिचित ग्रह हैं और न ही कभी-कभार आने वाले धूमकेतु हैं। कई अध्ययनों और अन्वेषणों के बाद आज हम जानते हैं कि मंगल और बृहस्पति की कक्षाओं के बीच क्षुद्रग्रह की पट्टी में लाखों अंतरिक्ष चट्टानें हैं, जिनका आकार बौने ग्रह सेरेस से लेकर छोटे कंकड़ और धूल के कणों जैसा है।इन सबके बीच साइकी आज भी खास है। लगभग 226 किलोमीटर के औसत व्यास के साथ, यह सबसे बड़ा एम-प्रकार का क्षुद्रग्रह है, जो पृथ्वी के कोर की तरह लौह और निकल से बना है।पिछले सप्ताह नासा ने साइकी के अध्ययन के लिए एक अंतरिक्ष यान प्रक्षेपित किया था। यह मिशन उन सुरागों के बारे में जानकारी जुटाने के लिए छह साल में 3.6 अरब किलोमीटर की यात्रा करेगा, जिन्हें लेकर मेरे जैसे पृथ्वी वैज्ञानिकों को हमारी अपनी दुनिया के दुर्गम आंतरिक भाग के बारे में जानकारी के लिए कौतूहल होता है।प्राकृतिक प्रयोगशालाएँसाइकी जैसे एम-प्रकार के क्षुद्रग्रहों को सौर मंडल के प्रारंभिक वर्षों में नष्ट हुए ग्रहों के अवशेष माना जाता है। इन क्षुद्रग्रहों में, भारी तत्व (जैसे धातु) केंद्र की ओर आ गए और हल्के तत्व बाहरी परतों की ओर गए। फिर, अन्य वस्तुओं के साथ घर्षण के कारण, बाहरी परतें फट गईं और धातु-समृद्ध कोर को पीछे छोड़ते हुए अधिकतर सामग्री अंतरिक्ष में निकल गई।

# नक्सलवाद को बढ़ावा दे रही कांग्रेस : शाह

● **कहा, भाजपा सत्ता में आई तो छत्तीसगढ़ उससे मुक्त हो जाएगा**

**भाषा।** गदलपुर, कोंडागांव

**केंद्रीय गृहमंत्री** अमित शाह ने छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के नेतृत्व वाली भूपेश बघेल सरकार पर नक्सलवाद को बढ़ावा देने का आरोप लगाया और बस्तर की जनता से वादा किया राज्य में भाजपा की सरकार बनने पर छत्तीसगढ़ को नक्सल समस्या से मुक्त कर दिया जाएगा। शाह ने यह भी कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार के नौ साल के शासन में नक्सली हिंसा की घटनाओं में 52 प्रतिशत की कमी आई है।उन्होंने छत्तीसगढ़ के जगदलपुर शहर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए राज्य सरकार पर वादाखिलाफी करने और बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार करने का भी आरोप लगाया।उन्होंने कहा कि यदि कांग्रेस छत्तीसगढ़ में सत्ता में वापस आती है, तो राज्य के विकास के लिए केंद्र से भेजा गया पैसा कांग्रेस के एटीएम के माध्यम से दिल्ली भेज दिया जाएगा।छत्तीसगढ़ में विधानसभा की 90 सीट के लिए दो चरणों में सात और 17 नवंबर को मतदान होंगे। वोटों की गिनती तीन दिसंबर को होगी।शाह ने कहा कि छत्तीसगढ़ के लोग तीन बार दिवाली मनाएंगे, पहली बार त्योहार के दिन, दूसरी बार जब तीन दिसंबर को भाजपा सत्ता में आएगी और तीसरी बार जब जनवरी में अयोध्या में श्रीराम मंदिर का निर्माण पूरा हो जाएगा, क्योंकि छत्तीसगढ़ भगवान राम का ननिहाल (भगवान राम की माता कौशल्या का मायका) है।ए रैलियां बस्तर जिले के तीन निर्वाचन क्षेत्रों तथा कोंडागांव जिले के दो निर्वाचन क्षेत्रों में भाजपा उम्मीदवारों के नामांकन दाखिल करने से पहले बस्तर जिले के मुख्यालय जगदलपुर और कोंडागांव शहरों में आयोजित की गई थीं।केंद्रीय गृह मंत्री ने जगदलपुर में कहा, बस्तर क्षेत्र एक जमाने में धुर नक्सली क्षेत्र माना जाता था। आज भी छत्तीसगढ़ में कुछ समस्याएं हैं। मैं आपको कहने आया हूं कि एक बार फिर से कमल फूल खिलाइए यानी भाजपा की सरकार बनाइए, पूरे छत्तीसगढ़ को हम नक्सल समस्या से मुक्त कर देंगे। शाह ने कहा, मोदी सरकार के नौ वर्षों में (नक्सल) हिंसा की घटनाओं में 52 प्रतिशत, मौतों (माओवादी हिंसा में) में 70 प्रतिशत, नागरिकों की मौत में 68 प्रतिशत और नक्सल प्रभावित जिलों में 62 प्रतिशत की गिरावट आई है। भाजपा नेता ने कहा कि यदि नक्सली हिंसा होती है और पुलिस के जवान की मृत्यु होती है तब आदिवासी की मृत्यु होती है और यदि नक्सली मरता है तब आदिवासी की मृत्यु होती है तथा आम नागरिक की मृत्यु होती है तब भी आदिवासी की मृत्यु होती है।उन्होंने कहा कि भाजपा के 15 वर्ष के शासन के दौरान रमन सिंह सरकार ने राज्य का विकास किया और पिछले नौ वर्ष के शासनकाल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार देश को विकास के रास्ते में आगे लेकर जा रही है। शाह ने कहा, (प्रधानमंत्री) मोदी जी ने देश भर में आदिवासियों के हित में और आदिवासियों के विकास के लिए बहुत काम किया है। मोदी सरकार ने उनके जल, जंगल, जमीन की रक्षा के अलावा उन्हें सुरक्षा और सम्मान प्रदान करने के लिए काम किया है। केंद्रीय मंत्री ने जनता से कहा, भाइयो- बहनो। आपके सामने दो विकल्प हैं। एक ओर नक्सलवाद को बढ़ावा देने वाली कांग्रेस सरकार और दूसरी ओर नक्सलवाद को समाप्त करने वाली भारतीय जनता पार्टी की सरकार है। एक ओर करोड़ों गरीबों को गैस, शौचालय, पानी, स्वास्थ्य, अनाज और घर देने वाली भारतीय जनता पार्टी की सरकार है। दूसरी ओर करोड़ों रुपए भ्रष्टाचार कर दिल्ली दरबार में भेजने वाली कांग्रेस पार्टी है। शाह ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर निशाना साधते हुए कहा कि पांच साल में भूपेश बाबू ने क्या किया। उन्होंने आरोप लगाया कि बघेल ने छत्तीसगढ़ को कांग्रेस का एटीएम बना दिया है।



# सीबीआई की साइबर अपराधियों के खिलाफ 76 स्थानों पर छापेमारी

● **ऑपरेशन चक्र-2**

**भाषा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय** अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने साइबर अपराध के जरिए वित्तीय धोखाधड़ी के पांच अलग-अलग मामले दर्ज करने के बाद ऑपरेशन चक्र-2 के तहत देशभर में 76 ठिकानों पर छापे मारे हैं। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि इनमें से एक मामला क्रिप्टोकरेंसी धोखाधड़ी के जरिए भारतीय नागरिकों के 100 करोड़ रुपए गबन करने के रैकेट से संबंधित है। सीबीआई प्रवक्ता ने कहा, फर्जी क्रिप्टो माइनिंग ऑपरेशन की आड़ में इस दुस्साहसिक योजना ने भारतीय नागरिकों को निशाना बनाया, जिसके परिणामस्वरूप भारतीयों को 100 करोड़ रुपए से अधिक का नुकसान हुआ। प्रवक्ता ने कहा, इन मामलों में, आरोपियों ने खुद को एक ऑनलाइन प्रौद्योगिकी-संचालित ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म और एक बहुराष्ट्रीय निगम के वैश्विक आईटी प्रमुख के रूप में पेश किया। आरोपी...पांच राज्योंकेंद्रशासित प्रदेशों से काम करते हुए, तकनीकी सहायता प्रतिनिधियों के रूप में विदेशी नागरिकों को व्यवस्थित तरीके से शिकार बनाते थे। अधिकारियों ने बताया कि यह मामला वित्तीय खुफिया इकाई (एफआईयू) की ओर से उपलब्ध कराई गई महत्वपूर्ण जानकारियों के आधार पर दर्ज किया गया था। अधिकारियों के अनुसार, अमेज़ॅन और माइक्रोसॉफ्ट की इस शिकायत पर दो मामले दर्ज किए गए थे कि आरोपी कॉल सेंटर चलाते थे और विदेशी नागरिकों को निशाना बनाने के लिए कंपनियों के तकनीकी सहयोगी के रूप में पेश होते थे। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत सीबीआई ने नौ कॉल सेंटर की तलाशी ली। एजेंसी ने (छापेमारी) अभियान जारी रहने के कारण दो अन्य मामलों का ब्योरा साझा नहीं किया है। अधिकारियों ने कहा कि सीबीआई ने एफआईयू, एफबीआई, इंटरपोल और अन्य अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों की ओर से प्राप्त सूचनाओं के आधार पर कार्वाई की है। इन मामलों में अन्य सुराग हासिल करने के लिए सीबीआई अमेरिका की संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई), इंटरपोल के साइबर अपराध निदेशालय एवं आईएफसीएससी, ब्रिटेन की राष्ट्रीय अपराध एजेंसी (एनसीए), सिंगापुर पुलिस और जर्मनी की बीकेए के साथ मिलकर काम कर रही है। अधिकारियों ने कहा कि उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, कर्नाटक, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, केरल, तमिलनाडु, पंजाब, दिल्ली और पश्चिम बंगाल में विभिन्न ठिकानों पर छापेमारी की गई है। प्रवक्ता ने बताया, ऑपरेशन चक्र-2 के तहत 32 मोबाइल फोन, 48 लैपटॉपाहार्ड डिस्क, दो सर्वर की तस्वीरें, 33 सिम कार्ड और पेन ड्राइव जब्त किए गए हैं। सीबीआई ने 15 उन ईमेल खातों को भी जब्त कर लिया है।

## क्विक न्यूज

### क्रिप्टोकरेंसी धोखाधड़ी के झांसे में फंसे हिमाचल प्रदेश के 1000 पुलिसकर्मी

**शिमला।** हिमाचल के मंडी जिले में जालसाजों द्वारा बनाई गई फर्जी स्थानीय क्रिप्टोकरेंसी के झांसे में एक हजार से अधिक पुलिसकर्मी आ गए। यह जानकारी एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को दी।घोटाले की जांच के लिए गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) के जांचकर्ताओं के अनुसार, फर्जी क्रिप्टोकरेंसी में निवेश करने वाले अधिकांश पुलिस कर्मियो को करोड़ों रुपए का चूना लगा, लेकिन उनमें से कुछ ने भारी लाभ भी कमाया, योजना के प्रवर्तक बन गए और इसके साथ अन्य निवेशकों को जोड़ा। पुलिस के अनुसार, क्रिप्टोकरेंसी धोखाधड़ी में जालसाजो ने कम से कम एक लाख लोगो को धोखा दिया है और 2.5 लाख आईडी (पहचानपत्र) पाए गए हैं, जिनमें एक ही व्यक्ति की कई आईडी शामिल है।निवेशकों को आकर्षित करने के लिए, घोटालेबाजों ने दो क्रिप्टोकरेंसी - कोरवियो कॉइन (या केआरओ) और डीजीटी कॉइन पेश किए थे और इन डिजिटल मुद्राओं की कीमतों में हेरफेर के साथ फर्जी वेबसाइट बनाई।इन लोगों ने शुरुआती निवेशकों को कम समय में उच्च रिटर्न का वादा करके लुभाया। उन्होंने निवेशकों का एक नेटवर्क भी बनाया, जिन्होंने अपने-अपने दायरे में श्रृंखला का और विस्तार किया। जल्दी रिटर्न के चक्कर में पुलिसकर्मी, शिक्षक व अन्य लोग योजना में शामिल हो गए।हालाँकि इसमें शामिल अधिकांश पुलिस कर्मियो को नुकसान उठाना पड़ा, लेकिन उनके द्वारा योजना के प्रचार से निवेशकों के बीच विश्वास उत्पन्न हुआ और निवेश योजना को विश्वसनीयता मिली।पुलिस के एक अधिकारी ने नाम गुप्त रखने की शर्त पर बृहस्पतिवार को पीटीआई-भाषा को बताया कि क्रिप्टोकरेंसी योजना में शामिल कुछ पुलिसकर्मियों ने स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति योजना (वीआरएस) का विकल्प चुना और इसके प्रवर्तक बन गए।पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) संजय कुंडू ने कहा, हम गलत कृत्य करने वाले सभी को पकड़ेंगे, जांच व्यवस्थित और योजनाबद्ध तरीके से आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि घोटाले में शामिल सभी लोगों से कानून के मुताबिक सख्ती से निपटा जाएगा।क्रिप्टोकरेंसी वित्तीय लेनदेन का एक जरिया होता है। यह रुपए या डॉलर की तरह ही होता है लेकिन अंतर सिर्फ इतना है कि यह डिजिटल होता है, इसलिए इसे डिजिटल मुद्रा भी कहते है। इसका पूरा कारोबार ऑनलाइन माध्यम से ही होता है। एक ओर जहां किसी भी देश की मुद्रा के लेनदेन के बीच एक मध्यस्थ होता है, भारत में भारतीय रिजर्व बैंक, लेकिन क्रिप्टोकरेंसी के कारोबार में कोई मध्यस्थ नही होता और इसे एक नेटवर्क द्वारा ऑनलाइन संचालित किया जाता है। यह घोटाला 2018 में शुरू हुआ था, जिसमें अधिकांश पीड़ित मंडी, हमीरपुर और कांगड़ा जिलों से थे। कुछ मामलों में, एक अकेले व्यक्ति ने 1,000 लोगों को इसके साथ जोड़ा था।

### अर्बन कोऑपरेटिव बैंक फेडरेशन की एजीएम आयोजित

**नई दिल्ली।** उत्तर भारत शहरी सहकारी बैंक फेडरेशन लिमिटेड द्वारा 29 सितंबर, 2023 को वार्षिक आम बैठक (एजीएम) का आयोजन किया गया, जो सहकारी बैंकों के लिए बेहद महत्वपूर्ण अवसर था। इस महत्वपूर्ण आयोजन में उपस्थित गणमान्य अतिथियों में उत्तर भारत अर्बन कोऑपरेटिव बैंक फेडरेशन लिमिटेड के सीईओ, अनुराग श्रीवास्तव के साथ-साथ फ़िडिपे के उत्कृष्ट वक्ता, समीप बोरकर और प्रह्लाद कुमार शामिल थे। यह आयोजन वित्तीय क्षेत्र में मौजूदा ट्रेंड के अनुरूप था, जिसमें सहकारी बैंकों की लगातार बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए इस इंडस्ट्री द्वारा डिजिटल-फर्स्ट रणनीति की दिशा में किया जा रहे बदलावों को उजागर किया गया। यह उत्तर भारत अर्बन कोऑपरेटिव बैंक फेडरेशन लिमिटेड के लिए डिजिटल तकनीक का उपयोग करने की दिशा में उठाया गया कदम है, जो फाइनेंशियल इंडस्ट्री को बड़े पैमाने पर डिजिटल बनाने के ट्रेंड के अनुरूप है। इस बार की वार्षिक आम बैठक फिडीपे पर केंद्रित थी, जो अत्याधुनिक डिजिटल पेमेंट सॉल्यूशंस उपलब्ध कराता है और इसने सहकारी बैंकों के भीतर भुगतान स्वीकार करने के तरीके में बड़े पैमाने पर बदलाव लाया है। फ़िडीपे ने भुगतान स्वीकार करने के लिए ऐसे समाधान पेश किए हैं, जिनसे सहकारी बैंकों को काफी लाभ होगा और इन संस्थानों के डिजिटल विकास में सहायता मिलेगी।

### किरण क्लॉदिंग ने की साझेदारी

**नई दिल्ली।** किरण क्लॉदिंग लिमिटेड -केकेसीएल हाउस से पुरुषों के अग्रणी कैजुअल फैशन ब्रांड, इंटीग्रिटी ने बहुप्रतीक्षित फिल्म गणपत के साथ रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की है। इस फिल्म में टाइगर श्रॉफ प्रमुख भूमिका निभा रहे हैं। त्योहारों के आगामी मौसम को देखते हुए, यह दिलचस्प साझेदारी ब्रांड के लिए एक महत्वपूर्ण प्रभाव डालेगी। इस तरहए इंटीग्रिटी का बाजार में अपनी ज्यादा से ज्यादा हिस्सेदारी हासिल करने का लक्ष्य है। इस फिल्म के साथ इंटीग्रिटी की साझेदारी के बाद यह ब्रांड फिल्म की रोचक कहानी में प्रमुखता से दिखाई देगा। करिश्माई अंदाज वाले नायक टाइगर श्रॉफ इस धमाकेदार गाने में अपना सिग्नेचर डांस मूव करते नजर आएंग जिसके बैकग्राउंड में होगा इंटीग्रिटी का जाना-पहचाना लोगो। इंटीग्रिटी और गणपत के बीच की यह जुगलबंदी, स्टाइल और लय का एक उदाहरण पेश कर रहा हैए जो निश्चित रूप से दर्शकों के लिए लुभावना अनुभव होने वाला है। इस मौके पर अपनी बात रखते हुएए विकास जैन डायरेक्टर केवल किरण क्लॉदिंग लिमिटेड का कहना है कि श्गणपत के साथ जुड़कर बेहद खुशी का अनुभव हो रहा है। यह फिल्म एनर्जी और इंटीग्रिटी की भावना से भरपूर है। यह साझेदारी आज के युवाओं की अलग लाइफस्टाइल के अनुरूप फैशन की जरूरतों को पूरा करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। गणपत के साथ इंटीग्रिटी की साझेदारी सिर्फ फैशन की दुनिया में इसकी मौजूदगी का एहसास नहीं कराती, बल्कि हमारे विविध ग्राहकों की अलग-अलग पसंद के साथ हमारे तालमेल को भी दर्शाती है। गणपत जैसे सिनेमाई सनसनी के साथ जुड़ते हुएए जोकि इस त्योहारी मौसम में बॉक्स ऑफिस पर राज करने को तैयार हैए इंटीग्रिटीए दर्शकों के दिलोदिमाग पर एक अमिट छाप छोड़ना चाहता है। एक्शनड्रामा फिल्म है जिसे वासु भगवनानी और पूजा एंटरटेनमेन्ट द्वारा प्रस्तुत किया गया है। इसे निर्देशित किया है जानमाने डायरेक्टर विकास बहल ने। टाइगर श्रॉफकृति सेनन और अमिताभ बच्चन जैसे बेहतरीन कलाकार प्रमुख भूमिकाओं मे हैं। 20 अक्टूबर 2023 को रिलीज के लिए तैयार है।

### कांग्रेस आदिवासियों की सबसे बड़ी दुश्मनः चौहान

**मंडला।** कांग्रेस को आदिवासियों का दुश्मन करार देते हुए मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने समुदाय के लोगों को जूते दिए जाने की राज्य सरकार की योजना पर सवाल उठाने लिए बृहस्पतिवार को पार्टी के नेता प्रियंका गांधी वाड्रा की आलोचना की। मुख्यमंत्री यहां मानिकसरा गांव में एक रैली को संबोधित कर रहे थे। भारतीय जनता पार्टी ने मंडला की निवास सीट से केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते को मैदान में उतारा है। चौहान ने आरोप लगाया, कांग्रेस ने हमेशा गरीबो और आदिवासियो का शोषण किया है। अगर किसी ने आदिवासियो के साथ अन्याय किया है, तो वह कांग्रेस है, जो उनकी सबसे बड़ी दुश्मन है और उसने कभी उनका सम्मान नही किया। उन्होंने कहा, हाल ही में, प्रियंका गांधी ने कहा कि मामा (चौहान) आदिवासियो को चप्पल और जूते पहना रहे है। हां, मै ऐसा करना जारी रखूंगी। अगर किसी आदिवासी के पैर में कांटा चुभता है, तो वह मेरे दिल में भी चुभता है। चौहान ने कहा कि उनकी सरकार ने आदिवासियों को जूते, पानी की बोतलें और 200 रुपए का छाता दिया है। उन्होने कहा कि भाजपा सरकार ऐसे कदम उठाना जारी रखेगी। विपक्षी दल पर हमला बोलते हुए, चौहान ने कहा, कांग्रेस नेता दावा कर रहे है कि मै लाडली बहना योजना के लाभार्थियों के खातो में चुपचाप पैसा जमा करूंगा। उन्होंने इसके बारे में चुनाव आयोग से भी शिकायत की है। गुप्त रूप से क्यों, मै इसे खुले तौर पर करूंगा। उन्होंने कहा, वर्तमान में (योजना के तहत) 1.32 करोड़ से अधिक महिलाओं को 1,250 रुपए प्रति माह मिल रहे हैं, लेकिन कांग्रेस खुश नही है। हमारी योजना इस राशि को 3,000 रुपए प्रति माह तक ले जाने की है। चौहान ने लोगो को कांग्रेस के जाल मे फंसने के प्रति आगाह किया।

# राहुल का अहंकार अमेठी में हार का कारण बना : स्मृति



**भाषा।** कोच्चि

**केंद्रीय मंत्री** स्मृति ईरानी ने बृहस्पतिवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि वह अपनी पार्टी के राजनीतिक गुरु हैं और इसी अहंकार के कारण अमेठी में उनकी हार हुई। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री ईरानी ने कहा कि आज राष्ट्रीय मोर्चे पर विपक्षी दलों का जो गठबंधन है, उसने 2019 में अमेठी में चुनाव लड़ा था और तब भी उन्होंने राहुल गांधी को हराया था। मंत्री यहां मलयालम मनोरमा समूह द्वारा आयोजित मनोरमा न्यूज कॉन्क्लेव, 2023 के दौरान दर्शकों के एक सवाल का जवाब दे रही थीं। ईरानी से पूछा गया था कि भाजपा केरल में एक भी सीट क्यों नहीं जीत पाई और क्या वह इसकी भरपाई करने के लिए गांधी के खिलाफ (केरल में) मुकाबला करेंगी। ईरानी ने कहा, राहुल गांधी कांग्रेस पार्टी के राजनीतिक गुरु हैं और मैं भाजपा की राजनीतिक कार्यकर्ता हूं। राजनीतिक गुरु और कार्यकर्ता होने के बीच बहुत बड़ा राजनीतिक अंतर है। उन्होंने दावा किया, मुझे लगता है कि यह वही अहंकार है, जिसके चलते कांग्रेस पार्टी, यहां तक कि अमेठी लोकसभा क्षेत्र के पांच विधानसभा क्षेत्रों में से चार में जमानत भी नहीं बचा पाई। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस उत्तर प्रदेश के अमेठी में अकेले चुनाव नहीं लड़ी थी। उन्होंने कहा, वे समाजवादी पार्टी और बसपा के समर्थन से लड़े, इसलिए आज आप राष्ट्रीय मोर्चे पर जो गठबंधन देख रहे हैं, यह वही गठबंधन है, जिसके खिलाफ मैंने 2019 में अमेठी में चुनाव लड़ा था। ईरानी ने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को हराने के उद्देश्य से सभी विपक्षी दलों का एक साथ आना इस बात का सबसे बड़ा संकेत है कि वह (मोदी) तीसरे कार्यकाल के लिए फिर से चुने जाएंगे।

### अगले सप्ताह तक 5,000 शिशु गृहों की शुरुआत करेगी केंद्र सरकारः स्मृति ईरानी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने बृहस्पतिवार को कहा कि सरकार अगले सप्ताह तक शहरों के केंद्रीय इलाकों में 5,000 शिशु गृहों की शुरुआत करेगी।भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, स्मृति ईरानी ने कंपनियों से ऐसा प्रतिस्पर्धी अवसर प्रदान करने का भी आग्रह किया जो लड़कियों और महिलाओं के लिए अपना घर छोड़ने तथा अपने गृहनगर से दूर रोजगार हासिल करने के लिए आर्थिक रूप से सार्थक हो।ईरानी ने बताया कि सरकार अगले सप्ताह तक शहर के केंद्रों में 5,000 शिशु गृहों की शुरुआत करेगी। ईरानी ने सीआईआई राष्ट्रीय परिषद की बैठक में सीआईआई सेंटर फॉर वूमेन लीडरशिप की शुरुआत की और कहा कि उद्योग जगत के नेतृत्व को विधाई प्रयासों का समर्थन करने की जरूरत है।

# राकांपा नेता खडसे, उनकी पुत्रवधू पर बिना अनुमति मिट्टी की कथित खुदाई के लिए 137 करोड़ का जुर्माना

**भाषा।** मुंबई

**महाराष्ट्र** के जलगांव जिले में प्रशासन ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता एवं महाराष्ट्र विधान परिषद के सदस्य एकनाथ खडसे और भाजपा से लोकसभा सदस्य उनकी पुत्रवधू रक्षा खडसे को संबंधित विभाग की अनुमति के बिना अपनी जमीन से मिट्टी की कथित खुदाई के लिए 137 करोड़ रुपए का जुर्माना देने का निर्देश दिया है। जलगांव के मुक्ताईनगर तालुका के तहसीलदार ने उन्हें छह अक्टूबर को नोटिस जारी किया था।

नोटिस में कहा गया है कि खुदाई के लिए अधिकारियों से अनुमति नहीं ली गई थी। इसमें कहा गया है कि जिस जमीन पर खुदाई की गई वह एकनाथ खडसे, उनकी पत्नी मंदाकिनी खडसे, बेटी रोहिणी खडसे और पुत्रवधू रक्षा खडसे की है। इसमें कहा गया है कि नोटिस जारी होने की तारीख से 15 दिन के भीतर 137,14,81,883 रुपए की जुर्माना राशि का भुगतान किया जाना चाहिए।लगभग चार दशक तक भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ रहे एकनाथ खडसे ने पार्टी छोड़ दी थी और 2020 में शरद पवार के नेतृत्व वाली राकांपा में शामिल हो गए थे। एकनाथ खडसे वर्तमान में महाराष्ट्र विधान परिषद के सदस्य हैं। उनकी पुत्रवधू रक्षा खडसे लोकसभा में भाजपा की सदस्य हैं।

### एयरटेल- एरिक्सन ने रेडकैप तकनीक का किया परीक्षण

**मुंबई।** भारत के प्रमुख कम्युनिकेशन सॉल्यूशन प्रोवाइडर भारती एयरटेल और एरिक्सन ने एयरटेल 5जी नेटवर्क पर एरिक्सन के प्री.कमर्शियल रिड्यूस्ड कैपेबिलिटी रेडकैपसॉफ्टवेयर के सफलतापूर्वक परीक्षण किए जाने की घोषणा की है। क्वालकॉम टेक्नोलॉजीज इंक् के साथ इसके 5जी रेडकैप टेस्ट मॉड्यूल का उपयोग करके 5जी टीडीडी नेटवर्क पर किया गया परीक्षण भारत में रेडकैप के पहले कार्यान्वयन और सत्यापन की पुष्टि करता है। एरिक्सन रेडकैप एक नया रेडियो एक्सेस नेटवर्क ;आरएएनद्ध सॉफ़्टवेयर सॉल्यूशन है जो नए 5जी उपयोग के मामलों को सक्षम बनाता है। यह स्मार्टवॉच, अन्य पहनने योग्य उपकरणों, औद्योगिक सेंसर और एआर, वीआर जैसे उपकरणों को 5जी कनेक्शन से जोड़ा जा सकता है। भारती एयरटेल के सीटीओ रणदीप सेखों कहते हैं कि एयरटेल में हम ग्राहक अनुभव को बढ़ाने के तरीके खोजने के लिए लगातार अपनी तकनीकी नवाचारों की सीमाओं को आगे बढ़ा रहे हैं। हमारे नेटवर्क पर रेडकैप तकनीक के सफल परीक्षण से स्मार्टवॉच और औद्योगिक सेंसर जैसे उपकरणों के लिए भविष्य के ब्रॉडबैंड को अपनाना आसान हो जाएगा। यह लागत और ऊर्जा की खपत दोनों में कमी लाएगा। रेडकैप की व्यापक योजनाए उपभोक्ताओं उद्योगों और उद्यमों के लिए नए एप्लीकेशन लाने के लिए हमारे इनोवेशन के एजेंडे को आगे बढ़ाएगी।

# राज्यों को कौशल विकास कार्यक्रमों का दायरा बढ़ाना होगाः प्रधानमंत्री

**मुंबई( भाषा )।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि राज्य सरकारों को युवाओं के लिए कौशल विकास कार्यक्रमों का दायरा बढ़ाना होगा जिससे वे देश को आत्मनिर्भर बनाने में सहयोग करेंगे। महाराष्ट्र में 511 प्रमोद महाजन ग्रामीण कौशल्य विकास केंद्रों का उद्घाटन वीडियो लिंक के माध्यम से करने के बाद मोदी ने कहा कि राज्य सरकारों को इस तरह से कौशल विकास कार्यक्रम तैयार करने चाहिए कि वे देश के विकास में मदद करें। एक सरकारी वक्तव्य के अनुसार पूर्व केंद्रीय मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता रहे दिवंगत प्रमोद महाजन के नाम पर इन ग्रामीण कौशल्य विकास केंद्रों की स्थापना महाराष्ट्र के 34 ग्रामीण जिलों में की जा रही है।

प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि हमें पता लगाना चाहिए कि किन क्षेत्रों में कौशल विकास से देश को मजबूती मिलेगी। मोदी ने कहा, समय की जरूरत है कि विनिर्माण क्षेत्र में ऐसे उत्पाद बनाए जाएं जिनमें कोई भी खराबी नहीं हो, सरकारों को सेवा क्षेत्र, ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था और आधुनिक प्रौद्योगिकी में भी नए कौशल पर ध्यान देने की जरूरत है। प्रधानमंत्री ने कहा कि विनिर्माण क्षेत्र में कौशल विकास पर ध्यान दिया जाना चाहिए जिससे देश को आत्मनिर्भर बनने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि पहले की सरकारों ने युवाओं के कौशल विकास के बारे में कोई दृष्टिकोण पेश नहीं किया या गंभीरता नहीं दिखाई। उन्होंने कहा, यही कारण है कि औद्योगिक क्षेत्र में युवाओं की मांग और उनमें प्रतिभा होने के बावजूद युवाओं को इसकी कीमत चुकानी पड़ी।

मोदी ने कहा कि उनके कार्यकाल में अलग कौशल विकास मंत्रालय बनाया गया और 1.30 करोड़ युवाओं को कौशल विकास कार्यक्रमों से लाभ मिला। उन्होंने कहा, आदिवासी, गरीब, दलित और पिछड़े वर्गों के युवा सच्चे लाभार्थी रहे। उन्होंने कहा कि स्वयं-सहायता समूहों के माध्यम से देश में तीन करोड़ से अधिक महिलाओं को कौशल प्रशिक्षण मिला है। मोदी ने कहा कि कृषि क्षेत्र को भी प्राकृतिक कृषि, प्रसंस्करण, मूल्य संवर्द्धन, कृषि उत्पादों की पैकेजिंग और ब्रांडिंग के लिए नए कौशल की जरूरत है। उन्होंने कहा कि निर्माण, स्वास्थ्य, पर्यटन, सत्कार, शिक्षा और परिवहन जैसे क्षेत्रों में दुनियाभर में कुशल युवाओं की बहुत मांग है। मोदी ने कहा, दुनिया में 16 देश हैं जो 40 लाख कुशल युवाओं की भर्ती करना चाहते हैं। भारत अपने युवाओं को न केवल देश के लिए बल्कि अन्य देशों के लिए भी प्रशिक्षण दे रहा है। दुनियाभर में कुशल युवाओं की बहुत मांग है। प्रधानमंत्री ने सामाजिक न्याय को मजबूत करने में भी कौशल विकास योजनाओं की भूमिका को रेखांकित किया और डॉ बी आर आंबेडकर के इस सिद्धांत का उल्लेख किया कि औद्योगिकीकरण से दलितों, पिछड़े वर्गों और आदिवासियों के उत्थान में मदद मिलती है। महिला शिक्षा में 19वीं सदी की समाज सुधारक सावित्रीबाई फुले के योगदान को याद करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि ज्ञान और कौशल वाले लोग ही समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं।

### त्योहारों के आते ही बाजारों में रौनक

**बेंगलुरु।** जैसे हम अब मौसमी त्योहारों की तरफ बढ़ रहे हैंए अमेज़न डॉट इन दशहरा डिलाइट्स के साथ त्योहार की जरूरी चीज़ेंए भारतीय मिठाई और स्नैक्स, ड्राई फ्रूट्स, होम डेकोर,कॉस्मेटिक्स, इलेक्ट्रॉनिक्स, स्मार्टफोन, एक्सेसरीज, बड़े एप्लायंसेस,फैशन और ब्यूटी के एसेंशियल्स और बहुत कुछ से लेकर खास तरीके से बनाए गए उत्पादों की एक विविध रेंज लेकर आया है। अमेज़न डॉट इन पर दशहरा डिलाइट्स एक ऐसा त्योहारी सीज़न है जो ग्राहकों के लिए मौसमी अवसरों का अनुभव करने के लिए मूल्य पूर्ण ऑफर्स और डील्स का एक स्टॉप.डेस्टिनेशन है। यह विभिन्न प्रकार के उत्पादों और लोकप्रिय ब्रांडों की एक विस्तृत श्रृंखला तक पहुंच की सुविधा प्रदान करता है, जैसे कि फिलिप्स एसैमसंग, मेबीलाइन एलॉरेल एटाइटन एफ्रॉसिल एमिनिमलिस्ट। एसर एसोनी एजे बी एल एसैमसंग टीवी , अमेज़न ईको, और बहुत कुछ। वे स्मार्टफोन, उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स, फैशन, ब्यूटी एसेंशियल्स, घर,रसोई, बड़े एप्लायंसेस टीवी, और भी कई श्रेणियों के तहत सहेली, कारीगर, बुनकरों, ब्रांड्सए और स्थानीय पड़ोस के दुकानदारों के सामान की खरीदारी कर सकते हैं।

# देवेगौड़ा ने भाजपा के साथ गठबंधन का विरोध करने वाले करीबी सहयोगी को हटाया

**भाषा।** बेंगलुरु



**पूर्व प्रधानमंत्री** एवं जनता दल (सेक्युलर) (जद-एस) के प्रमुख एच. डी. देवेगौड़ा ने भारतीय जनता पार्टी के साथ गठबंधन का विरोध कर बगावत का बिगुल बजाने वाले और पार्टी की कर्नाटक इकाई के अध्यक्ष एवं अपने करीबी सहयोगी सी. एम. इब्राहिम को बृहस्पतिवार को पद से हटा दिया। इब्राहिम ने 2024 लोकसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ पार्टी के गठबंधन का विरोध किया था और बगावत पर उतर आए थे। देवेगौड़ा ने राज्य कार्य समिति को भंग कर दिया और अपने बेटे एवं पूर्व मुख्यमंत्री एच. डी. कुमारस्वामी को इसका तदर्थ अध्यक्ष नियुक्त किया। कर्नाटक के दो बार के मुख्यमंत्री रहे कुमारस्वामी पार्टी के विधायक दल के नेता भी हैं। इब्राहिम ने अपनी बर्खास्तगी पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की और इसे कानूनी रूप से चुनौती देने की चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि वह लोगों तक पहुंचकर इस संबंध में अपना पक्ष रखेंगे। उन्होंने देवेगौड़ा के फैसले को विनाश काले विपरीत बुद्धि करार दिया। देवेगौड़ा ने संवाददाता सम्मेलन में कहा, इब्राहिम को पार्टी संविधान के अनुसार हटा दिया गया है। मैंने उन्हें हटा दिया है और एच. डी. कुमारस्वामी को नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। आगामी लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा के साथ जाने के पार्टी के फैसले के खिलाफ इब्राहिम के बगावत करने के बाद देवेगौड़ा का यह आदेश सामने आया है। इस संबंध में इब्राहिम ने 16 अक्टूबर को जद (एस) में समान विचारधारा वाले लोगों के साथ बैठक की थी और घोषणा की थी कि उनके नेतृत्व वाली पार्टी वास्तविक पार्टी है। उन्होंने एक कोर कमेटी के गठन की भी घोषणा की थी जो पार्टी प्रमुख को एक ज्ञापन सौंपेगी कि जद (एस) को भाजपा के साथ नहीं जाना चाहिए। पूर्व प्रधानमंत्री देवेगौड़ा ने दावा किया कि जद (एस) की तमिलनाडु, महाराष्ट्र और केरल समेत सभी राज्य इकाइयों ने भाजपा के साथ गठबंधन पर सहमति दे दी है। उन्होंने कहा, केरल में हम सरकार का हिस्सा हैं और हमारा विधायक वहां मंत्री हैं। इन इकाइयों ने उस स्थिति को समझा जिसके कारण हमें भाजपा के साथ जाना पड़ा और हमारे कदम का समर्थन किया। केरल में वामपंथी पार्टी की सरकार में हमारे मंत्री (के. कृष्णनकुट्टी) ने हमें अपनी सहमति दे दी है। उन्होंने यह भी दावा किया कि जद (एस) के कई मुस्लिम नेताओं ने भी भाजपा के साथ जाने के पार्टी के फैसले का समर्थन किया है।लेकिन इब्राहिम ने कहा कि पार्टी कार्य समिति को भंग नहीं किया जा सकता।पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा, मैं कानूनी लड़ाई लड़ने के साथ-साथ इस लड़ाई को जनता की अदालत में भी ले जाऊंगा। पूरे कर्नाटक में जद (एस) की कार्यप्रणाली को उजागर करने के लिए बैठकें आयोजित करने की चेतावनी देते हुए इब्राहिम ने कहा कि गौड़ा ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि जद (एस) एक पारिवारिक दल है।

# मुख्यमंत्री पद मुझे छोड़ नहीं रहा और शायद छोड़े भी नहीं: गहलोत

**भाषा।** नई दिल्ली



**राजस्थान** विधानसभा चुनाव से कुछ हफ्ते पहले मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह मुख्यमंत्री पद छोड़ना चाहते हैं, लेकिन यह पद उन्हें छोड़ नहीं रहा है और शायद छोड़ेगा भी नहीं। इसके साथ उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस अलाकमान का जो भी फैसला होगा, वह सबको स्वीकार होगा। गहलोत ने यहां कांग्रेस मुख्यालय में संवाददाताओं से बातचीत में यह भी कहा कि कांग्रेस आलाकमान और गांधी परिवार ने उन्हें तीन बार मुख्यमंत्री बनाकर उन पर इतना विश्वास किया है तो इसकी कोई तो वजह होगी। मुख्यमंत्री गहलोत ने पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट के साथ मतभेदों की पृष्ठभूमि में कहा कि उन्होंने भूलो और माफ करो की नीति पर अमल किया है। गहलोत ने यह भी कहा कि वर्ष 2020 में पायलट के साथ जिन विधायकों ने बगावत की थी उनमें लगभग सभी के टिकट तय हो गए हैं और उन्होंने किसी का विरोध नहीं किया है। पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में कथित उपेक्षा को लेकर गहलोत ने कहा कि उनकी वजह से वसुंधरा को सजा नहीं मिलनी चाहिए। यह पूछे जाने पर कि क्या कांग्रेस की जीत के बाद वह चौथी बार मुख्यमंत्री बनेंगे, तो गहलोत ने कहा,"राजस्थान में (सरकार की स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत) हार्ट ट्रांसप्लांट कराने वाली एक महिला ने मुझसे से कहा कि भगवान करे कि आप चौथी बार मुख्यमंत्री बनें। मैंने उनसे कहा कि मैं मुख्यमंत्री पद छोड़ना चाहता हूं और यह पद मुझे नहीं छोड़ रहा है...। इसके साथ ही उन्होंने कहा, कितने मुख्यमंत्रियों में यह कहने की हिम्मत है ...मैं कह रहा हूं कि पद मुझे नहीं छोड़ रहा है और शायद छोड़े भी नहीं। उनका कहना था, पद मुझे नहीं छोड़ रहा यह बात मजाक में कही है...मुझमें आलाकमान ने इतना विश्वास दिखाया है तो कुछ तो कारण होंगे।

